वर्ष 73 अंक 91 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 29 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जिन्हें हम प्रेम करते हैं, वे चीजें हमें बताती हैं कि हम कौन हैं।
-थॉमस एक्विनास

## ऑफ बीट

### मराठी नहीं बोली, तो घोंटा 6 साल की बेटी का गला



*महाराष्ट्र के नवी मुंबई के कलांबोली इलाके से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी छह साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी महिला बेटे की चाहत रखती थी और बच्ची के मराठी की बजाय हिंदी बोलने से नाराज रहती थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला ने इस हत्या को छिपाने के लिए शुरुआत में बच्ची की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने विशेष पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें सांस की नली में रुकावट के संकेत मिले। इसके बाद माता-पिता से गहन पूछताछ की गई। करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद महिला ने आखिरकार अपनी बेटी का गला घोंटने की बात कबूल कर ली। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी महिला का मानसिक इलाज भी चल रहा था।*

# सिंहस्थ की तैयारी: शटल सेवा के रूप में इंदौर और उज्जैन के बीच चलेगी 'नमो भारत ट्रेन', 160 किमी प्रति घंटा होगी रफ्तार, ट्रायल किया गया पूरा

**जागरण, इंदौर।** इंदौर से उज्जैन के बीच वंदे भारत मेट्रो शटल सेवा शुरू होगी। यह ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इससे इंदौर से उज्जैन का सफर मात्र 40 से 45 मिनट में पूरा होगा। इस वंदे भारत मेट्रो को 'नमो भारत ट्रेन' के नाम से भी जाना जाएगा। इसके लिए रेलवे मंत्रालय ने योजना बनाई है। इसके लिए नया ट्रैक बिछाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और यह ट्रेन मौजूदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ेगी। रेलवे ने इस मार्ग पर पहले ही 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैक का सफल ट्रायल पूरा कर लिया है।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि केंद्र सरकार ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सिंहस्थ में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल मंत्रालय व्यापक इंतजाम कर रहा है। रेल मंत्रालय इंदौर, उज्जैन एवं आसपास के स्टेशनों से 300 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा। इंदौर-उज्जैन रूट पर वंदे भारत मेट्रो शटल सेवा के रूप में संचालित होगी। यह एसी एवं नॉन-एसी कोच सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। सांसद लालवानी ने बताया कि वंदे भारत मेट्रो वर्तमान रेलवे ट्रैक पर ही चलेगी। आमतौर पर मेट्रो के लिए अलग ट्रैक की जरूरत होती है, लेकिन इस सेवा के लिए नया ट्रैक बिछाने की आवश्यकता नहीं होगी।



### 12 कोच वाली मेट्रो में सभी आधुनिक सुविधाएं

रेलवे सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो ट्रेन विश्वस्तरीय 12 कोच वाली होगी। इसके कोच विशेष रूप से डिजाइन किए जा रहे हैं, जिनमें मेट्रो जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पहली ट्रेन काशी में शुरू की जाएगी, इसके बाद इंदौर-उज्जैन रूट पर यह सुविधा मिलेगी। इंदौर में सिंहस्थ से पहले लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन को करीब 55 करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसमें 45 करोड़ से स्टेशन के विकास कार्य और 10 करोड़ से फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

### एक साथ 3,200 यात्री कर सकेंगे सफर

ट्रेन मात्र 5 सेकंड में 50 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार पकड़ने में सक्षम होगी। सिंहस्थ से पहले इंदौर-उज्जैन मार्ग पर संचालित होने वाली इस ट्रेन में 1150 से अधिक यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था होगी, जबकि दो हजार यात्री खड़े होकर भी सफर कर सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन को तेज गति के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। कुछ मार्गों पर इसकी अधिकतम डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है, जबकि परिचालन गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

# मोदी बोले- 'ऑपरेशन सिंदूर' गर्व का प्रतीक, 2025 की उपलब्धि

## उधर, फिर सामने आया पाक का दोमुंहापन- बाहर युद्ध की भाषा, भीतर असहमति का दमन

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर पर एक बार फिर पाकिस्तान का दोमुंहापन सामने आ गया है। पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने रविवार को परस्पर विरोधी और तनावपूर्ण भाषा में बयान दिए हैं। एक तरफ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री खुद स्वीकार कर रहे हैं कि भारत की सैन्य कार्रवाई ने उनके अहम एयरबेसों को नुकसान पहुंचाया। दूसरी तरफ राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी युद्ध के अनुभव को 'भारत के लिए सबक' बताकर दोबारा युद्ध के लिए तैयार रहने की धमकी दे रहे हैं। यही नहीं, पाकिस्तानी राजनीति और सेना के भीतर की दरारें भी सतह पर आ रही हैं। सेना प्रमुख आसिम मुनीर के आलोचक और पूर्व सैन्य अधिकारी आदिल रजा को आतंकवादी घोषित किया जाना इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान में असहमति और आलोचना को किस तरह दबाया जा रहा है।

इसी पृष्ठभूमि में भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय गौरव बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 129वें एपिसोड में 2025 की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि यह साल भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों से भरा रहा। साल के आखिरी एपिसोड में उन्होंने 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं और विकास के एजेंडे पर



भी बात की।प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा, 'दुनिया ने साफ देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता' उन्होंने कहा। 'वोकल फॉर लोकल' की भावना का जिक्र करते हुए पीएम ने बताया कि स्वदेशी उत्पादों को लेकर लोगों में उत्साह बढ़ा है।

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल, वैज्ञानिक नवाचार और वैश्विक मंचों, हर क्षेत्र में भारत का प्रभाव स्पष्ट दिखा। उन्होंने कहा, '2025 ने हमें ऐसे कई पल दिए, जिन पर हर भारतीय को गर्व हुआ। देश की सुरक्षा से लेकर खेल के मैदान तक और विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर दुनिया के बड़े मंचों तक भारत ने अपनी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### स्वीकारोक्ति: ऑपरेशन सिंदूर में 11 एयरबेस को नुकसान

पाकिस्तान ने फिर स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने उसके प्रमुख सैन्य ठिकाने नूरखान एयरबेस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया था। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने कहा कि भारत ने महज 36 घंटे में पाक की ओर 80 ड्रोन भेजे थे, जिनमें से एक एयरबेस तक पहुंचा और हमले में कई सैनिक घायल हुए। साल के आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में डार ने बताया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के अन्य सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए, जिनसे कुल मिलाकर 11 एयरबेस प्रभावित हुए।

### धमकी: दोबारा युद्ध को तैयार: जरदारी

कराची में पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की पुण्यतिथि पर आयोजित रैली में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा कि मई में हुए संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत के हमलों का मजबूती से जवाब दिया, जिसके बाद भारत सरकार को यह समझ आ गया कि युद्ध 'बच्चों का खेल' नहीं है। जरदारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा युद्ध थोपा गया, तो पाकिस्तान पूरी तरह तैयार है। इसी मंच से बिलावल भुट्टो ने भी धमकी की भाषा बोली और युद्धोन्माद के बयान दिए।

### दमन: पूर्व सैन्य अधिकारी आतंकी घोषित

पाक सरकार ने सेना के पूर्व अधिकारी आदिल रजा को शेड्यूल-4 के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया है। इस फैसले के बाद मेजर (रिटायर्ड) आदिल रजा ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे अपने खिलाफ 'ट्रांसनेशनल दमन' की कार्रवाई बताया है। आदिल रजा का कहना है कि सत्ता और सैन्य नेतृत्व की आलोचना करने की कीमत उनसे वसूली जा रही है।

### एंटीबायोटिक के दुरुपयोग पर चिंता

पीएम मोदी ने एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते और बिना सलाह उपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि आईसीएमआर की हालिया रिपोर्ट के अनुसार निमोनिया और यूटीआई जैसी बीमारियों में कुछ दवाएं कमजोर साबित हो रही हैं, जिसकी बड़ी वजह बिना सोचे-समझे दवाओं का सेवन है। पीएम ने अपील की कि लोग डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक न लें।

## 810 करोड़ की भावांतर राशि वितरण के दौरान सीएम का वादा

# हर हुनरमंद युवा को रोजगार उपलब्ध कराएगी सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार ने हमेशा किसानों की समृद्धि और उनके संपूर्ण उत्थान की दिशा में काम किए है। प्रदेश के हर जरूरतमंद और हुनरमंद युवा को हमारी सरकार रोजगार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री रविवार को रतलाम के जावरा में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत किसानों को राशि वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि सिंगल क्लिक से 3.77 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों के बैंकखातों में अंतरित की।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में विकास का जो कारवां है, वह ऐसे ही चलता रहेगा। हमने जो भी कहा, उसे पूरा करके दिखाया है। भावांतर, केवल एक योजना नहीं किसानों के प्रति सरकार का श्रद्धाभाव है। यह किसानों के अधिकार और किसानों की समृद्धि के प्रति सरकार के संकल्प का प्रतीक है। किसानों के कल्याण के लिए हम कभी भी पीछे नहीं रहेंगे। नए वर्ष को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया है। 2026 में हम कृषि उत्सव मनाएंगे। इस दौरान आधुनिक तरीके से खेती, कृषि विस्तार सेवाएं और नई-नई तकनीकों को हम गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। डॉ. यादव ने कहा हमारी सरकार प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध पालन में भी वृहद स्तर पर वृद्धि करने की ओर तेजी से अग्रसर है। सीएम ने डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे के जीवन पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आज प्रदेश के लाखों किसान




भावांतर जैसी योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार सफलतापूर्वक सर्वाहारा वर्ग के लिए कार्य कर रही है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। जहां-जहां फसलों को नुकसान हुआ प्रदेश सरकार द्वारा वहां किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। उन्होंने डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे के जीवनकाल और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जावरा एक ऐसा व्यक्तित्व है जिनके कृतित्व से क्षेत्र आलोकिक हुआ है। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अभिनव रूप से जनकल्याणकारी कार्यों की शुरुआत की है। किसान के हित में कार्य करने वाले मुख्यमंत्री कृषक हित में सदैव अग्रणी रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान के दर्द को समझते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश में भावांतर योजना लागू की है, जिससे किसानों को नुकसान से बचाकर मदद की जा रही है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी मौजूद रहे।

### पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मालवा के गांधी' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जीवनी पर केन्द्रित पुस्तिका का विमोचन भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगी कृषि विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के मामले में हुमायूं का बेटा गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर के बेटे गोलाम नबी आजाद (रॉबिन) को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गोलाम ने पिता के निजी सुरक्षा अधिकारी कांस्टेबल जुम्मा खान के साथ मारपीट की। कांस्टेबल जुम्मा खान ने शिकायत में बताया कि घर जाने के लिए छुट्टी मांगने पर गोलाम ने उनके साथ मारपीट की। यह घटना हुमायूं कबीर के कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर हुई, जहां उस समय कई लोग मौजूद थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोलाम नबी को हिरासत में लिया। बेटे की गिरफ्तारी पर हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर की जा रही है।

### इजराइल के खिलाफ 21 मुस्लिम देश हुए एकजुट

**जेरुसलम, जेएनएन।** इजराइल द्वारा सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक मान्यता दिए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। दुनिया के 21 मुस्लिम देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर इजराइल की निंदा की है और चेतावनी दी है कि यह कदम न केवल हॉर्न ऑफ अफ्रीका और लाल सागर क्षेत्र, बल्कि पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। इजराइल ने 26 दिसंबर को सोमालीलैंड को मान्यता देने की घोषणा की थी और ऐसा करने वाला वह पहला देश बन गया है। इस संबंध में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

### 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

***देश और समाज के लिए कई महत्वपूर्ण और निर्णायक घटनाओं का साक्षी रहा यह वर्ष*** ***(पेज-08 पर)***

# अमेरिकी मीडिया का दावा: हिमालय तक सड़कें, सुरंगें, एयरस्ट्रिप बना रहा भारत

## चीनी सैनिकों से गलवान झड़प के बाद तेज हुआ निर्माण

**बीजिंग/नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत हिमालयी क्षेत्रों में चीन से किसी भी संभावित टकराव से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां (एयरस्ट्रिप) विकसित कर रहा है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस निर्माण कार्य में तेजी आई। रिपोर्ट का दावा है कि इन परियोजनाओं से सीमा चौकियों तक हथियारों और जरूरी सैन्य आपूर्ति की पहुंच काफी आसान हो जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, गलवान झड़प ने भारत-चीन के बीच करीब 2200 मील लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली की कमजोरियों को उजागर किया था। दशकों से चीन ने अपनी सीमा पर रेल और सड़कों का व्यापक नेटवर्क खड़ा किया है, जबकि भारत पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सैनिकों की त्वरित तैनाती के लिए जरूरी आधारभूत ढांचे में पीछे रहा। 2020 की झड़प के दौरान, 14 हजार फीट की ऊंचाई पर दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने थे।

### जोजिला सुरंग है अहम कड़ी

भारत के नॉर्दर्न कमांड के पूर्व कमांडर दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि इन परियोजनाओं का मकसद ऊंचाई पर स्थित सैन्य चौकियों को उन नागरिक बस्तियों से जोड़ना है, जो सर्दियों में महीनों तक कट जाती हैं। सबसे अहम परियोजनाओं में जोजिला सुरंग शामिल है, जिसे लगभग 11,500 फीट की ऊंचाई पर बनाया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट 2020 संघर्ष के कुछ महीनों बाद शुरू हुआ और इसकी लागत 750 मिलियन डॉलर (करीब 6,734 करोड़ रुपये) से अधिक बताई गई है। इसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# दबंगई: जबलपुर में नाबालिगों ने छात्रों को पीटा, पैर पड़वाये दमोह में वन चौकी से जब्त हथियार-दस्तावेज लूट ले गए

**जागरण, जबलपुर/दमोह।** कम उम्र में की गईं बदमाशी आगे चल कर क्या अंजाम लेती हैं। प्रदेश की दो घटनाओं ने इसे बखूबी समझा जा सकता है। जहां जबलपुर में अपनी दादागिरी चमकाने तीन नाबालिग ने कुछ और साथियों को लेकर अपनी ही क्लास में पढ़ने वाले दो छात्रों की हॉकी-डंडों और थप्पड़ों से पिटाई लगा दी। फिर उनसे पैर पड़वाते हुए वीडियों बनाकर पोस्ट कर दिया। वहीं दमोह में पकड़े गए शिकारी का पिता अपने साथियों को लेकर वन चौकी में घुस गया। वन कर्मियों को धमकाते हुए बेटे से जब्त किए गए बंदूक, चाकू, कारतूस और दस्तावेज लूटकर फरार हो गया।

### जबलपुर: भाई बनने के लिए मारपीट, फरार

जबलपुर के मझौली में स्कूल और गांव में अपना दबदबा बनाने के लिए नाबालिग लड़कों ने अपने दो सहपाठी छात्रों को बेरहमी से पीटा। उनसे पैर पड़वाकर माफी मंगवाई। आरोपियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पीड़ित छात्रों के परिजनों ने नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं। वीडियो में दो छात्रों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। वे हॉकी, बेसबॉल के बेट से मारते दिखे। बेरहमी से पिटाई के बाद आरोपियों ने दोनों छात्रों से जबरन पैर पड़वाए। घटना के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।



### दमोह: शिकारी के परिजनों ने की लूट

जिले की सुरेखा बीट में वन विभाग की गश्ती टीम ने जंगल में हथियार लेकर थार गाड़ी से घूम रहे लोगों को पकड़ा था, इनके पास से टीम ने बंदूक और कारतूस बरामद किए थे। वन कर्मी जब कार्रवाई कर रहे थे, तभी पकड़े गए शिकारी छोटू खान का पिता बाबर खान पहुंचा। साथियों के साथ आए शिकारी के पिता ने वन कर्मियों को धमकाया। फिर बेटे से जब्त किए गए चाकू, 12 बोर की बंदूक और 11 जिंदा तथा एक चला हुआ कारतूस लूट कर फरार हो गया। शिकारी का पिता और उसके साथी हथियारों के साथ सरकारी दस्तावेज भी ले गए। हालांकि चाबी नहीं होने से थार नहीं ले जा सके। जबेरा थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।



## रिसर्च- स्टडी

## एम्स भोपाल के रिसर्च ने राष्ट्रीय स्तर पर किए गए दो शोध को दी चुनौती

# किशोरों में हाइपरटेंशन का प्रतिशत 7.6 नहीं सिर्फ 1.4

### शहर के 824 बच्चों पर किया गया शोध, अध्ययन का तरीका बदलने से बदला परिणाम

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में हुए एक शोध ने राष्ट्रीय स्तर के दो शोध पत्रों को चुनौती दे दी है। एम्स भोपाल का शोध कहता है कि बच्चों में हायपरटेंशन यानी ब्लड प्रेशर की समस्या उतनी विकराल नहीं है, जितना इसे पूर्व के शोध पत्रों में बताया गया है। पूर्व के सर्वे में बताया गया कि 100 में से 7.6 फीसदी बच्चे हायपरटेंशन का शिकार हैं। जबकि एम्स भोपाल ने अपने शोध में पाया कि 100 में से महज 1.4 फीसदी बच्चों में हायपरटेंशन पाया गया है। यह शोध एम्स भोपाल के शिशु रोग विभाग द्वारा किया गया है।

### पहला शोध: डेटा के आधार पर नजीता

भारत में हुए एक प्रमुख सिस्टमैटिक रिव्यू और मेटा-एनालिसिस जनरल के अनुसार, 10 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों में हाइपरटेंशन की व्यापकता 7.6 प्रतिशत दर्ज की गई है। यह रिपोर्ट 10 मई 2021 को प्रकाशित हुई है। जिसे प्रसिद्ध साइंटिफिक जर्नल प्लोज वन में प्रकाशित किया गया। इस शोध में शोधकर्ताओं ने वर्ष 1947 से लेकर 2020 तक भारत में हुए 55 से अधिक विभिन्न अध्ययनों का डेटा विश्लेषित किया था।



### दूसरा शोध: सीएनएच का सर्वे

भारत सरकार के आधिकारिक आंकड़ों की बात करें, तो कम्प्रीहेंसिव नेशनल न्यूट्रीशन सर्वे (सीएनएचएस) जो 2016 से 18 के बीच हुआ था। इसकी रिपोर्ट 2019 में भी इसी तरह के आंकड़े (लगभग 5 से 10 प्रतिशत के बीच) पेश किए थे। लेकिन 7.6 प्रतिशत का विशिष्ट आंकड़ा 2021 के मेटा-एनालिसिस से ही सबसे ज्यादा चर्चा में आया है। इस रिसर्च ने यह स्पष्ट किया कि भारत में हर 14 में से 1 किशोर हाइपरटेंशन का शिकार है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक चेतावनी है।

### भोपाल एम्स का शोध: बार-बार किया गया आंकड़ों को चैक

एम्स भोपाल के शोधकर्ताओं ने जून और दिसंबर 2023 के बीच भोपाल के शहरी सरकारी स्कूलों के 824 किशोरों पर नजर रखी। हर बच्चे का नौ बार मैनुअल ब्लड प्रेशर चेक किया गया। तीन विजिट में से हर एक में तीन रीडिंग ली गईं, जिनके बीच एक सप्ताह का गैप था। इंटरनेशनल पीडियाट्रिक चार्ट का इस्तेमाल करके, टीम ने पूरे डेटा वाले 795 स्टूडेंट्स में 1.4 प्रतिशत की सही दर बताई। लड़कों पर लड़कियों की तुलना में ज्यादा असर पड़ा, 2.6 प्रतिशत लड़कों में हाइपरटेंशन के क्राइटेरिया पूरे हुए, जबकि लड़कियों में यह 0.2 प्रतिशत था। बीएमएस पीडियाट्रिक्स (अक्टूबर 2025) में पब्लिश हुई फाइंडिंग्स से पता चलता है कि एक बार की माप से बच्चों को गलत तरीके से बांटा जा सकता है। किशोरों में ब्लड प्रेशर तनाव, एक्टिविटी और माहौल के साथ बदलता रहता है। तीन विजिट में माप को दोहराने से, हाइपरटेंशन वाले किशोरों की संख्या में तेजी से गिरावट आई।

**व्यस्कों में भी तीन बार किया जाता है चैक:** गांधी मेडिकल कॉलेज के न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आयुष दुबे ने बताया कि कोई व्यक्ति हायपरटेंशन का मरीज है या नहीं, यह जानने के लिए भी एक प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। मरीज का बीपी कम से कम तीन अलग-अलग मौकों (विजिट) पर चेक किया जाना चाहिए। ये विजिट आमतौर पर 1 से 4 सप्ताह के अंतराल पर होनी चाहिए। यदि तीनों बार की औसत रीडिंग उच्च आती है, तभी इसे हाइपरटेंशन माना जाता है।

**शोध से फायदा:** एम्स की स्टडी इसलिए अहम हैं क्योंकि जितनी कम संख्या में मरीज होंगे, उनका प्रबंधन उतने बेहतर तरीके से किया जाएगा। एम्स रिसर्चर्स का कहना है कि साफ डायग्नोस्टिक क्राइटेरिया की जरूरत है ताकि जिन बच्चों को सच में देखभाल की जरूरत है, उनकी पहचान की जा सके, जबकि दूसरों को बेवजह की चिंता से बचाया जा सके।

## उन्नाव रेप केस: जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हंगामा

# पीड़िता और दोषी कुलदीप सेंगर के समर्थकों में झड़प

**उन्नाव/नई दिल्ली, जेएनएन।** उन्नाव रेप केस में दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड करने के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान रविवार को हंगामा हो गया। प्रदर्शन स्थल पर कुलदीप सेंगर के समर्थन में पहुंचे एक संगठन के कार्यकर्ताओं और रेप पीड़िता के पक्ष में धरना दे रहे लोगों के बीच तीखी नारेबाजी के बाद झड़प हो गई। प्रदर्शन के दौरान पीड़िता की अचानक तबीयत बिगड़ गई। योगिता ने इसका वीडियो साझा किया है। कुलदीप सेंगर के समर्थन में आए 'पुरुष आयोग' नामक संगठन के कार्यकर्ता हाथों में 'आई सपोर्ट कुलदीप सेंगर' लिखे बैनर लेकर नारे लगाने लगे। इस पर पीड़िता के समर्थन में प्रदर्शन कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता योगिता भयाना ने विरोध जताया, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।




### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

कुलदीप सेंगर की सजा सस्पेंड करने के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 29 दिसंबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देती है, जिसमें सेंगर को सशर्त जमानत दी गई थी। सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी।

## साहित्य सृजन

### जहां बैठे हों बच्चे



गुरुवर उधर जाइए, समय है अभी
जनाब सुधर जाइए!!
समन्दर जैसा कोर्स है नदी जैसी धार है
बाल्टी भर पढ़ते नहीं बच्चे,यही तो मार है;
पीछे छोड़कर सारी बातें कक्षाओं में खूब जाइए
न हो सके ये भी,तो चुल्लू भर पानी में डूब जाइए।।
रिजल्ट खराब हुआ तो किसी की खैर नहीं है
आप तो अच्छे हैं स्वामी का किसी से बैर नहीं है;
परिणाम ही उमंग और तरंग है सही न हुआ तो! शिक्षक बेरंग है;
उम्र का चढ़ाव है क्या करें
ठंड में हांथ भी कांपते हैं पाइप जल गई तो क्या हुआ,
हम आग भी तापते हैं;
आंख में चश्मा चढ़ा है,पर अभी फूटी नहीं है
व्यवस्था पर लिखने की आदत अभी तक छूटी नहीं है;
सुधार तो होकर रहेगा,क्यों कि हम शिक्षकगण जगे हैं

**विजय शर्मा 'स्वामी',हायर सेकेण्डरी कन्या गोविंदगढ़**

### जबान- ए - हिंदी कहे



जबान- ए - हिंदी कहे, भारत की शान हूं मैं,
विहंग वृक्ष बात कर, इतनी आसान हूं मैं।
सिंधु,हिंदु,हिंदी, संस्कृत ने मुझको लाया,
भारत की जनता धन्य है, भाषा में राज पाया।
अहं तो है नहीं मुझे, जन मुग्ध मुझ पर गिरधर,
उत्थान या पतन हो, अनुज ये तुझ पर निर्भर।
धरा, गगन,पवन सुने, मेरी व्यथित कहानी,
सूखा गला हूँ व्याकुल, अंग्रेजी को मिले पानी।
क्षणभर जरा सोचो, सरिता बनके सोम घोलती हूं मैं,
मौखिक, लिखित, कहानी, कविता बनके मौन बोलती हूं मैं।
इतिहास के पन्ने खोलो तुम, वीरों ने दी कुर्बानी थी,
रुधिर से अपने अमर शहीदों ने, हिंदी में लिखी कहानी थी।
जो पतन हमारा अंग्रेजों ने किया,
वीरों ने किया उत्थान जतन होकर बलिदान,
हे प्रभु प्रचलन मेरा, सदा रहे यह तुमको ध्यान।
अंतिम क्षण है सोच लो, बिछड़ ना जाऊं कहीं,
हिंदी हूं कोई गैर नहीं, हिंद की पहचान हूं मैं।
जबान- ए - हिंदी कहे, भारत की शान हूं मैं।

**दिलीप मिश्रा, खैरा सिरमौर**

### क्या पाया क्या खोया है



जो आज हंसता है वो भी कभी तो रोया है
तुम आकर हमसे तो पूछो,उसने क्या खोया है।
जीते जी मां बाप को रोटी न दी जिस औलाद ने
मां बाप ने उनके लिए भगवन पूजे
खुद को अश्कों से धोया है।
बिखेर देते हैं कुछ लोग मानवीय रिश्तों को
वो क्या जाने किसी ने,
कैसे उस रिश्ते को पिरोया है।
मत करो परेशान ऐ गरजते हुए बादलों
कह रही इक मां, मेरा लाल अभी-अभी सोया है।

**अनिरुद्ध दुबे प्रिंसू, गौरी रीवा**

### पूस के ठार



बीछी साही ऊरा मारइ, माघ पूस कइ ठारी।
रोज्जि बिहन्ने बइहर गाबइ,काने-काने गारी।।
दिन ऊतइ से जाड़ ता पेरइ,कोल्हू साही घानी।
छुआ छुअउलि बइहरा खेलै,छुअइ देंह का पानी।।
बनि हेमारि बइहरा दागइ, आगी कस रे लूकी।
ओला पाला मारि फिरिहिरी, नचइ मारिके कूकी।।
लारी साही धुकना निकरै, मुँहबा का जब फारी।
डोकरन अउ गदेलन कॉहीं,पकी बइरि कस झारी।।
सुरिजि जोंन्हइया के सइरी म,गोड़ हॉथ का सेंकै।
दुई मूठी कै पेट के खातिर, खेत मा पानी छेंकै।।

**कमलेश कुमार 'कायल', सीधी**

### जाने वाला साल



2025 जा रहा है तो जाने दो,
2026 को आराम से आने दो,
असत्य को विदा करो, ओर सत्य आने दो।
ये प्रकृति का नियम है, जो आज है कल उसको जाना है,
छोड़ जायेगा कुछ खट्टी यादे,
यही तो वक्त का फ़साना है।।
बीते साल की मीठी यादें रहने दो,
नए साल को खुशियों से भर जाने दो,
अब भी मेरी चाहत है, की खुश रहें मेरे दुश्मन भी।
चोट जरूर खाई है, मगर ख्याल तो आने दो,
बदल रहा है वक्त पे वक्त, मगर मेरी ज़िंदगी मे,
नई सौगात तो आने दो।
टूटकर बिखरे थे मेरे जज्बात, मैं दूसरों को दोष क्यों दूं,
वो लोग तो चेहरे बदले, पर उन्हें उनकी औकात तो दिखाने दो।
नया साल आया है,जिंदगी मे बस खुशियां ही खुशियां हैं,
खुशी मनाने दो।

**शबनम शुक्ला, अजगरहा रीवा**

### वर्ष आए नव मंगलम



पग धरे वर्ष ये मंगलम,स्वागतम स्वागतम स्वागतम ।
कोई खुश कोई है बेखबर, वर्ष ये है अतिथि कुछ पहर,
आयेगा नव बरस ले अमन, स्वागतम स्वागतम स्वागतम।
रौशनी साल नव दे धवल,
जर्द हैं रूप जो हो सबल, बाग के खिल उठें सब
सुमन, स्वागतम स्वागतम स्वागतम।
हाथ में स्वर्ण हो अत्यधिक, फीक ना तीज हो यूं तनिक,
मौज भी लायेगा मृदु पवन, स्वागतम स्वागतम स्वागतम
वर्ष ये है अतिथि कुछ पहर।

**नागेन्द्र मिश्र 'मणि', रीवा**

### संघर्षों से मत डरो



प्रगति-पथ पर बढ़ते रहो, संघर्षों से मत डरते रहो।
सिद्धांतों को आधार बनाओ,कर्तव्य को ही धर्म मानो।
ज्ञान की ज्योति जगमगाए, सत्य का दीप सदा जलाए।
अनुशासन से जीवन सँवरे,परिश्रम से भविष्य निखरे।
सम्मान वही जो कर्म से मिले, प्रतिष्ठा वही जो सत्य से खिले।
मानवता का हो सदैव विचार, यही है जीवन का सर्वोत्तम आधार।
विपरीत परिस्थितियाँ आएँगी, धैर्य से राहें आसान होंगी।
विश्वास रखो अपने प्रयास पर, सफलता मिलेगी हर प्रयास पर।
सपनों को लक्ष्य बनाकर चलो, आशाओं की राह पर खिलो।
हर दिन को अवसर मानो, नव सृजन से जीवन सजाओ।
सहयोग से शक्ति बढ़ती है, एकता से विजय मिलती है।
सद्भावना से समाज सँवरे, न्याय से राष्ट्र आगे बढ़े।
जीवन का सार यही बताता, सत्य और कर्म ही सबको भाता।
जो मनुष्य आदर्श अपनाए, वह इतिहास में अमर कहलाए।

**अभिनव सिंह बघेल, पल्हान रीवा**

### तारों सा जीवन



जीवन में साझा जा क्या होता है
जीवन हो अपना पर किसका साथ निभाता है
चाचा, ताऊ, मां मामा, भाई सब आते हैं
पर अपने होकर किसका साथ निभाते हैं,
जीवन का आना-जाना होता रहता है।
तारे सा टिमटिम जीवन जलकर बुझ जाता है।
हम अपनी-अपनी माला बुनकर बिखर जाते हैं।
तारों सा टिमटिम जीवन बुझ जाता है,
जीवन में साझा क्या होता है।

**अर्चना शुक्ला**
**रीवा**

# मानवाधिकारों के बिना स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की कल्पना असंभव

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो रहे मौजूद





**जागरण, सतना**

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आरोग्यधाम के सेमिनार हॉल में रविवार को मानवाधिकार पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ प्रियंक कानूनगो दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, संगठन सचिव अभय महाजन, सचिव अपराजित शुक्ल, सीईओ अमिताभ वशिष्ठ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में कहा कि मानवाधिकारों के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगोंए समाजों और देशों के बीच विचारों, चिंताओं और अनुभवों का आदान.प्रदान करना, जो जीवन स्वतंत्रता शिक्षा और समानता जैसे बुनियादी अधिकारों से जुड़े हैं ताकि एक न्यायपूर्ण समाज की नींव रखी जा सके और हर व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेए जैसा कि 1948 की मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में बताया गया है। उद्यमिता विद्यापीठ युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करता हैए जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को जैविक और आधुनिक खेती सिखाता है ताकि उनकी आय बढ़ सके। गुरुकुल बच्चों को संस्कार और आधुनिक ज्ञान दोनों देता है। दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट सिर्फ एक संस्था नहींए बल्कि एक आंदोलन है जो दिखाता है कि कैसे ग्रामीण विकास के माध्यम से पूरे देश को बदला जा सकता है। यह आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले ने मानवाधिकारों के साथ.साथ कर्तव्यों की बात को स्पष्टतापूर्वक रखा। समाज के सभी स्तरों पर महिला अधिकारों को मजबूत करने की एक गंभीर पहल है। उन्होंने जोर दिया कि संवाद और जागरूकता कोई एक दिन का विषय नहीं बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि मानवाधिकारों के बिना स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की कल्पना असंभव है। सीईओ अमिताभ वशिष्ठ ने बताया कि ऐसे संवाद कार्यक्रम सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद शोध सदन के प्रभारी डॉ मनोज त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल सहित चित्रकूट प्रकल्प के सभी प्रभारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेत्र शिविर 98 मरीज मिले मोतियॉ बिंद के आपरेशन के लिए भर्ती



**सतना।** अग्रवाल समाज एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर रविवार 28 दिसंबर को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में अमृत वाटिका में प्रातः 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन एवं स्वामी रणछोड़ दास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर चित्रकूट से पधारे पंडित भीषम शुक्ला, घनश्याम गोयल, नरेश अग्रवाल पुरुषोत्तम अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद अग्रवाल, गोरखनाथ अग्रवाल, मनीष गोयल, राघव गोयल, चाचा हामिद खान, वरुण भट्टाचार्य, सुखेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संपन्न हुए नेत्र शिविर में 250 मरीजों की नेत्र जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया एवं चश्मा के नंबर जांच कर सुनिश्चित किए गए तथा जांच के दौरान 98 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन एव लैंस प्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट संस्था वाहन से पहुंचाए गए।

# राष्ट्र सेवा और हिन्दू धर्म का उत्थान डॉ. वेदांती का प्रथम लक्ष्य था : स्वामी रामललाचार्य

## श्रीमानसपीठ खजुरीताल में हुई श्रद्धांजलि सभा एवं भण्डारा



**जागरण, रामनगर।** श्रीमानसपीठ खजुरीताल में जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में अपना परचम लहराने वाले श्री राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के प्रखर स्वर और सनातन धर्म के अडिग स्तंभ पूज्य डॉ. रामविलास वेदांती महाराज के परलोक गमन के उपलक्ष्य में शनिवार को श्रद्धांजलि समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनों ने वेदांती जी महाराज के चरणों में श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए अपनी वाक्य पुष्पांजलि समर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में वेदांती जी के प्रति आत्मीयता और प्रेम प्रकट करते हुए जगद्गुरू रामललाचार्य महाराज ने कहा कि पूज्य वेदांती जी का जाना खजुरीताल और हमारे लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके जाने से संपूर्ण राष्ट्र ही दुखित है। देश-विदेश में वो प्रख्यात थे, उनके वचनों की उदात्तता की गूंज विदेश तक में थी। वेदांती जी ने न केवल धार्मिक अपितु सामाजिक और राजनीतिक भूमिका भी अद्वितीय रूप में निभाई। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कहने पर वेदांती जी दो बार सांसद निर्वाचित किये गये। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पूज्य महाराजश्री का आत्मीय सम्मान करते थे। इस आयु में कम से कम प्रतिदिन अट्ठारह घन्टे का अध्ययन, उनके हृदय की ऊर्जा और आत्मबल अद्भुत था। वह मुखर ही नहीं अपितु प्रखर प्रवक्ता भी थे। राष्ट्र सेवा और हिन्दू धर्म का उत्थान उनका प्रथम लक्ष्य था। उन्होंने भगवा को अपना वस्त्र ही नहीं अपितु अपना जीवन बना लिया था। खजुरी ताल की परंपरा के पोषक और एक अद्भुत ऊँचाई तक पहुंचाने का कार्य वेदांती जी ने किया। शायद ही ऐसा कोई संत समाज, वर्ग, आचार्य परंपरा हो जहां वेदांती जी का नाम आदर पूर्वक न लिया जाता हो। यह हमारे जीवन की उपलब्धि है कि ऐसे महापुरुष हमारे जीवन में रहे और हमे कृतकृत्य किआ। निश्चित ही हम दुखी हैं, लेकिन उनके विचार उनका उद्देश्य हम सबके जीवन में प्राण की भांति संचरित होता है। उनकी कृपा सदा-सर्वदा हमारे ऊपर है। श्रद्धांजलि समारोह में जिला पंचायत सदस्य हरिशकांत त्रिपाठी, डायरेक्टर यूके तिवारी, इंजीनियर एस.बी.सिंह, लेखाधिकारी ओपी द्विवेदी, दिनेश प्रताप सिंह, अनिल सोनी, राजकुमार सोनी, जितेंद्र पटेल, डॉ अनिल मिश्रा, प्रदीप गौतम, विमलेश मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, शत्रुघन शुक्ला, अरुण तिवारी, विजय द्विवेदी, शिवम सिंह, पुरुषोत्तम प्रसाद शर्मा एवं अनेक प्रबुद्ध जनों ने वेदांती जी महाराज को श्रद्धांजलि समर्पित किया।

# ग्रामोदय में मासिक प्रार्थना सभा संपन्न





**जागरण, सतना।** मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन विवेकानंद सभागार में बी एड समूहए कला संकाय द्वारा के सामूहिक उच्चारण और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस मौके पर अनिल शुक्ला ने गीता के श्लोक भावार्थ प्रस्तुत किए। अभिषेक कुमार सोनी द्वारा महापुरुष की जीवनी के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। सोनालिका सेन ने एकल गायन के रूप में बघेलखंडी लोक गीत प्रस्तुत हुए। राज कुमार सिंह ने गणित के जादूगर श्री निवास रामनुजन के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला। सूचना और जानकारी के रूप में उप कुलसचिव अकादमी प्रो साधना चौरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बी एड समूह की ओर से प्रेरणा गीत की प्रस्तुति समूह गायन के रूप में हुई। मार्गदर्शन उद्बोधन के मध्य अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो आञ्जनेय पांडेय ने नव नियुक्त कुलगुरू प्रो आलोक चौबे के ऊर्जावान संदेश का वाचन किया । उपस्थित जन समूह की सहभागिता से पूज्य बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक भजन हुआ। संयोजन डॉ विवेक फड़नीस और वाद्य यंत्रों के साथ संगीतकारी संगीत इकाई ने किया। प्रार्थना सभा के कार्यक्रमों की प्रस्तुति शिक्षक शिक्षा समूह के विद्यार्थी गण मालती, निधि, अनिल, अभिषेक, राजकुमार, सोनालिका, मिथलेश, तीरथ, लवकेश्वरी, सृष्टि व संचालन कौशिकी शिवहरे ने किया। इस मौके पर शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# रक्तदाता सम्मान समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में





**जागरण, सतना।** वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस लंदन द्वारा सम्मानित समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा 4 जनवरी रविवार को आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह की तैयारीयो को लेकर समिति के सदस्यों एवं सहयोगी सदस्यों की विशेष बैठक 28 दिसंबर को सिन्धी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क परिसर में संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में संस्था के संरक्षक श्रीचंद मनवानी वरिष्ठ समाजसेवी अशोक वाधवानी समाजसेविका डॉ मनीषा सोई मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री घनश्याम मंघरानी ने बताया बैठक में रक्तदान सम्मान समारोह पर सभी ने अपने.अपने सुझाव देकर कार्यक्रम को सफल बनने पर जोर दिया यह सम्मान समारोह खेरमाई रोड स्थित अमृत वाटिका में शाम 3ः 30 बजे से आयोजित किया जाएगा। विनोद गेलानी ने बताया सम्मान समारोह में 100 से ज्यादा रक्तवीरोएजिसमें परिवार के साथ रक्तदान करने वाले व प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओ के साथ.साथ रक्तदान में सहयोग करने वाली सामाजिक संस्थाओ का भी सम्मान किया जाएगा एवं सर्वसमाज के युवाओं एवंए मातृशक्ति को रक्तदान करने की प्रेरणा देने के लिए प्रक्त प्रेरणाष् फोल्डर प्रकाशित किया जाएगा। बैठक में संरक्षक श्रीचंद मनवानी, संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी उपाध्यक्ष इंद्रलाल लाल आडवाणी महामंत्री घनश्याम मंघरानी समाजसेवी अशोक वाधवानी, जेठानंद वाधवानी महेश रावलानी रजीत सेनानी,कमल पुरस्वानी, आशीष मोगिया बसंत शर्मा मनीष सदानी सरवन्त लालवानी, अमित घोघवानी समाजसेविका मोना चोपड़ा,डॉ मनीषा सोई, राखी होतचंदानी एवं कई समाजसेवीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एकेएस के खाद्य प्रौद्योगिकी छात्र का चयन, प्लेसमेंट के क्षेत्र में सशक्त पहचान



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नवाचार और रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण का सशक्त केंद्र बन चुका है। विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी बीटेक पाठ्यक्रम के छात्र गगन त्रिपाठी उत्तीर्ण वर्ष 2026 का चयन ग्रेनटेक फूड्स एंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड में खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत लाइन रसायनज्ञ पद पर हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था और प्रभावी प्लेसमेंट नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रोफेसर बी एचोपडे फूड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ अशोक कुमार भौमिक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख बालेंद्र विश्वकर्मा,प्रफुल्ल गौतम और मनोज सिंह ने चयनित छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एकेएस विश्वविद्यालय ने बीते वर्षों में प्लेसमेंट के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम संरचना, आधुनिक प्रयोगशालाएं, औद्योगिक भ्रमण, अनिवार्य प्रशिक्षण एवं सतत मार्गदर्शन के कारण विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एकेएस विश्वविद्यालय में आधुनिक अधोसंरचना, अनुसंधान आधारित शिक्षण प्रणाली, डिजिटल कक्षाएं कौशल विकास कार्यक्रम उद्योगदृशैक्षणिक सहभागिता, तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विश्वविद्यालय में बहुविषयक शिक्षा, नवाचार एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहन, तथा राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक एवं शोध अवसर छात्रों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दे रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि खाद्य प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, प्रबंधन सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रारंभिक चरण से ही उद्योग से जोड़ा जाता है ताकि वे शिक्षा पूर्ण करते ही रोजगार के लिए पूर्णतः सक्षम बन सकें। गगन त्रिपाठी का चयन इसी दूरदर्शी नीति और सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है जो आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा।

## वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश सिंह को सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता दिनेश सिंह कोठरा के निधन पश्चात सांसद गणेश सिंह ने स्वर्गीय दिनेश सिंह कोठरा के सतना स्थित निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि दिनेश सिंह कोठरा भाजपा के एक निष्ठावान कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## कक्षा 11वीं की 23 फरवरी और 9वीं की मुख्य परीक्षाएं 2 मार्च से होंगी

**रीवा।** कक्षा 9वीं और 11वीं की मुख्य परीक्षाओं का टाइम-टेबल लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने जारी कर दिया है। इसके अनुसार कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 23 फरवरी से तो 9वीं की परीक्षाएं 2 मार्च से आयोजित की जाएंगी। दोनों ही परीक्षाओं का समय दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। डीएस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षाओं के दौरान शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगी। विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट के पूर्व दोपहर 1.20 बजे विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व दोपहर 1.25 बजे प्रश्न पत्र वितरित किए जाएं। 10वीं-12वीं के परिणाम सुधारने कवायद जारी पूरे संभाग में कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों को सुधारने की कवायद जारी है।

# खिलाड़ियों ने जोश, अनुशासन और खेल भावना का दिया परिचय



## एस.पी. मेमोरियल स्कूल में चल रहा है 'रीवा प्रो लीग' का आयोजन

**जागरण, रीवा।** एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल रतहरी में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 'रीवा प्रो लीग' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी, हैंडबॉल संघ एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। तीन दिवसीय इस खेल महाकुंभ में खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिताएँ शामिल हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी परिसर रतहरी में चलेगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 22 जिलों से बालक एवं बालिकाओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के भव्य ओपनिंग सेरेमनी में एसपी मेमोरियल के बच्चों ने एरोबिक डांस जैसे आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सरदार पटेल ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन मास्टर बुद्धसेन पटेल एवं सैनिक अतुल पाण्डे ने मशाल प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता एस.पी. मेमोरियल कॉन्वेंट एकेडमी के संचालक एड. अभिषेक पटेल ने की, साथ ही संस्था प्राचार्य पुष्पराज पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच का संचालन क्रीड़ा अधिकारी वीरेन्द्र शुक्ला ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिथि सूची. डॉ. डी.के. सिंह (सीधी). बृजेश शर्मा (सीहोर), धीरेंद्र देशमुख (उज्जैन),रामफल (उज्जैन). मुंद्रा मिश्रा (रीवा). राहुल शर्मा (रीवा). शेरोन जॉन (रीवा). डॉ. इरशाद खान (रीवा). डॉ. राहुल शर्मा (रीवा) सुभाष दुबे (रीवा) आई.पी. तिवारी (रीवा) चंदन सिंह परिहार (रीवा). संजय सिंह (रीवा). एस.पी.एस. (रीवा) मुनिराज पटेल (रीवा)भूपेंद्र सिंह (रीवा), अतुल शुक्ला (रीवा), धर्मराज सिंह (रीवा), रामलाल पटेल (रीवा) वंश बहादुर पटेल (रीवा) अधिवक्ता विवेक वर्मा (रीवा). अधिवक्ता राजकरण कुशवाहा प्रदीप सक्सेना (ए.के. इंफ्राड्रीम), अशोक पटेल झब्ब (पूर्व पार्षद) उपस्थिति रहे। अतिथियों ने खेल महाकुंभ की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए खेल का भरपूर आनंद लिया।

# वैश्य महासम्मेलन का नववर्ष कैलेंडर का हुआ विमोचन



**जागरण, सतना।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश द्वारा नववर्ष कैलेंडर 2026 के विमोचन का भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम रविवारए 28 दिसंबर 2025 को अपरान्ह 4:30 बजे आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बूटी बाई अग्रवाल विद्या सदन जवाहर नगर सतना में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना महापौर योगेश ताम्रकार जी रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय भगवती पाण्डेय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता वैश्य महासम्मेलन प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता सतना जिला प्रभारी लखनलाल केशरवानी महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती मीरा अग्रवाल युवा इकाई अध्यक्ष विजय गुप्ता तथा अग्रवाल नवयुवक मंडल के यशस्वी अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल चांदी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता लक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा.अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात पधारे अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। वैश्य महासम्मेलन सतना के जिला अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल चांदी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि संगठन को तहसील स्तर तक सशक्त एवं संगठित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर अधिक से अधिक वैश्य समाज के लोगों को संगठन से जोड़ते हुए सदस्य बनाया जाएगाए जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक एवं शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाया जा सके। इस दिशा में संगठन द्वारा हर संभव एवं निरंतर प्रयास किए जाएंगे ताकि समाज सशक्त संगठित और आत्मनिर्भर बन सके। मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य महासम्मेलन संगठन वैश्य समाज के हित में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। वैश्य समाज सदैव सहयोग और एकजुटता के माध्यम से समाज उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कैलेंडर को डिजिटल स्वरूप में भी तैयार करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे समाज के प्रत्येक परिवार तक इसकी पहुँच संभव होगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सुधीर के नेतृत्व में संगठन की कार्यशैली की सराहना करते हुए समाजजनों से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में वैश्य समाज की भूमिका सदैव सशक्त रही है।

# खरीदी केंद्रों की सतत निगरानी में प्रशासन?

जागरण निगरानी

## किसानों को खरीदी केंद्र में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

### धान उपार्जन केंद्रों का किया जा रहा है निरीक्षण



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है। किसानों को खरीदी केंद्र में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनी रहें इसके लिए निरीक्षण भी चल रहा है।

गौरतलब है कि सीधी जिले में धान खरीदी का सिलसिला 1 दिसम्बर 2025 से औपचारिक रूप से किया गया। धान खरीदी के गति में तेजी एक सप्ताह बाद आना परिलक्षित हुई। आरंभ में जहां 39 उपार्जन केन्द्र बनाये गये थे उनकी संख्या अब बढकर 49 हो गई है। सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य इन दिनों काफी तेजी से चल रही है। सीधी जिले में धान बिक्री के लिये कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 30679 है। सीधी जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिये सभी आवश्यक इंतजाम किये गये हैं। शीत ऋतु के चलते अलाव की व्यवस्था भी उपार्जन केन्द्रों में बनाई गई है, जिससे किसानों को किसी तरह की असुविधा ना होगा। वहीं पर्याप्त संख्या में वारदाना एवं कांटों की व्यवस्था भी कई है। जिससे किसानों को उपार्जन केन्द्र में आने के बाद धान की तौल कराने में ज्यादा समय न लगे। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा धान उपार्जन के व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के पश्चात जल्द से जल्द परिवहन करने के आदेश दिये गये हैं। साथ ही उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुविधाएं कराने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर के कड़े निर्देश के बाद उपार्जन केन्द्रों की निगरानी में काफी तेजी आ गई है। अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं की जानकारी ली जा रही है, साथ ही खरीदी गई धान का जल्द से जल्द परिवहन कराने की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्रियल सिंह द्वारा उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव की सतत मानीटरिंग कर रही हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के पश्चात धान का उठाव जल्द से जल्द हो इसके लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह खरीदी गई धान को परिवहन के लिये पूरी तरह से तैयार करके रखें। जिससे वाहन आने पर लोडिंग का कार्य समय पर पूरा किया जा सके। उपार्जन केन्द्रों में धान की लोडिंग करने के लिये पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा जिले के उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान किसानों से सीधा संवाद भी किया जा रहा है। किसानों से यह जानकारी ली जा रही है कि उनसे एक बोरी में कितने किलो धान लिया जा रहा है। 40 किलो 800 ग्राम से ज्यादा धान एक बोरी में लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। यदि किसी उपार्जन केंद्र में इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं तो उन पर नोटिस जारी कर जवाब भी तलब किया गया है। उपार्जन केंद्र प्रभारी का जवाब समाधान पूर्वक न हुआ तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर के सख्ती के चलते सभी उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी जहां तेजी से चल रही हैं वहीं किसानों को भुगतान भी बैंक खाते के माध्यम से हो रहा है।

### आम जनता की समस्याओं के निदान का दावा



दावा किया जा रहा है कि आम जनता की समस्याओं को लेकर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी काफी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करा रहे हैं। आम जनता की जो समस्या कलेक्टर के पास पहुंच रही है उस पर त्वरित कार्रवाई भी सुनिश्चित करा रहे हैं। कहा तो यह जा रहा है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी आम जनता एवं जन समस्याओं के निराकरण की सतत जानकारी ले रहे हैं। यदि किसी विभाग के माध्यम से समस्या का निराकरण समय पर नहीं हो रहा है तो उस पर त्वरित एक्शन भी लिया जा रहा है। यह अलग बात है कि उनके एक्शन का असर अभी दिख नहीं रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर प्रभारी मंत्री लखन जायसवाल द्वारा सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के लिए आयोजित पत्रकारवार्ता का पत्रकारों ने विरोध किया था और आरोप लगाया था कि जिले का प्रशासनिक अमला मनमानी पूर्वक माम कर रहा है। सत्ता पक्ष के नेताओं के दवाब में जन की आवाज को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दबाया जा रहा है। जिसका यह असर हुआ कलेक्टर द्वारा अब जन शिकायतों पर गौर करने लगे हैं।

## सोन नदी की क्षतिग्रस्त रेलिंग का हुआ सुधार



### क्षतिग्रस्त स्लैब पर नहीं पड़ रही विभाग की नजर

जागरण, सीधी

पटपरा मार्ग पर स्थित सोन नदी के गऊघाट पुल के खस्ताहाल होने की तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलिंग का सुधार करा दिया गया है, लेकिन अभी तक पुल के स्लैब की मरम्मत नहीं कराई गई है। जबकि पुल के कई हिस्सों में स्लैब जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। गऊघाट सोन नदी के पुल की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि कई जगहों पर स्लैब में बड़े-बड़े होल हो चुके हैं। दो पहिया वाहन चालकों की निगाह स्लैब की सडक से हटते ही बड़े होल में पहिया घुसने का खतरा बना हुआ है। रात में तो तेज रफ्तार में कई बार दो पहिया वाहन सवार हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। फिर भी जिम्मेदारों को 5-7 इंच के बड़े-बड़े होल नजर नहीं आ रहे हैं। कुछ स्थानों पर तो पीडब्ल्यूडी द्वारा रेलिंग के दरारों को ढकने के लिये सीमेंट का लेप लगाया गया है। गौरतलब है कि सोन नदी के गऊघाट में उक्त बड़ी पुल का निर्माण करीब 40 वर्ष पूर्व कराया गया था। वाहनो का काफी लोड इस पुल में होने के कारण यह पुल लगातार जर्जर हालत में पहुंच रही है। तत्संबंध में युवा समाजसेवी दिग्विजय सिंह चौहान देवघटा ने सोशल मीडिया में जर्जर पुल एवं रेलिंग की फोटो पोस्ट कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। जिसके बाद पुल की रैलिंग का सुधार तो कराया गया लेकिन अभी भी स्लैब का सुधार नहीं हो सका है। दिग्विजय सिंह ने इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि रेलिंग की तरह जगह जगह टूटे स्लैब के मरम्मत की विशेष आवश्यकता है। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो अभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने तत्काल पुल के स्लैब की मरम्मत कराने की आवाज उठाई है।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### श्रीराजपूत करणी सेना का मवई में शुभारंभ



जागरण, सीधी। श्रीराजपूत करणी सेना सीधी की नई शाखा का 28 दिसंबर 2025 को चुरहट मंडल अंतर्गत मवई में शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बृजेश सिंह पिंकू, प्रदेश महासचिव हरपाल सिंह, विधिक सलाहकार महेंद्र सिंह, संभागीय अध्यक्ष प्रशांत सिंह बाघेल, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू, संभागीय महासचिव रोहन सिंह, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बाघेल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विमल सिंह, सचिव सुधांशु सिंह बाघेल, विधि सलाहकार एडवोकेट सतेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार, जिला नगर मंत्री सौरभ सिंह बाघेल, सदस्यता प्रभारी रमेश सिंह, जिला आईटी प्रभारी सिद्धार्थ सिंह बाघेल, संयोजक छात्र संघ प्रभारी हर्ष सिंह, कुचवाही मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर सिंह, अध्यक्ष चुरहट मंडल प्रभात सिंह, चुरहट मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, सचिव चुरहट मंडल जयराम सिंह, चुरहट मंडल प्रभारी भूतपूर्व सैनिक माधवेंद्र सिंह बाघेल, भूतपूर्व सैनिक बृजेश सिंह बाघेल, मेंघनंद सिंह बाघेल, संजय सिंह बाघेल, जिला मीडिया प्रभारी शनिस सिंह, राजराखन सिंह, मृगेंद्र सिंह लल्ला, भूषण सिंह, रजनीश सिंह, संजय सिंह, विनय सिंह, शमशेर सिंह सहित सैंकड़ों सम्मानित गण उपस्थित रहे। बताते चले कि श्रीराजपूत करणी सेना समाज हित के साथ-साथ स्वर्ण समाज को एकजुटता के लिए सक्रियता से कार्य कर रही है।

### रौहाल चौराहे पर अचेत मिला बस का ड्राइवर



जागरण, सीधी। जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रौहाल चौराहे पर रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की नजर जैसे ही युवक पर पड़ी, मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रारंभिक तौर पर युवक के साथ मारपीट की आशंका जताई गई, हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे तथ्य स्पष्ट हो पाएंगे। अचेत अवस्था में मिले युवक की पहचान विजय कुशवाहा पिता ललन कुशवाहा, निवासी ग्राम जूरी के रूप में हुई है। विजय कुशवाहा इमरान बस ट्रेवल्स में ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विजय नशे की हालत में सड़क किनारे गिरा हुआ था और करीब एक घंटे तक वहीं पड़ा रहा, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही कुसमी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और विजय कुशवाहा को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। मामले को लेकर कुसमी थाने में पदस्थ आरक्षक हृदय लाल दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल विजय कुशवाहा का विवाद पुष्पेंद्र सिंह बालेंदु नामक व्यक्ति से हुआ था। दोनों के बीच शनिवार की रात भी बहस और मारपीट की बात सामने आई है। आरक्षक हृदय लाल दीवान धड़कन के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे विजय कुशवाहा और पुष्पेंद्र सिंह ने पहले साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद बस चलाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। पुष्पेंद्र सिंह ने बस ड्राइवर का काम करने से मना किया, लेकिन विजय कुशवाहा के न मानने पर विवाद बढ़ गया और मारपीट की स्थिति बन गई। इसी दौरान विजय के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि विजय कुशवाहा पहले से ही शराब के नशे में था, इसी कारण मारपीट के बाद वह सड़क पर गिर गया और अचेत हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

### सुशासन दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम की जन्म जयंती



जागरण, मझौली। भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, कुशल राजनेता, प्रबल राष्ट्रवादी श्रद्धेय स्व. पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश, प्रदेश व जिले के सभी मंडल के बूथ स्तर के साथ मझौली मंडल के सभी बूथों में मंडल अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण तिवारी के निर्देश व मार्गदर्शन में उत्साह पूर्वक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जहां बूथ स्तर के सभी नेता, कार्यकर्ता एकत्रित हो छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए। वही बोदारी में मंडल अध्यक्ष मझौली के विशेष उपस्थिति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सैकड़ो की संख्या में नेता, कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हो रैली निकाल पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के विचारों को जन-जन तक पहुंचा एवं उनके राष्ट्र निर्माण के संकल्पों को आगे बढ़ाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही सुशासन के संकल्प को स्मरण करते हुए संकल्प दिलाया जाकर गरिमा में रूप से कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

### सांसद ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को दी श्रद्धांजलि



जागरण, सीधी। जिले के ग्राम गांधीग्राम में आज लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बंका बैगा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात सांसद डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति पीव्हीजी के परिवारजनों को साल एवं कंबल का वितरण किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता देवेंद्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष बरम्बाबा सुबेदास यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान और जनजातीय समाज का कल्याण उनकी प्राथमिकता है।

## अटल जी का व्यक्तित्व, कृतित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत: विश्वामित्र



जागरण, सीधी। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत अमिलिया में अटल सुशासन सम्मेलन क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल के मुख्य आतिथ्य में एवं श्री देव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पं. अटल बिहारी वाजपेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कलाकारों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंद्रशरण सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी, केके तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी एवं देव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी ने अटल जी की जन्म शताब्दी के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में अटल जी की पुण्य स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री तक उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी ने समन्वय की राजनीति पर बल देते हुए कहा था कि मतभेद लोकतंत्र की खुबसूरती है लेकिन मनभेद राष्ट की कमजोरी है। जब सवाल देश का हो तब हम सब सिर्फ एक भारतीय हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, श्रीमती ऊषा गोपाल पटेल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी गजराज सिंह, अशोक शुक्ला, कपूर चंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष गण सिद्धार्थ गौतम अमिलिया, पुष्पेंद्र पाण्डेय बहरी, शिव कुमारी जायसवाल मायापुर, विमलेश रावत सिहावल, पुनीत पाण्डेय, घनश्याम गुप्ता, मुनिराज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## रामायण के प्रथम एपिसोड का किया गया प्रदर्शन



जागरण, सीधी। सीधी सिनेमा क्लब द्वारा रामायण के प्रथम एपिसोड का विशेष प्रदर्शन किया गया, जो दर्शकों के लिए न केवल एक सांस्कृतिक अनुभव रहा, बल्कि जीवन मूल्यों को समझने का सशक्त माध्यम भी बना। इस अवसर पर यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि सत्य की ही सदा विजय होती है। जब कोई शक्तिशाली व्यक्ति किसी सामान्य, निर्बल अथवा असहाय व्यक्ति पर अन्याय और अत्याचार करता है, तब ईश्वर स्वयं धर्म के पक्ष में खड़े होकर उसका साथ देते हैं। रामायण इसी शाश्वत सत्य की सजीव प्रस्तुति है। रामायण हमें यह सिखाती है कि समाज में सामाजिक संरचना, सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव बनाए रखना कितना आवश्यक है। यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण कला है। इसमें मर्यादा, करुणा, त्याग, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्यों का अद्भुत समावेश है। रामायण हमारे राष्ट्र की एक अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रही है। वर्तमान समय में, जब समाज और देश की संस्कृति को लेकर अनेक प्रकार की चुनौतियाँ सामने हैं और हिंदू समाज को सांस्कृतिक रूप से जागृत करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ऐसे समय में रामायण जैसे महान ग्रंथ की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। इसके माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को यह बताया जा सकता है कि परिवार, समाज और राष्ट्र का वास्तविक महत्व क्या है तथा इन सभी को सही अर्थों में कैसे सहेजकर रखा जाए।

## स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन में हुआ भव्य आयोजन

### पूर्व अध्यक्षो के साथ कई वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान



जागरण, सीधी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता और वरिष्ठ नेताओं के विशिष्ट आतिथ्य में जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में गरिमामय एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे समस्त कांग्रेसजनों का पारंपरिक रूप से तिलक एवं कांग्रेस के चिन्ह वाले गमछे की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा ध्वज को सलामी देने के साथ हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात वंदे मातरम और जिंदाबाद के नारों से संपूर्ण परिसर देशभक्ति और कांग्रेस विचारधारा से ओतप्रोत हो गया। इसके उपरांत कांग्रेस सभागार में महापुरुषों के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस की गौरवशाली परंपरा और बलिदानों को नमन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्षों जिसमें पूर्व अध्यक्ष चिन्तामणि तिवारी, पूर्व सांसद मोतीलाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा, दिवंगत पूर्व अध्यक्ष जयराम शुक्ल के पुत्र एसपी शुक्ल, दिवंगत पूर्व अध्यक्ष तिलक राज सिंह की सुपुत्री सुश्री सोनम सिंह, इस्माइल खान गोरे के पुत्र मो. इम्तियाज, बैजनाथ दुबे की पुत्री श्रीमती विद्या दुबे, दिवंगत पूर्व अध्यक्ष रामपति राम की पत्नी श्रीमती आशा साकेत, अब्दुल मुमताज के भतीजे अहमद रजा, पूर्व अध्यक्ष रामसुंदर पाठक के सुपौत्र अजीत पाठक, अवध राज सिंह के भांजे बृजेंद्र सिंह एवं युवराज सिंह के सुपौत्र सुजीत सिंह शामिल रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चुरहट भारत सिंह, पूर्व अध्यक्ष सहकारी बैंक राजेंद्र सिंह भदौरिया, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह तथा महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह ने भी स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान समय तक कांग्रेस के संघर्ष और योगदान को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की आत्मा है। आजादी से लेकर राष्ट्र निर्माण तक कांग्रेस ने हर मोर्चे पर ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। देश को दिशा देने वाले अनगिनत महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी और जननायक कांग्रेस की विचारधारा से निकले हैं। उन्होंने आज आयोजित सम्मान समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का यह सम्मान समारोह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। जिन पूर्व अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूत किया, संघर्षों के बीच कांग्रेस की लौ को जलाए रखा और जनता के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### अपाक्स जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

जागरण, सीधी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय अधिकारी कर्मचारी संगठन अपाक्स के जिला इकाई सीधी की बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटहा, जिला सीधी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव द्वारा की गई बैठक का संयोजन जिला अध्यक्ष श्रीराम सोनी द्वारा किया गया। बैठक में सीधी जिला कार्यकारिणी के पूर्व अध्यक्ष एवं रीवा संभाग के पूर्व संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल को अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश महासचिव बनने की उपलक्ष में जिला कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया तथा सभी को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी गई। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के द्वारा निर्णय दिया गया कि आगामी दिनांक 25 जनवरी 2026 को सीधी शहर में अपाक्स का जिला सम्मेलन जिसमें नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं अपाक्स वर्ग के अधिकारियों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## खाद्यान्न गबन में खंगाले जा रहे दस्तावेज, कई चेहरे होंगे बेनकाब

### खण्ड अधिकारी के नेतृत्व में तैयार हो रही जांच टीम

### मामला नेबूहा कैंप में ढ़ाई वर्ष पूर्व हुए 67 लाख के खाद्यान्न गबन का



जागरण, सीधी

जिले के मझौली विकासखंड अंतर्गत शासकीय वेयर हाउस मझौली के कैंप नेबूहा में ढाई वर्ष पूर्व हुए 67 लाख रुपए के खाद्यान्न गबन मामले की कुंडली खंगालने का कार्य शुरू हो गया है, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर गत दिनों जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा इस मामले जुड़े सभी दस्तावेज अपर कलेक्टर के पास जमा कर दिए गए थे, जल्द ही उप खण्ड स्तरीय अधिकारी के मार्गदर्शन में जांच टीम का गठन कर नए सिरे से इस भ्रष्टाचार में शामिल सभी जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की करतूतों का खुलासा होगा। उल्लेखनीय है कि नेबूहा कैंप में करीब ढाई वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न गबन के मामले को लेकर मीडिया द्वारा उजागर किए जाने पर कलेक्टर ने दस्तावेज तलब कर लिया है। जिसकी जांच एवं छानवीन की कार्यवाही शुरू कर दी गई है, सूत्र बताते हैं कि जल्द ही विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत टीम द्वारा मौके से एवं विभाग के माध्यम से पूरे गोलमाल की जानकारी जुटाई जाएगी। बता दें कि इस पूरे गबन मामले में तत्कालीन नान प्रबंधक, गोदाम प्रभारी एवं खाद्य अधिकारी की भी भूमिका संदिग्ध है, जिसके खिलाफ अभी कोई कार्यवाही नहीं प्रस्तावित की गई है। वहीं विभागीय सूत्रों की मानें तो इस पूरे गबन मामले में मझौली वेयर हाउस प्रबंधक, नेबुहा कैंप प्रभारी, जिला प्रबंधक नान, एवं ट्रांसपोर्टर सहित खाद्य विभाग की अहम भूमिका है। अगर निष्पक्षता पूर्ण इस मामले की जांच हुई तो इस पूरे गोलमाल में विभाग के कई चेहरे बेनकाब हो सकते है। जिले के प्रदाय केंद्र मझौली के नेबूहा कैंप में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में स्टॉक सत्यापन के दौरान 67 लाख रुपए का गेंहू गायब करने का मामला सामने आया था। मप्र स्ट्रेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड मुख्यालय भोपाल के महाप्रबंधक स्थापना द्वारा पत्र क्रमांक/स्थापना/178336/2025/2021, दिनांक 22 अप्रैल 2025 द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन रीवा एवं क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा को आदेशित किया गया था कि सीधी जिले के प्रदाय केंद्र मझौली के नेबूहा कैंप में गेंहू पीएसएस वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के स्टॉक में भारी मात्रा में कमी होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन रीवा एवं वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक मप्र वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन रीवा का जांच दल गठन किया गया था। यह भी निर्देशित किया गया था कि प्रकरण की जांच दल में गठित अधिकारी स्वयं अपने स्तर से करें एवं साथ ही जिला कार्यालय सीधी के केंद्र प्रभारी केपी सिंह कनिष्ट सहायक को जांच में सम्मिलित कर प्रतिवेदन 30 अप्रैल 2025 तक मुख्यालय प्रेषित करें, जांच तो हुई लेकिन इतने बड़े गोलमाल के मामले को कागज में ही दफन कर दिया गया। अब जब इस मामले को मीडिया द्वारा उजागर किया गया तो कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने स्वयं संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### जांच में हुआ था खुलासा

वेयर हाउस मझौली के नेबूहा कैंप में रखे गए गेंहू के स्टॉक में वर्ष 2021-22 के स्टॉक में 2180 बोरा बजन 1357.74 क्विंटल कम मिला। इसी तरह वर्ष 2022-23 के स्टॉक में 2976 बोरा 1546.47 क्विंटल कम मिला। इस तरह दोनो वर्ष में 1546.47 क्विंटल की भारी कमी पाई गई। जिसमें कुल राशि लगभग 67 लाख की अमानत में खयानत पाई गई है। इस मामले में दोषी कर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करानें एवं कार्यवाही से मुख्यालय को भी अवगत कराने के आदेश हुए थे। हैरत की बात तो यह है कि भोपाल मुख्यालय के आदेश का पालन ढ़ाई वर्ष बाद भी सीधी जिले के जिम्मेवार अधिकारी करना उचित नहीं समझ रहे हैं।

### दर्ज हो सकती है एफआईआर

67 लाख के खाद्यान्न गबन मामले में मुख्य दोषी कैंप प्रभारी अंगद तिवारी को माना जा रहा है, पूर्व में इस मामले को लेकर सामने आई जांच रिपोर्ट भी इस बात को दर्शा रही है कि खाद्यान्न गबन मामले में सबसे बड़ा खेल नेबूहा कैंप प्रभारी का ही है। अब देखना यह है कि नए सिरे से शुरू हो रही जांच में खुलासा किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर जहां कार्यवाही की गाज गिरनी तय है, वहीं अंगद तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज होना तयए सहयोगी में मझौली वेयर हाउस प्रबंधक सज्जन सिंह को भी आरोपी बनाया जा सकता है, वजह की इनके द्वारा भ्रष्टाचार को छिपाने में कैंप प्रभारी का आंख बंद करके समर्थन किया है। सज्जन सिंह की भूमिका कैंप प्रभारी अंगद तिवारी से कम नहीं हैं।

प्रेम का एक प्रधान लक्षण यह होता है कि प्रेम आनंदपूर्वक दुःख को स्वीकार कर लेता है, क्योंकि दुःख के द्वारा, त्याग के द्वारा उसे पूर्ण सार्थकता मिलती है। - रवींद्रनाथ टैगोर



# भारतीय क्रिकेट को अपने तरीके से लिखना चाहते हैं गंभीर

इस कहानी का एक प्लॉट हेड कोच गौतम गंभीर हैं और दूसरे प्लॉट हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा की जबरदस्त 'रो को' जोड़ी। गंभीर इन दोनों को महत्वहीन करने के अभियान में लगे हैं, लेकिन मैदान में इन दोनों का खेल जबरदस्त है। हेड कोच गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट की शब्दावली अपने तरीके से लिखना चाहते हैं।

● अभिषेक दुबे ●

खेलों में तो क्रिकेट पर सबसे अधिक किताबें लिखी गयी हैं। इनमें से एक मशहूर किताब डेविड फ्रिथ की है, 'साइलेंस ऑफ द हार्ट - क्रिकेट सुइसाइड्स'। भारतीय क्रिकेट की मौजूदा स्थिति को देखें, तो इन दिनों यह अपनी ही आत्महंता कहानी लिखने में लगा हुआ है। इस कहानी का एक प्लॉट हेड कोच गौतम गंभीर हैं और दूसरे प्लॉट हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा की जबरदस्त 'रो को' जोड़ी। गंभीर इन दोनों को महत्वहीन करने के अभियान में लगे हैं, लेकिन मैदान में इन दोनों का खेल जबरदस्त है। हेड कोच गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट की शब्दावली अपने तरीके से लिखना चाहते हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट के मॉडर्न लीजेंड हैं, जो हेड कोच की इस सोच के खिलाफ मिशन मोड पर हैं। इस



## 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट स्टोरी'

बतौर कोच भी वह कमोबेश इसी परिस्थिति में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ कामयाब हुए। यहां सवाल यह है कि क्या उनकी कोचिंग की फिलोसॉफी भारतीय क्रिकेट टीम में कारगर होगी, जहां सुनील गावस्कर और कपिल देव से लेकर सचिन-सौरव दौर तक और विराट कोहली-रोहित शर्मा के मौजूदा दौर में सितारों का बोलबाला रहा है। यह सच है कि क्रिकेट एक टीम गेम है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमों की ताकत उनका मजबूत टीम कल्चर है, पर भारत में क्रिकेट स्पोर्ट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि बाजार और ब्रॉडकास्टर्स ने मिलकर इसे जबरदस्त बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर-'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट स्टोरी'-बना दिया है। बॉलीवुड की अधिकतर फिल्मों की तरह भारतीय क्रिकेट में सुपरस्टार एक अभिन्न अंग है। रोहित और विराट भारतीय क्रिकेट के मौजूदा सुपरस्टार हैं। मैच में कैमरों का फोकस इन दोनों पर रहता है। कमेंटेटर इन्हीं का महिमामंडन करते हैं। विज्ञापनों में ये छाये रहते हैं। ऐसे में, गौतम गंभीर की कोचिंग फिलोसॉफी और भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार कल्चर में टकराव स्वाभाविक है।

## टीम और सुपरस्टार संस्कृति का टकराव

भारतीय क्रिकेट में टीम संस्कृति और सुपरस्टार संस्कृति का ऐसा ही टकराव सौरव गांगुली और ग्रेग चैपल के दौर में देखा गया था। गौतम गंभीर तब युवा खिलाड़ी थे और मुख्य चयनकर्ता किरन मोरे थे। टकराव का नतीजा यह हुआ कि भारत को 2007 वर्ल्ड कप में करारी हार का सामना करना पड़ा और ग्रेग चैपल की विदाई हुई। टीम इंडिया के मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर हैं। क्या गंभीर-अगरकर की अगुआई में इतिहास खुद को दोहरा रहा है? अगरकर के दौर में रविचंद्रन अश्विन बीच सीरीज में रिटायर हुए, रोहित शर्मा और विराट कोहली इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से ठीक पहले रिटायर हुए और मोहम्मद शमी को अब तक इस बात का अंदाजा नहीं कि वह टीम से क्यों बाहर हैं। रोहित -विराट और मुख्य चयनकर्ता अगरकर के बीच संवाद की कमी भयावह रूप लेती जा रही है। अगर मौजूदा टकराव का समय रहते हल नहीं निकाला गया, तो इसका असर 2026 टी-20 वर्ल्ड कप और 2027 विश्व कप पर पड़ सकता है। ग्रेग चैपल के अनुभव के बाद साफ है कि ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड की सामाजिक-आर्थिक रचना और भारतीय परिस्थिति में फर्क है। भारी आबादी की वजह से भारत में असुरक्षा का माहौल रहता है। असुरक्षा का दौर अब और भी हावी हो गया है, क्योंकि व्हाइट बॉल क्रिकेट में टैलेंट की भरमार है। दूसरे, कोई भी सुधार चरणबद्ध तरीके से हो सकता है, रातोंरात नहीं। यह सच है कि अगर टीम इंडिया को क्रिकेट मैदान पर तीनों फॉर्मेट में अजेय बनना है, तो टीम कल्चर को बढ़ाना होगा और सुपरस्टार कल्चर की संस्कृति को कम करना होगा, लेकिन यह रातोंरात नहीं हो सकता।

संघर्ष का विजेता भले जो भी हो, भारतीय क्रिकेट का दिल डेविड फ्रिथ की किताब के टाइटल के माकूल शांतिपूर्वक आत्महत्या की घुटन से गुजर रहा है। दिल्ली के मॉडर्न स्कूल से पढ़े गौतम गंभीर एक उम्दा क्रिकेटर थे, असाधारण नहीं। गंभीर ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को पहले सचिन, सौरव, द्रविड़ और फिर महेंद्र सिंह धोनी तथा विराट कोहली जैसे असाधारण क्रिकेटर के साये में गुजारा। शायद यही एक बड़ी वजह रही कि जब वह कोच बने, तो बड़ी शख्सियतों का विरोध उनकी कोचिंग फिलोसॉफी का केंद्रबिंदु बना। क्रिकेट छोड़ने के बाद अपने तमाम इंटरव्यू में उन्होंने कभी महेंद्र सिंह धोनी, तो कभी विराट कोहली के कल्ट पर सवाल उठाये। आइपीएल के कप्तान गौतम गंभीर को कामयाबी दिल्ली की टीम से नहीं मिली, जहां उन्होंने अपना अधिकतर क्रिकेट खेला था, बल्कि कोलकाता की टीम से मिली, जहां उन्हें मन माकूल टीम को चलाने की आजादी मिली।


## बोर्ड को अब हस्तक्षेप करने की जरूरत

तीसरे, टीम तभी कामयाब होती है, जब कप्तान टीम का सारथी हो और कोच परदे के पीछे काम करे। गौतम गंभीर को यह बात समझनी होगी। विराट और रोहित सर्वकालीन श्रेष्ठ क्रिकेटर हैं और यह जोड़ी अपने करियर का जबरदस्त क्रिकेट खेल रही है। इनका पूरा ध्यान एकदिवसीय क्रिकेट पर है। भारत को अगला विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में खेलना है। ऐसे में, टीम इंडिया इन दोनों के फॉर्म और अनुभव का फायदा उठा सकती है। ऐसे में हेड कोच और मुख्य चयनकर्ता का यह कहना अपरिपक्वता की निशानी है कि विश्व कप अभी दूर है और इन दोनों की जगह तय नहीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को अब हस्तक्षेप करने की जरूरत है।

# चीन का जासूसी मिशन और नंदा देवी पर्वत पर गुम हो चुके न्यूक्लियर डिवाइस की मिस्ट्री

● संकल्प सिंह ●

हिमालय जैसे अत्यंत संवेदनशील पर्यावरणीय क्षेत्र में रेडियोधर्मी पदार्थों के फैलने का गंभीर खतरा को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पिछले दिनों देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर गंभीर दावे किए। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में भारत ने कथित तौर पर अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए को हिमालय क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से नंदा देवी पर्वत पर परमाणु ऊर्जा से चलने वाले एक विशेष निगरानी उपकरण लगाने की अनुमति दी थी। दुबे के अनुसार यह गोपनीय अभियान अलग-अलग चरणों में संचालित हुआ। उनका दावा है कि इसकी शुरुआत 1964 में नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुई, जबकि बाद के चरण 1967 और 1969 में इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते पूरे किए गए। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जब अमेरिकी कर्मियों के वहां से हटने के बाद, परमाणु ऊर्जा से संचालित वह निगरानी उपकरण पर्वत पर ही छोड़ दिया गया। उनका कहना था कि इस वजह से हिमालय जैसे अत्यंत संवेदनशील पर्यावरणीय क्षेत्र में रेडियोधर्मी पदार्थों के फैलने का गंभीर खतरा पैदा हुआ। आज यहां इसी अनोखी न्यूक्लियर मिस्ट्री के बारे में बात हो रही है। ये घटना नंदा देवी पर्वत पर गुम हो चुके 7 प्लूटोनियम कैप्सूल्स की है। कहा जाता रहा है कि यह न्यूक्लियर डिवाइस आज भी हिमालय के पर्वतों पर कहीं गुम है। फिलहाल किसी को भी इस डिवाइस के बारे में कुछ नहीं पता। अगर गलती से भी यह डिवाइस गंगा या हिमालयन रेंज से निकलने वाली दूसरी नदियों के स्त्रोतों के संपर्क में आता है, तो इससे करोड़ों लोगों की जान पर खतरा आ सकता है।



"आज हम आपको एक अनोखी न्यूक्लियर मिस्ट्री के बारे में बताने जा रहे हैं। ये घटना नंदा देवी पर्वत पर गुम हो चुके प्लूटोनियम कैप्सूल की है। यह न्यूक्लियर डिवाइस आज भी हिमालय के पर्वतों पर कहीं गुम है।

## बर्फीले तूफान ने ध्वस्त किया मिशन

नंदा देवी पर्वत की चढ़ाई करना काफी मुश्किल काम था। पर्वतारोहण के दौरान जब टीम शिखर के नजदीक पहुंची ही थी कि तभी अचानक एक बड़ा बर्फीला तूफान आ गया। मामले की गंभीरता और टीम के लोगों की जान के खतरे को देखते हुए, एम.एस कोहली ने उस न्यूक्लियर डिवाइस को वहीं छोड़कर वापस नीचे उतरने का फैसला किया। इस पर टीम की सहमति भी बन गई। स्थिति सामान्य होने के बाद साल 1966 में टीम दोबारा उस न्यूक्लियर डिवाइस को लेने के लिए पर्वत पर जाती है। चौंकाने वाली घटना ये हुई कि जिस जगह पर न्यूक्लियर डिवाइस को रखा गया था, वह वहां पर नहीं मिला। इसके बाद डिवाइस को ढूंढने के लिए कई खोजबीन अभियान चलाए गए। पानी के सैंपलों को लेकर उसमें रेडियो एक्टिविटी की जांच भी की गई। इसके बाद भी न्यूक्लियर डिवाइस के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं मिली। माना जाता है कि आज भी ये न्यूक्लियर डिवाइस हिमालय के पर्वतों पर कहीं गुम है।

## नंदा देवी पर्वत को चुना जासूसी के लिए

जासूसी के लिए भारत की दूसरी सबसे ऊंची चोटी नंदा देवी पर्वत को चुना गया। मिशन को अंजाम देने के लिए ये स्ट्रैटिजिक रूप से काफी महत्वपूर्ण लोकेशन थी। इस मिशन की पूरी रूपरेखा तैयार की गई। एक खास तरह के न्यूक्लियर डिवाइस को बनाकर यह तय किया गया कि इसे भारत की दूसरी सबसे ऊंची चोटी नंदा देवी पर्वत पर ले जाया जाएगा। हालांकि, 56 किलोग्राम के इस डिवाइस को चोटी पर ले जाना काफी चुनौतीपूर्ण काम था। ऐसे में इस डिवाइस को नंदा देवी पर्वत पर ले जाने की कमान मनमोहन सिंह कोहली को सौंपी गई। एम.एस कोहली उस दौरान भारत के मशहूर क्लाइंबर्स में से एक थे। मिशन को अंजाम देने के लिए अमेरिका की सीआईए और भारत की इंटेलिजेंस ब्यूरो ने साथ आकर एक स्पेशल टीम को तैयार किया। इस टीम में दोनों देशों के सर्वश्रेष्ठ क्लाइंबर्स, इंटेलिजेंस ऑफिसर, न्यूक्लियर एक्सपर्ट और रेडियो इंजीनियर शामिल किए गए। साल 1965 में कैप्टन एम.एस कोहली के नेतृत्व में टीम ने 56 किलो के इस न्यूक्लियर डिवाइस को लेकर नंदा देवी पर्वत की चढ़ाई शुरू की। इस डिवाइस में लगभग 10 फीट का एक एंटीना, ट्रांसीवर और एक स्नैप जनरेटर था। इसके अलावा इसमें सात प्लूटोनियम कैप्सूल भी थे।

## ऐसे हुई कहानी की शुरुआत

इस न्यूक्लियर डिवाइस की कहानी की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। साल 1964 में चीन ने अपने पहले न्यूक्लियर टेस्ट को अंजाम दिया, जिससे अमेरिका सतर्क हो गया। चीन के टेस्टकी सैटेलाइट के जरिए जासूसी करना मुमकिन नहीं था। ऐसे में अमेरिका ने चीन की जासूसी करने के लिए भारत का रुख किया। 1962 भारत-चीन युद्ध और देश की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारत ने अमेरिका के इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

## निष्क्रिय होने में अभी भी कई साल बाकी

इस मिशन में जिस प्लूटोनियम पीयू 238 का इस्तेमाल किया गया था। उसकी आधी लाइफ अर्थात प्लूटोनियम पीयू 238 रेडियो आइसोटोप्स के आधे भाग को डिके होने में 88 साल लगेंगे, यानी गुम हो चुके इस प्लूटोनियम को डिके होने में अभी भी कई साल बचे हैं। अगर निकट भविष्य में ये प्लूटोनियम, ऋषि गंगा या दूसरी नदियों के संपर्क में आकर उसको दूषित करता है। ऐसे में एक बड़ा संकट देश के समक्ष खड़ा हो सकता है, क्योंकि यही नदियां देश की प्यास बुझाती हैं, अगर ये रेडियोएक्टिव हो गईं, तो परिणाम आप सोच सकते हैं। इस घटना पर लोकप्रिय फिल्म होम एलोन के डायरेक्टर स्कॉट रोसेनफेल्ट एक फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में रणबीर कपूर कैप्टन कोहली के रूप में नजर आ सकते हैं।

# वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बेजरूरत कपड़े खरीदना भी है..!

● विनोद पाठक ●

लखनऊ में बुधवार शाम भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच धुंध और प्रदूषण के कॉकटेल के कारण रद्द होना केवल एक खेल आयोजन का रुकना नहीं था, बल्कि यह उस गंभीर चेतावनी का संकेत था, जिसे देश लगातार अनदेखा करता रहा है।

वायु प्रदूषण अब किसी एक शहर या क्षेत्र तक सीमित समस्या नहीं रह गया है। यह एक राष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है, जिसकी जड़ें हमारी उत्पादन और उपभोग की आदतों में गहराई से जुड़ी हुई हैं।

आज प्रदूषण की चर्चा होते ही ध्यान वाहनों, उद्योगों या पराली जलाने पर चला जाता है, जबकि असल प्रश्न यह है कि इन सबके पीछे ऊर्जा और संसाधनों की बढ़ती मांग क्यों है? यह मांग सीधे तौर पर हमारे उपभोग से पैदा होती है। जितना अधिक उपभोग, उतना अधिक उत्पादन और उतना ही अधिक कार्बन उत्सर्जन।

वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि वायु प्रदूषण केवल धुंध या दृश्यता की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है। सूक्ष्म प्रदूषक कण, विशेष रूप से पीएम 2.5, फेफड़ों, हृदय और मस्तिष्क पर दीर्घकालिक प्रभाव डालते हैं। यह केवल मौसम की समस्या नहीं है। यदि उत्सर्जन का स्तर कम हो तो मौसम की भूमिका उतनी घातक नहीं बनती।

मूल समाधान उत्सर्जन घटाने में ही निहित है। स्थायी समाधान तभी संभव है, जब कार्बन उत्सर्जन के स्रोतों पर दीर्घकालिक नियंत्रण हो और इसके लिए उपभोग के पैटर्न को बदलना अनिवार्य है। कम उपभोग का अर्थ अभाव नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण उपयोग है। उदाहरण के लिए कपड़ों का अत्यधिक उपयोग, फैशन उद्योग वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा है।

एक कपड़े के उत्पादन से लेकर उसके परिवहन तक भारी मात्रा में ऊर्जा, पानी और रसायनों का उपयोग होता है। यदि लोग आवश्यकता अनुसार कपड़े खरीदें, लंबे समय तक उनका उपयोग करें और बार-बार फैशन बदलने की प्रवृत्ति को सीमित करें तो उत्पादन की मांग घटेगी और



"वायु प्रदूषण की जड़ें हमारी उत्पादन और उपभोग की आदतों में गहराई से जुड़ी हुई हैं। जितना अधिक उपभोग, उतना अधिक उत्पादन और उतना ही अधिक कार्बन उत्सर्जन। कम उपभोग का अर्थ अभाव नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण उपयोग है। उदाहरण के लिए कपड़ों का अत्यधिक उपयोग, फैशन उद्योग वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा है।

कार्बन उत्सर्जन में स्वतः कमी आएगी। बिजली का उपयोग भी कार्बन उत्सर्जन से सीधे जुड़ा है। हर अनावश्यक लाइट, एसी या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अधिक कोयला जलाने की मांग पैदा करता है। संयमित बिजली खपत कार्बन उत्सर्जन को कम करने का सबसे सरल उपाय है।

स्पष्ट है कि वायु प्रदूषण की लड़ाई केवल नीति, कानून या आपात उपायों से नहीं जीती जा सकती। यह जीवनशैली में परिवर्तन की मांग करती है। जब तक समाज यह स्वीकार नहीं करता कि अनियंत्रित उपभोग ही प्रदूषण की जड़ है, तब तक समाधान अधूरा रहेगा। कम उपभोग का विचार हमें विकास से पीछे नहीं ले जाता, बल्कि टिकाऊ विकास की ओर ले जाता है। कार्बन उत्सर्जन को घटाने का रास्ता सरकार की योजनाओं से होकर जरूर जाता है, लेकिन उसका अंतिम पड़ाव आम आदमी के दैनिक निर्णयों में ही तय होता है।

# राजेश खन्ना ने इंकार किया तो बदलनी पड़ी थी धर्मात्मा की कहानी

1972 में जब हॉलीवुड फिल्म 'गॉडफादर' रिलीज हुई थी तब भारत की कुछ फिल्मी हस्तियों ने भी ये फिल्म देखी थी। उनमें से एक थे फिरोज खान। गॉडफादर फिरोज खान को बहुत पसंद आई। उन्होंने तय कर लिया कि वो भी ऐसी किसी कहानी को हिंदी में बनाएंगे। फिरोज खान जब भारत लौटे तो उन्होंने अपने दोस्त और लेखक कौशल भारती को गॉडफादर से प्रेरित कोई कहानी लिखने को कहा।

फिरोज खान चाहते थे कि फिल्म को हॉलीवुड स्टाइल में बननी चाहिए। इसके लिए किसी बढ़िया लोकेशन की जरूरत थी। इसलिए फिरोज खान लोकेशन की तलाश में अफगानिस्तान चले गए। उस वक्त अफगानिस्तान में राजशाही हुआ करती थी और राजा थे मोहम्मद जहीर शाह। फिरोज खान जब उनसे मिले तो उन्होंने फिरोज खान का जोरदार स्वागत किया और फिल्म की शूटिंग की अनुमति भी दे दी।

शुरुआत में धर्मात्मा की कहानी कुछ यूं डेवलप की गई थी कि धर्मात्मा के बेटे रणबीर का रोल राजेश खन्ना निभाएं। जंगूरा का रोल निभाएं फिरोज खान। लेकिन ये रोल बाद में डैनी साहब ने निभाया। हेमा मालिनी रेशमा बनेंगी और जीनत अमान बनेंगी अनु। मगर बाद में इस रोल को रेखा ने निभाया। उस वक्त जो कहानी थी उसमें दिखाया जाना था कि जंगूरा रेशमा से शादी करना चाहता है। मगर रेशमा को धर्मात्मा का बेटा रणबीर पसंद है। अपनी मुहब्बत को कुर्बान करके जंगूरा रेशमा को छोड़ देता है। रणबीर अपने पिता धर्मात्मा की मौत का बदला लेने भारत आता है। जंगूरा और रणबीर मिलकर बहुत सारा एक्शन करते हैं।

ये कहानी लगभग तय हो गई थी। मगर फिल्म की शक्ल इसलिए नहीं ले सकी क्योंकि राजेश खन्ना के साथ बात नहीं बन सकी।

आखिर में फिरोज खान ने फ़ैसला किया कि वो खुद धर्मात्मा के बेटे रणबीर का किरदार निभाएंगे, और जंगूरा के किरदार के लिए डैनी को चुना गया। कहानी से उस हिस्से को हटा दिया गया जिसमें रणबीर की मदद के लिए जंगूरा भारत आता है। फिरोज खान ने डैनी साहब से कहा कि अगर जंगूरा को बुलाया गया तो रणबीर का किरदार कमजोर हो जाएगा। वैसे, यह भी जानने लायक है कि धर्मात्मा के लिए डैनी को शोले छोड़नी पड़ी थी।



● शोभा डे ●

ट्रैवल और एविएशन के इतिहास में कभी भी भारतीय एयरलाइन के यात्री ने इतनी ज़ोर से या खुले तौर पर अपनी निराशा, जानलेवा गुस्सा और बदले की भावना नहीं दिखाई, जैसा कि पिछले दिनों हुआ, जब एक 'खास' अधिकार वाली और मोनोपॉलिस्टिक एयरलाइन ने लाखों यात्रियों को बंधक बनाने के लिए स्थिति का गलत फायदा उठाया। डरे हुए लोग कस्टमर्स की तकलीफ और बेबसी देख रहे थे, जिनके पास इसे झेलने के अलावा कोई चारा नहीं था, जबकि एक के बाद एक फ्लाइट बिना किसी ठोस वजह के कैंसिल हो रही थीं। यह एक बिना प्लान की बगावत थी। अराजकता। बिना किसी प्रत्यक्ष 'राजा' के जिस पर अपना गुस्सा निकाला जा सके। इस पहले कभी न हुई अफरा-तफरी के दौरान टॉप बॉस कहाँ थे? वे अपनी पोस्ट से गायब क्यों थे? जूनियर्स को पैसेंजर के गुस्से, गालियों, बेइज्जती, गाली-गलौज का सामना करने देना कितनी कायरता थी, जबकि टॉप अधिकारी ब्रेकडाउन के सबसे मुश्किल समय में भी चुपचाप खड़े रहे।

हमें अभी भी काफी नहीं पता। ऊपर कोई तो साफ-साफ झूठ बोल रहा था। लेकिन कौन? यह मुमकिन नहीं है कि टाइम टेबल और शेड्यूल में तथाकथित बदलाव अचानक से हुआ हो। या टॉप मैनेजमेंट को इस अफरा-तफरी के भयानक नतीजों का पता नहीं था। क्या उस लेवल पर किसी ने माफी मांगी या दिखाया कि उन्हें परवाह है? नहीं। इसे कहते हैं घटिया कॉर्पोरेट घमंड और सबसे घटिया किस्म की मनमानी। जब इतने सारे साथी नागरिक कैंसिल हुई फ़्लाइट्स की वजह से परेशान थे, तब इंडिगो के बड़े अधिकारियों ने हल्की-फुल्की वजहों से छिपकर दूसरों पर इल्ज़ाम लगाना चुना। बेहद शर्मनाक था यह सब.... जैसे-जैसे यात्रियों की सबसे बुरी ट्रैवल ट्रॉमा झेलने की कहानियाँ सामने आईं, एयरपोर्ट्स बदसूरत लड़ाई के मैदान बन गए, जहाँ पागल यात्री अजीब मुश्किलों का सामना कर रहे थे, जैसे वह जोड़ा जो अपनी शादी का रिसेप्शन मिस कर गया और वर्चुअली शामिल हुआ (उनके इस बेबस अनुभव पर एक फिल्म की स्क्रिप्ट बन सकती है), या पीड़ितों को ज़रूरी जॉब इंटरव्यू, लीगल केस, मेडिकल इमरजेंसी और भी बहुत कुछ छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# क्या इंडिगो की ब्रांडिंग 'इंडी- गो टू हेल' करने का समय आ गया है?




"एयरपोर्ट पर फंसे हुए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, एयरलाइन पर घमंड और मिस मैनेजमेंट का आरोप

## इस गुनाह के लिए कोई सज़ा वाली कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

इंडिगो की पहेली लगातार कॉन्सपिरेसी थ्योरीज़ से उलझती जा रही है। ... बस एक आसान सवाल का जवाब दीजिए -- यह राहुल भाटिया कैसा आदमी है? उस बदमाश एयरलाइन का मैनेजिंग डायरेक्टर मुश्किल के समय गायब था! बड़े-बड़े ईगो वाला फाउंडर प्रमोटर गायब था, जबकि देश हिल रहा था। इस सिनेरियो में दुकान ने बुरी तरह शटर गिरा दिए थे। इस गुनाह के लिए कोई सज़ा वाली कार्रवाई नहीं? कोई पूछताछ तक नहीं की? तब भी जब थके हुए, धुंधली आँखों वाले, ज़्यादा काम करने वाले पायलट जो उड़ने को तैयार थे, और पैसेंजर और क्रू को राहत देते रहे, जो अपनी कीमती जिंदगी थके हुए कैप्टन को सौंप देते हैं। मैं कभी इंडिगो के प्रति लॉयल पैसेंजर थी। लेकिन अब, मैं एक बिंदास फ़्लायर बन गई हूँ -- किसी भी हवाई जहाज़ में चढ़ने को तैयार जो मुझे सही सलामत मेरी मंजिल तक पहुँचा दे, और उम्मीद है कि टाइम पर।

अपनी अगली फ़्लाइट तक, मैं फिल्म धुरंदर के वायरल अक्षय खन्ना वाले हुक स्टेप पर काम कर रही हूँ, और ऐसा दिखावा कर रही हूँ कि मैं बलूची हूँ। इंशाअल्लाह... लेकिन जिस चीज ने मुझे ज़्यादा इंटरेस्टिंग बनाया है, वह कुछ जाने-माने फिल्म क्रिटिक्स का कड़ा रिएक्शन है, जिन्होंने यह कहने की हिम्मत की कि उन्हें फिल्म या वह ट्रैक बिल्कुल पसंद नहीं आया जो फिल्म का सिग्नेचर बन गया है। क्योंकि, सिर्फ़ पेड रिव्यू ही राज करते हैं। ऐसे माहौल में जहाँ सिर्फ़ तारीफ़ ही सब कुछ है, एक भी बुराई वाली बात को पर्सनल अटैक मान लिया जाता है। हाँ, ज़्यादातर इन्फ्लुएंसर किसी भी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट होने का दिखावा करने वाले दलालों से बेहतर नहीं होते। उन्हें पैसा दिखाओ और वे लगभग किसी भी चीज़ को एंडोर्स कर देंगे।

इंडिगो का शर्मनाक रवैया बेरहमी, बेपरवाही और लापरवाही से पहचाना गया। देश भर के एयरपोर्ट्स पर घंटों तक फंसे यात्रियों को पीने का पानी और स्नैक्स जैसी बुनियादी चीज़ें न मिलने को कौन माफ़ कर सकता है? इंडिगो बोर्ड के पास इस और अनगिनत दूसरी गलतियों के लिए क्या सफाई है? इन गलतियों के लिए माफ़ नहीं किया जा सकता! असल में, यह नागरिकों की सबसे ज़्यादा हिम्मत और सहनशीलता थी, जिसने एक बहुत बड़ी मुसीबत को टाला, यह देखते हुए कि यात्रियों के साथ कितना बुरा बर्ताव किया गया। इससे कहीं ज़्यादा नुकसान हो सकता था - ऐसा नहीं है कि पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुँचाने से यात्रियों को बोर्डिंग कार्ड मिल जाता। बेचारे इंडिगो स्टाफ़ पर हुए हमलों पर तरस आया, जिन्हें यात्रियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। बात यह है कि अब जब यह संकट खत्म हो गया है... तो हम ऐसा क्या जानते हैं जो इस तबाही को सही ठहरा सके? हममें से जो लोग इस उथल-पुथल में फँस गए थे, वे दूसरी एयरलाइन्स में बहुत ज़्यादा कीमत वाली सीटों के लिए हाथापाई करने के अलावा कुछ नहीं कर सकते थे।

फिर से- क्या यह बेरहमी, ज़बरदस्ती वसूली और बहुत ज़्यादा बेरहमी नहीं है कि इंडिगो के बड़े कॉम्पिटिटर अपने आप किराया बढ़ा दें, कीमत दोगुनी और तिगुनी कर दें। सोचिए मुंबई से दिल्ली जाने के लिए एक लाख या उससे ज़्यादा पैसे देना? क्या इस तरह के संकट से निपटने का तरीका इंसानी नहीं होना चाहिए? क्या सब कुछ तहज़ीब की कीमत पर जल्दी पैसा कमाने के बारे में है? यह सब हमें एक इंसान के तौर पर कितना मौकापरस्त और बदसूरत दिखाता है।

लेकिन हर बुरी बात के साथ, एक अच्छी कहानी भी थी।

उदाहरण के लिए, दो जोशीली औरतों को ही लीजिए जो अपने-अपने शहरों में लगभग अकेले ही लिटरेचर फेस्टिवल चलाती हैं -- डॉ. मंजरी प्रभु और उनका पुणे इंटरनेशनल लिट फेस्ट, शाइनी अब्राहम और बेंगलुरु लिट फेस्ट। दोनों लिट फेस्ट एक ही खराब इंडिगो वीकेंड पर हुए। जिसका मतलब था आखिरी समय में कैंसलेशन, लेखकों का फंसे रहना, किताबों का न आना...। यह किसी भी ऑर्गनाइज़र के लिए सबसे बुरा सपना है।

लेकिन, अपने कभी हार न मानने वाले अनोखे जज़्बे के साथ, दोनों औरतों ने हिम्मत नहीं हारी, शेड्यूल बदला, सेशन करने में मदद के लिए दोस्तों को बुलाया, आने वालों को भरोसा दिलाया कि शो चलता रहेगा! इससे उनमें और कुछ लेखकों में सबसे अच्छा बाहर आया, जिन्होंने खुशी-खुशी दूसरी फ्लाइट लीं, दूर के एयरपोर्ट पर घंटों इंतज़ार किया, लेकिन अपने बताए गए सेशन में शामिल होने के लिए आए। मुझे आठ घंटे लगे।

# जनजातीय समाज के सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री श्रीमती उइके



## भालीवाड़ा पंचायत में आयोजित प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में हुई शामिल मंत्री गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की

**जागरण, मंडला।** प्रशासन आपके द्वार कायक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रशासन आपके द्वार जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है और ग्रामीणों का विश्वास और मजबूत होता है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व एवं प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शासन की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे और हर परिवार को सम्मानपूर्वक जीवन मिले।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अब ग्रामीणों को हर मौसम में सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास मिल सकेगा। वर्षों से पक्की छत का जो सपना था, वह अब साकार हो रहा है। मंत्री ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में अब तक 320 व्यक्तियों को पक्के मकान मिल चुके हैं तथा आने वाले समय में यहां 165 अतिरिक्त आवासों का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री श्रीमती उइके ने शिक्षा के क्षेत्र में आए सकारात्मक परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए कहा कि शासन द्वारा विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्थानीय विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भालीवाड़ा में शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण के संबंध में प्रभारी मंत्री एवं शासन स्तर पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

ग्रामीण अधोसंरचना के विकास की दिशा में उन्होंने गांव तक पहुंच मार्ग के लिए विधायक निधि से 18 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही रमपुरी से भालीवाड़ा, डुडुमरैयत, डूडूममाल, मानेगांव, पांडीवाड़ा चौकी तक के पहुंच मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किए जाने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र के आवागमन को नई गति मिलेगी।

मंत्री श्रीमती उइके ने ग्राम पंचायत भालीवाड़ा में शराबबंदी को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव में शांति व्यवस्था कायम रहेगी, आपसी विवाद कम होंगे और सामाजिक वातावरण और अधिक सकारात्मक बनेगा। स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुति करने पर मंत्री श्रीमती उइके ने मंच से एक हजार रूपए की राशि प्रदान की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी साहू एवं टिकरवारा सरपंच श्रीमती श्रद्धा उइके करवेती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्री लालजू सिंह मर्सकोले, भालीवाड़ा सरपंच, एसडीएम, सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा संचालित की जा रही शासकीय योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम में पेंशन, संबल, कर्मकार, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों ने मंत्री श्रीमती उइके को दिये, जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग को समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# छतरपुर में गुण्डों, बदमाशों की परेड कानून व्यवस्था बनाए रखने और नए साल पर गड़बड़ न करने की चेतावनी



**जागरण, छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई एवं हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में छतरपुर मुख्यालय के थाना कोतवाली, सिविल लाइन, ओरछा रोड में चिन्हित एक सैकड़ा से अधिक गुंडा बदमाशों को पुलिस सहायता केंद्र बस स्टैंड में उपस्थित कर नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी ओरछा रोड उपनिरीक्षक दीपक यादव एवं कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक समझाइश दी गई। कुछ लिस्टेड बदमाश वर्तमान में जेल में निरुद्ध या जिले से बाहर हैं, जिनकी जानकारी भी एकत्रित की गई।

गुंडा लिस्टेड बदमाशों की वर्तमान में गतिविधि, समाज एवं सोशल मीडिया में क्या व्यवहार है, भ्रमण कहां-कहां एवं कार्यशैली कैसी है, चेक किया गया। पूर्व में किए गए अपराध से वर्तमान तक की अवधि जानी गई। गुंडा लिस्टेड होने के पश्चात अपराध की पुनरावृत्ति के संबंध में भी जानकारी चेक की गई।

बुलाए गए चिन्हित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करें, क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति, उपद्रव या दहशत का माहौल निर्मित न करें। आगामी नववर्ष एवं पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो, अपराधों से दूर रहें, शांति व्यवस्था भंग करने या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कबाडख़ाने में तब्दील हुआ ओपन जिम और पार्क

## हादसों को खुला न्यौता दे रही ओपन जिम की मशीनरी

**जागरण, छतरपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से करोड़ों की लागत से बनाए गए सार्वजनिक पार्क और ओपन जिम आज रखरखाव के अभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमान टौरिया क्षेत्र में स्थित ओपन जिम और बच्चों का पार्क वर्तमान में अत्यंत दयनीय स्थिति में पहुँच चुका है, लेकिन जिम्मेदार नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या से पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओपन जिम में लगी मशीनरी के कई महत्वपूर्ण हिस्से गायब हो चुके हैं और जो बचे हैं, वे भारी जंग लगने के कारण उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका ने इन उपकरणों को स्थापित तो कर दिया, लेकिन उनके नियमित निरीक्षण और मरम्मत की कभी जहमत नहीं उठाई। सार्वजनिक संपत्ति का इस तरह बर्बाद होना प्रशासनिक उदासीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पार्क में खेलने आने वाले बच्चों के माता-पिता हर समय इस डर में रहते हैं कि कहीं उनका बच्चा इन टूटे हुए उपकरणों से चोटिल न हो जाए। विशेषकर रविवार जैसे भीड़भाड़ वाले दिनों में स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है जब बच्चों की संख्या अधिक होती है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि इस पार्क और ओपन जिम की सुध ली जाए।

# बिजावर जनपद सीईओ सहित चार दोषियों से होगी 13.26 लाख की वसूली

## नंदन फलोद्यान घोटाले में हुई बड़ी कार्रवाई

**जागरण, छतरपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई को अंजाम दिया है। जनपद पंचायत बिजावर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजना नागर सहित चार अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकारी धन के गबन का दोषी पाया गया है, जिसके फलस्वरूप उनसे 13.26 लाख रूपए की सामूहिक वसूली के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

मामला जनपद पंचायत बिजावर की ग्राम पंचायत अनगौर के अंतर्गत नंदन फलोद्यान कार्यों में बरती गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है, जहाँ बिना किसी जमीनी कार्य और बिना सरपंच-सचिव के हस्ताक्षरों के फर्जी तरीके से सरकारी राशि का भुगतान कर दिया गया था। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब सहायक लेखाधिकारी द्वारा फर्जी मटेरियल लिस्ट और एफटीओ जारी करने की शिकायत प्राप्त हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा कार्यपालन यंत्री सलिल सिंह और राजनगर जनपद सीईओ राकेश शुक्ला का एक विशेष जांच दल गठित किया गया था। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत अनगौर के 11 हितग्राहियों के लिए स्वीकृत नंदन फलोद्यान कार्यों में सामग्री का भुगतान बिना सहायक यंत्री के माप सत्यापन और देयक प्रमाणीकरण के ही कर दिया गया। अभिलेखों के निरीक्षण में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि सामग्री भुगतान के देयकों पर न तो सरपंच के हस्ताक्षर थे और न ही सचिव के, बल्कि केवल रोजगार सहायक और उपयंत्री के हस्ताक्षरों के आधार पर राशि निकाल ली गई।

# न्यू ईयर 2026 के सेलिब्रेशन को तैयार शिल्पलोक खजुराहो

## एम.पी.टी. के कुटने आइलैंड, पन्ना टाइगर रिजर्व में भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे पर्यटक




**जागरण, खजुराहो।** विश्व पर्यटन नगरी तथा धरती के शिल्पलोक खजुराहो में न्यू ईयर 2026 का जश्न मनाने को लेकर जमकर उत्साह रहता है। यहां हर साल नया वर्ष मनाने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं,जिनके सेलिब्रेशन को लेकर यहाँ के सितारा तथा बजट क्लास के होटलों और रेस्टोरेंटों में एक सप्ताह पहले से ही जश्न मनाने के लिए आयोजन की तैयारी शुरू हो जाती हैं। यह क्रम वर्षों से चला आ रहा है खजुराहो में नया वर्ष मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी पर्यटकों के साथ साथ विदेशी पर्यटक भी पहले से ही आ जाते हैं, जिनके लिए पर्यटन व्यवसायी भी बड़े पैमाने इंतजाम करते हैं। खजुराहो में स्टार रेटिंग होटलों से लेकर स्थानीय बजट स्तर के होटलों और रेस्टोरेंट में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए तरह तरह के आयोजन किये जाते हैं। होटलों और रेस्तराँ को आकर्षक तेज लाइटिंग रंगबिरंगी जगमगाहट से सराबोर के बीच डी. जे. डाँस, आर्केस्ट्रा, लाइव बैंड,लाइव म्यूजिक, गाला डिनर, लिक्युड ड्रिंक्स, डाँस कंपटीशन, शानदार आतिशबाजी और अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें पर्यटक देर रात तक जमकर धमाल मचाते हैं। नए वर्ष की 1 तारीख को खजुराहो का पर्यटन व्यवसाय भी बढ़ जाता है, खजुराहो में नए वर्ष के सेलिब्रेशन को लेकर एक माह पूर्व से बुकिंग होना शुरू हो जाती है साथ ही सैलानी भी तीन-चार दिन पूर्व से भी यहां आना शुरू हो जाते हैं। विदेशी पर्यटक तो आने भी लगे हैं खजुराहो में पिछले एक सप्ताह से पर्यटकों के आने की संख्या भी बढ़ रही है।

# डिंडौरी में वन विभाग का बड़ा एक्शन, जंगली सुअर के अवैध शिकार में 8आरोपी दबोचे



**जागरण डिंडौरी।** वन्यप्राणियों के संरक्षण को लेकर वन विभाग द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वन मण्डल अधिकारी डिंडौरी पुनीत सोनकर के मार्गदर्शन में उपवन मण्डल अधिकारी गाड़ासरई सुरेंद्र जाटव के निर्देशन और पूर्व करंजिया वन परिक्षेत्र अधिकारी मति कौशांबी झा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगली सूअर के अवैध शिकार के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने वनग्राम जगतपुर एवं नारीग्वारा क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर ग्रामीणों द्वारा दो जंगली सूअरों का अवैध शिकार कर उनका परिवहन एवं बिक्री की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान सभी आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। इस अभियान में परिक्षेत्र सहायक प्रमोद दास पाटिल, सेवाराम उइके, शिवकुमार मरावी तथा वनरक्षक तीरथ राज खैरवार, रमेश मार्को, विकास कुमार सोनवानी, मनोज भारतीय, रघुनाथ प्रजापति, ध्रुव सिंह धुर्वे सहित समस्त वन अमले की सक्रिय भूमिका रही। वन विभाग द्वारा मौके पर जप्ती की संपूर्ण कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने हेतु अग्रिम कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन्यप्राणियों के संरक्षण में सहयोग करें और अवैध शिकार जैसी गतिविधियों से दूर रहें।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके का दौरा कार्यक्रम

**जागरण मंडला।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके 29 दिसंबर को प्रातः 10:15 बजे ग्राम टिकरवारा से टाटरी हेलीपेड के लिए रवाना होंगी और प्रातः 11 बजे टाटरी हेलीपेड पहुंचकर नवीन हेलीपेड के लोकार्पण में शामिल होंगी। मंत्री श्रीमती उइके प्रातः 11:30 बजे टाटरी से मंडला के लिए रवाना होकर दोपहर 12:15 बजे मंडला पहुंचेंगी। इसके बाद मंत्री श्रीमती उइके दोपहर 1 बजे जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता में शामिल होंगी। दोपहर 3 बजे मंडला से ग्राम बढ़ार के लिए रवाना होंगी तथा दोपहर 3:30 बजे ग्राम बढ़ार में टूर्नामेंट का शुभारंभ और विकास कार्यों के भूमिपूजन में शामिल होंगी। मंत्री श्रीमती उइके शाम 4 बजे ग्राम बढ़ार से मंडला के लिए रवाना होंगी।

# खेल मैदान की जमीन पर किया जा रहा अवैध उत्खनन

## एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने रात के अंधेरे में चुराई 600 डंपर मुरम

**जागरण, छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम ढड़ारी में विकास के नाम पर विनाश का एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि सड़क निर्माण कर रही एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने ग्राम पंचायत द्वारा खेल मैदान के लिए प्रस्तावित शासकीय भूमि से रात के अंधेरे में चोरी-छिपे सैकड़ों डंपर मुरम निकाल ली है। इस अवैध उत्खनन के कारण प्रस्तावित खेल मैदान की जमीन अब 40 फीट गहरे जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। ढड़ारी के सरपंच प्रतिनिधि अशोक प्रजापति ने बताया कि ढड़ारी स्थित इस पहाड़ी क्षेत्र में एक प्राचीन मंदिर स्थित है, जिससे सटी भूमि पर ग्राम पंचायत ने युवाओं के लिए खेल मैदान का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने ग्राम पंचायत से किसी भी प्रकार की अनुमति लिए बिना, रात के समय मशीनों के जरिए उत्खनन शुरू किया। ग्रामीण विनोद तिवारी एवं रामावतार अहिरवार के अनुसार, अब तक लगभग 600 डंपर से अधिक मिट्टी और मुरम यहाँ से निकाली जा चुकी है। जब गाँव वालों को इस अवैध गतिविधि की भनक लगी, तो उन्होंने मौके पर पहुँचकर विरोध प्रदर्शन किया और काम को तत्काल बंद कराया। उल्लेखनीय है कि यह प्रस्तावित खेल मैदान केवल ढड़ारी ही नहीं, बल्कि आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनने वाला था, जो कि अब बर्बाद हो गया है। ढड़ारी के सरपंच प्रतिनिधि अशोक प्रजापति का कहना है कि एमकेसी कंपनी या उसके ठेकेदार को पंचायत की ओर से मुरम निकालने की कोई स्वीकृति नहीं दी गई है। यह पूरी तरह अवैध है और हम इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे।

# इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में डिंडौरी को गौरव, दो विद्यार्थी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित



**जागरण डिंडौरी।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत डिंडौरी जिले के लिए गर्व का क्षण है। वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी/प्रतियोगिता के लिए जिले के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया गया है। वर्ष 2023-24 में शासकीय हाई स्कूल धनवासी में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के छात्र पंकज कुमार मरावी तथा वर्ष 2024-25 में शासकीय माध्यमिक शाला देवरी में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के छात्र कन्हैया ठाकुर ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी/प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी/प्रतियोगिता का आयोजन 29 एवं 30 दिसंबर 2025 को इंदौर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए चयनित विद्यार्थी अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ आज डिंडौरी से इंदौर के लिए रवाना हुए। इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा अधिकारियों, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि दोनों विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।

# जीवित व्यक्ति को मृत बताकर रोकी सरकारी योजना मंडला की हीरापुर पंचायत ने मृत घोषित किया

**जागरण मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत हीरापुर में लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां पंचायत रिकॉर्ड में एक जीवित शख्स पीतम रजक को मृत घोषित कर दिया गया है। पंचायत और समग्र आईडी के दस्तावेजों में उन्हें स्वर्गीय पीतम रजक दर्ज किया गया है, जबकि वह जीवित हैं।रिकॉर्ड में मृत घोषित होने के कारण पीतम रजक को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समग्र आईडी में स्वर्गीय दर्ज होने से उनका राशन, पेंशन और अन्य शासकीय सुविधाएं रोक दी गई थीं। पीड़ित ने पंचायत और संबंधित विभागों में कई बार आवेदन दिए, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने गलती पकड़ी यह मामला तब उजागर हुआ जब बुजुर्ग ने अपनी समस्या मीडिया के सामने रखी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पुष्टि हुई कि पंचायत के दस्तावेजों में गलती से उन्हें मृत दर्शाया गया था। बुजुर्ग ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए अपने जीवित होने से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

# डिंडौरी में तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर पुल से टकराई, 55 वर्षीय व्यक्ति की मौके मौत



**जागरण डिंडौरी।** जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भरोठीङ्कमानिकपुर मार्ग पर आज दिन रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना बरबसपुर रोड के पास उस समय हुई, जब तेज रफ्तार प्लेटिना बाइक अनियंत्रित होकर पुल से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक पुल से टकरा गई, जिससे पीछे बैठे व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान की जा रही है, वहीं फरार बाइक चालक की तलाश जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक में हुये कई अहम् निर्णय



**जागरण,कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता मे जिला चिकित्सालय एमसीएच न्यू बिल्डिंग स्थित मीटिंग हाल में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ.राज सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, आमंत्रित दानदाता सदस्य अरविंद गुगालिया के पुत्र, श्रीमती कामिनी जौहर, विशेष आमंत्रित सदस्य पवन बजाज, सुमित अग्रवाल, डॉ.मनोरमा गुप्ता, डॉ.एस.पी.सोनी, डॉ.शिवमोहन सराफ, डॉ.मनीषचंद्र मिश्रा, डॉ.आर्यन तिवारी, सहायक प्रबंधक सुश्री प्रिया गोखले कोष्टा एवं सब इंजीनियर एन.एच.एम अजय मिश्रा मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि जिला चिकित्सालय परिसर में एनएचएम द्वारा प्रदत्त 1.19 करोड़ रूपये की लागत से फायर फाइटिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। इलेक्ट्रिक ऑडिट में पाये गये बिंदुओं पर कार्यवाही जारी है। 100 मेट्रेस कवर, डेंटल चेयर हेतु कम्प्रेसर, 2 एयर कण्डीशनर, टंकी ओवर फ्लोवाल, 2 मल्टीपेरा मॉनिटर, अस्थि रोग उपचार हेतु ड्रिल, आरी व के वायर की प्रक्रिया पूर्ण होकर उपकरण कार्यशील में स्थापित हैं। एक 250 किलो वॉट जनरेटर को 33 केव्हीए सब स्टेशन पर स्थापित करने के केजुअल्टी में केन्द्रीकृत ऑक्सीजन प्रणाली, सोलर वाटर हीटिंग प्रणाली, ओटी एचबी एसी सुधार, भवन में सुधार कि प्रक्रिया भावी भवन विस्तार व मेडिकल कॉलेज स्थापना को ध्यान रखते हुए लंबित रखी गई है।

वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट एवं नवंबर 2025 तक संपन्न वित्तीय लेखे का प्रस्तुतीकरण सचिव द्वारा किया गया। सदस्यों द्वारा समस्त विवरण एक साथ रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसे सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में विधायक श्री जायसवाल द्वारा सहायक प्रबंधक, प्रभारी रो.क.स. को बचत खाते को लिंक एफडी खाते में परिवर्तित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सायकल स्टैण्ड ठेकेदार को 5 लाख 88 हजार 888 रूपये की राशि जमा करने हेतु अंतिम नोटिस दिया गया।

रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दी जाने वाली रोगियों से एक्सरे व अन्य सुविधाओं हेतु उपयोगिता प्रभार का विषय सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया जिस पर गहन चर्चा उपरांत कलेक्टर कॉस्ट बेनिफिट एनालिसिस कर पुनः अगली बैठक में प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर निगम कटनी के लिये चिकित्सालय की लगभग 60 लाख रूपये की उपयोगिता प्रभार की देयता का विषय उठाया गया। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा विभाग से उक्त राशि प्राप्त करने सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया।

बैठक में सचिव द्वारा रेस्को मोड पर जिला चिकित्सालय कटनी परिसर की उर्जा आवश्यकता हेतु सोलर रूफ टाफ संयंत्र स्थापित करने प्रस्ताव दिया गया। जिसे सभा द्वारा अनुमोदित कर क्रय शाखा प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दिये गये। बैठक में सचिव द्वारा वर्ष 2025-26 के प्रथम आठ माह में चिकित्सालय द्वारा की गई रोगी सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि स्टाफ की कमी के बावजूद सुविधायें सतत जारी रखी जा रही हैं। सभा ने इस पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही आरएसओ द्वारा ड्यूटी चिकित्सकों की कमी की जानकारी दी गई जिसकी पूर्ति हेतु कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा सीएमएचओ को निर्देशित किया गया।

### दी जाये मेडिकल कॉलेज की जानकारी

बैठक में सचिव द्वारा पीपीपी आधार पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना विषयक जानकारी दी गई। जिस पर विधायक श्री जायसवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा जो भी कार्यवाही की जाती है वह समिति के समक्ष भी प्रस्तुत की जावे। विस्तार गतिविधियों हेतु प्रबंधक द्वारा ही कार्यवाही की जावेगी।

### मुड़वारा स्टेशन की ओर बनेगा गेट

बैठक के दौरान सचिव द्वारा समस्त भवनों में विद्यमान सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान में परिसर में आगे व पीछे 2 गेट खुले रहते हैं। परंतु भविष्य में केजुअल्टी परिसर नये सीसीएचबी भवन में स्थानांतरित होना है। जिसके कारण यदि भवन के समीप ही एक गेट दीवार तोड़ते हुए मुड़वारा स्टेशन के सामने की मेन रोड की ओर खोला जावे तो आकस्मिक कक्ष पहुंचने हेतु अंदर संकरे रास्तों से नहीं जाना होगा एवं कीमती समय की बचत होगी। इसके साथ ही आकस्मिक कक्ष एवं ओपीडी परिसर में प्रवेश द्वारा अलग-अलग रखना गुणवत्ता की दृष्टि से उत्तम होगा। जिस पर विधायक श्री जायसवाल एवं कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा एनएचएम के सहायक प्रबंधक व सब इंजीनियर को कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सदस्य कामिनी जौहर ने 6 से 12 पैनल ईसीजी मशीन अनुमानित कीमत 3 लाख रूपये अपनी ओर से दान देने की घोषणा की। बैठक के दौरान सुमित अग्रवाल ने 0.40 लाख की लागत से सीबी नाट मशीन हेतु एक यूपीएस देने घोषणा की। साथ ही 20 कंबलों का वितरण अतिथियों व सदस्यों से कराते हुए 80 कम्बल शिशु रोग विभाग हेतु चिकित्सालय को दान किया गया। सचिव द्वारा चिकित्सालय परिसर में शौचालय सुधार का प्राक्कलन प्रस्तुत करते हुए 17 हजार 418 का राशि की मांग की गइ। जिस पर कलेक्टर ने विधायक निधि जिला खनिज निधि से आवेदन करने हेतु निर्देशित किया। विधायक श्री जायसवाल द्वारा वर्ष 1983 मे जनभागीदारी से निर्मित 80 बिस्तरीय आईसीयू व मेडिकल वार्ड भवन का नामकरण तत्कालिक प्रभारी डॉ.ए.पी.सिंह के नाम पर करने प्रस्ताव रखा, जिस पर सभा में सहमति देते हुए सचिव को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# निगम अध्यक्ष ने न्यायलय के सामने से हटवाया स्पीड ब्रेकर

### विगत दिवस उक्त स्थल पर एक बेटी की मौत व दूसरी गंभीर घायल हुई थी




**कटनी।** जिला न्यायालय के मुख्य गेट के सामने गुरुवार को घटित हुआ सड़क हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक ऐसी पीड़ा बनकर सामने आया जो अत्यंत दुखद है इस हादसे में एक होनहार बिटिया की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि दूसरी बिटिया का उपचार जारी है। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने इस घटना को केवल एक औपचारिक सूचना मानकर नजर अंदाज नहीं किया बल्कि मानवीय संवेदना और नागरिक सुरक्षा के दायित्व के साथ इस विषय पर तत्काल संज्ञान लिया। जानकारी लेने पर यह तथ्य भी सामने आया कि उक्त स्थान पर बने स्पीड ब्रेकर से पूर्व में भी कई दुर्घटनाएँ घट चुकी है जिसकी शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही थीं।

श्री पाठक नें इस दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार से दूरभाष पर चर्चा करते हुए स्पीड ब्रेकर हटाये जाने के बाद उक्त स्थल पर मल्टी सेगमेंट स्पीड ब्रेकर अतिशीघ्र लगवाए जाने की बात कही ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा दोनो बनी रहे। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा किए जो हुआ वह केवल एक दुर्घटना नहीं है यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाने वाली पीड़ा है। जिस स्पीड ब्रेकर से आज एक बेटी की जान चली गई उसी स्थान पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएँ हो चुकी है यदि किसी जगह बार-बार हादसे हो रहे हों और हम समय रहते सुधार न करें तो यह व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी। शहर के नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कारण श्री पाठकं नें मौके पर पहुँचकर स्पीड ब्रेकर को हटवाने का निर्णय लिया ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस तरह का अपूर्णिय दुख न झेले। श्री पाठक नें कहा कि दिवंगत बेटी के परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि घायल बिटिया शीघ्र स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटे। नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि शहर में जहाँ-जहाँ सड़क संरचनाएँ खतरा बन रही हैं वहाँ तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। नागरिकों की जान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए निगम अध्यक्ष ने अपने सामने ही जेसीबी मशीन मंगवाकर सड़क के दोनो ओर बने स्पीड ब्रेकर को हटवाने की कार्यवाही कराई ताकि भविष्य में किसी और परिवार को ऐसा दर्द न सहना पड़े। यह निर्णय तात्कालिक नहीं, बल्कि पूर्व में हुई घटनाओं और इस बार हुई अपूर्णीय क्षति को ध्यान में रखते हुए लिया गया। श्री पाठक नें उक्त स्थल से नगर निगम के संबंधित विभाग प्रमुखों को दूरभाष पर निर्देशित किया है कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर बने स्पीड ब्रेकरों की तत्काल समीक्षा की जाएए विशेष रूप से उन स्थानों की जहाँ पूर्व में दुर्घटनाएँ घट चुकी हैं। मानकों के विपरीत पाए जाने वाले स्पीड ब्रेकरों को सुधारने या हटाने की सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाना आवश्यक है। इस दौरान जिला योजना समिति के सदस्य एवं पार्षद शशिकांत तिवारी, श्याम पंजवानी अधिवक्तागण सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा ने प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी का किया स्वागत



**कटनी।** भाजपा युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा राजा ने भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी का सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। जिसमें विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव, नवीन मोटवानी, प्रिंस गुप्ता, सोमदत्त हंतह, प्रिंस तिवारी, अमन तिवारी, हर्षित तिवारी, सत्येन्द्र साहू, अमन अवस्थी, अंकित यादव, रचित बिलैय, सौम्य बरसैया, मनीष उरमलिया, आशीष चौधरी, संजीव अग्रहरि, गुल मोटवानी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं सेवा भारती द्वारा गुरुद्वारा साहिब में रक्तदान शिविर संपन्न



**कटनी।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी कटनी के जिला सचिव अभिनंदन शर्मा एवं सेवा भारती कटनी के जिलाध्यक्ष रवि नायक पूर्व जज द्वारा संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि दिनांक 26 दिसम्बर को धन धन श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का प्रकाश वर्ष एवं वीर बाल दिवस पर गुरुओं की शहादत के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी कटनी एवं सेवा भारती कटनी के संयुक्त तत्वाधान में श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा साहिब बरही रोड में रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटनी के जिला संघ चालक डा.अमित साहू द्वारा किया गया। तत्पश्चात् डा.अमित साहू द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया उनके साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख ओम प्रकाश सोनी द्वारा भी रक्तदान किया गया। इस अवसर पर कटनी नगर के 25 रक्तदान दाताओं ने बाल दिवस के अवसर बरही रोड गुरुद्वारा में पहुंचकर रक्तदान किया जाकर आमजन को जीवनरक्षा करने हेतु रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में जसपालसिंह खालसा, सिद्धार्थ जायसवाल, पवन तिवारी, गौरव मनोचा, नीरज गुप्ता, रंजीत सिंह, अभिनंदन सरावगी, अमित जैन, स्वेता सिंघई, पीयूष वर्मा, दशमुख तिवारी, बलजीत सिंह, साहिल रमानी, निखिल असरानी, शिवकुमार यादव, संदीप गर्ग, मनीष भागचंदानी, मंदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह मंगल, मनोज चैलानी, मनीष त्रिसोलिया आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर की व्यवस्था में रोड श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी बरही रोड कटनी सिविल सर्जन डा यशवंत वर्मा, किशोर ओचानी कटनी नगर संघ चालक, तेजपाल सिंह भाटिया, सोनू खुराना, हरप्रीत ग्रोवर, सुशील शर्मा, डा.अशोक चौदहा, पंकज आरख, रमेश खण्डेलवाल, अग्रज लहरिया, निखिल शर्मा, आशीष झामनानी, जय स्वामी, वैभव सोनी, अज्जू पटेल, विवके गुप्ता, मयंक त्रिसोलिया, कृष्णा सेठिया, अनुराग सोनी, नितेश कुचिया, सृजन चौदहा, पूजा अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, आयुष कुदरहा, अंकित जैन, पंकज सरावगी की सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन कटनी जिले के डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सेवा भारती के जिला सचिव पुनीत नगरिया द्वारा किया गया।

# सायना इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक मेले एवं कला शिल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक मेला व कला शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन अत्यंत उत्साह, रंगों और रचनात्मकता के साथ किया गया जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों की समान रूप से उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार शर्मा मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

प्रदर्शनी दर्शकों के लिए एक दृश्यात्मक आनंद सिद्ध हुई। जिसमें विद्यार्थियों की विश्व स्तरीय कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं जो उनकी अद्भुत कल्पनाशीलता और कलात्मक दक्षता को दर्शाती थीं। कैनवास पर मोनोक्रोम शैली की आकर्षक ऐक्रेलिक पेंटिंग्स, जटिल अफ्रीकन शैडो आर्ट तथा पौराणिक कथाओं, प्रकृति की सुंदरता, पाश्चात्य कला, मध्य प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और सूफी कला जैसे विषयों पर आधारित सशक्त कलाकृतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी को और भी जीवंत बनाते हुए विद्यार्थियों ने थीम आधारित नृत्य प्रस्तुतियाँ भी दीं जिनके माध्यम से चित्र मानो सजीव हो उठे। ये सभी कलाकृतियाँ कला शिक्षक चंद्रशेखर पांडेय एवं क्राफ्ट शिक्षिका श्वेता पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई थीं। प्रदर्शनी के पश्चात वार्षिक मेले का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। मेले में चारों हाउस एमराल्ड, रूबी, सैफायर और टोपाज द्वारा लगाए गए लजीज व्यंजनों के स्टॉल तथा रोमांचक खेल काउंटरों ने पूरे परिसर को एक जीवंत कार्निवल का रूप दे दिया जहाँ प्रत्येक हाउस ने अपनी रचनात्मकता और आतिथ्य कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेले का विशेष आकर्षण रहा बॉलिंग मशीन, जिसे विद्यालय के क्रिकेट कोच निखिल मेहता द्वारा संचालित किया गया जिसने उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को अत्यंत उत्साहित किया। वहीं लोकप्रिय ज्यूकबॉक्स ने उत्सव के रंग को और गहरा कर दिया जहाँ विद्यार्थी अपनी पसंद के गीतों पर उल्लासपूर्वक झूमते नजर आए। समारोह का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग के लिए वरिष्ठ वर्ग में वैभवी बंसल व कनिष्ठ वर्ग में कैडिट सृष्टि, सर्वश्रेष्ठ नर्तक पुरुष शौर्य कुमार एवं महिला कृष्णई भंडारकर, सर्वश्रेष्ठ परिधान पुरुष अथर्व तिवारी एवं महिला वंशिका वाजपेई तथा सर्वश्रेष्ठ युगल नृत्य के लिए काश्वी जैन के अभिभावक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किए गए। यह भव्य आयोजन बच्चों की प्रसन्नता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# पठरा में नवांकुर संस्था ने प्रस्फुटन समिति के सहयोग से किया बोरी एवं बोल्डर का बंधान



**कटनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 2 कैलवारा कला के ग्राम पठरा में नवांकुर संस्था नव परिवर्तन प्रकाश फाऊंडेशन कटनी द्वारा स्थानीय प्रस्फुटन समिति के सहयोग से जल संचय अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित ग्राम वासियों समिति के उपस्थित सदस्यों से जल संचय अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र जन अभियान परिषद के द्वारा संपूर्ण जिले में नवांकुर संस्थाओं प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा चलाए जा रहे जलसंचय अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी ग्राम वासियों को जन भागीदारी से नदी नालों में बहने वाले पानी को रोक कर सिंचाई, पशु पक्षियों आदि के उपयोग के लिए बचाने हेतु अधिकतम सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में रैली निकालकर जल संचय करने का संदेश दिया गया एवं आगामी कार्यक्रम हेतु कार्य योजना तैयार की गई। तत्पश्चात द्वितीय चरण में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम के समीप बहने वाले नाले में श्रमदान के माध्यम 20 बोरियों एवं बोल्डर का बंधान किया गया। इस अभियान में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, ग्राम पंचायत उपसरपंच मनोज पटेल, नवांकुर संस्था नव परिवर्तन प्रकाश फाऊंडेशन कटनी के अध्यक्ष शिवम मिश्रा, परामर्शदाता रामानुज पांडेय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पठरा के अध्यक्ष खेमचंद कुशवाहा, सचिव श्रीमती अंजू चक्रवर्ती, प्रस्फुटन समिति टिकरवारा के सचिव विजय बर्मन, सदस्य गण शिवकुमार कुशवाहा, हरिप्रसाद पटेल, दयाराम यादव, धनीराम कुशवाहा, श्रीमती शीला पटेल, श्रीमती अंजू पटेल, सीएमसीएलडीपी छात्रा सोनम कुशवाहा सहित अन्य ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## विकास शुल्क की राशि जमा करने तीन वार्डों में 29 से 31 तक आयोजित होंगे शिविर

**कटनी।** नगर के वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 की चिन्हित अनाधिकृत कालोनियों में नागरिक मूलभूत अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों के परिपेक्ष्य में नागरिकों को विकास शुल्क की जमा करने की सुविधा हेतु चिन्हित कालोनियों में 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने क्षेत्रीय नागरिकों से आयोजित शिविरों का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध ने जारी आदेश अनुसार अंशुमान सिंह कार्यपालन यंत्री कालोनी सेल अधिकारी के निर्देशन में शिविर आयोजन हेतु विशेष दल का गठन किया गया है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने लेखा शाखा के श्रीकांत तिवारी, अयोध्या प्रसाद केवट एवं अंबिकेश तिवारी को गठित दल से समन्वय स्थापित कर प्राप्त आवेदनों, दस्तावेजों का वैध की गई कालोनियों से खसरा मिलान करते हुए विकास शुल्क की डिमांड जारी करने एवं आवेदकों से जमा कराई जाने वाली राशि को नगर निगम के खातों में जमा कराने के निर्देश दिए है।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**कटनी।** दद्दा धाम स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 60 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें उनकी ईसीजी, शुगर एवं ब्लड प्रेशर बीपी की जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया तथा प्राथमिक उपचार की भी समुचित व्यवस्था की गई। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आशीष तिवारी सेल्वी हॉस्पिटल जबलपुर के साथ डॉ.कार्तिक जाटव, साहिल दुबे, आशीष परिहार, नेहा दुबे, अंकित विश्वकर्मा एवं धर्मेंद्र मिश्रा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर डॉ.आशीष तिवारी का स्वागत दद्दा जी शिष्य मंडल द्वारा किया गया। वहीं श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम समिति की ओर से डॉ.सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज एवं शिव प्रभाकर शास्त्री द्वारा उनका सम्मान किया गया। शिविर के दौरान डॉ.आशीष तिवारी ने सभी वृद्धजनों को कंबल भेंट कर मानवीय संवेदना और सेवा भावना का परिचय दिया। आश्रम प्रबंधन ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अंश सिंह पिता राजेश सिंह निवासी ग्राम/पो.- बिहरा तहसील हुजूर, थाना चोरहटा, जिला रीवा (म.प्र.) का हूं। कथन करता हूं कि मेरा पुराना नाम अहम सिंह (Aham Singh) था, जो अब बदलकर अंश सिंह (Ansh Singh) कर दिया हूं। और जन्मदिनांक 12.11.2011 है। अतः अब मुझे नया नाम अंश सिंह (Ansh Singh) के नाम से जाना- पहचाना जाए एवं समस्त अभिलेखों में अहम सिंह (Aham Singh) की जगह अंश सिंह (Ansh Singh) सुधार किया जाए व लिखा, पढ़ा जाए।

RN-

अंश सिंह

# कांग्रेस में भारी पड़ रही पॉवर दिखाने की प्रथा

## टैलेंट हंट के लिए नियुक्तियों पर विवाद, मुकेश नायक ने इस्तीफा दिया, तो जीतू ने अस्वीकारा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस में पॉवर दिखाने की प्रथा ने उसकी एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदेश में जब भी एकता बनाने बड़ी बैठकें होती है, तभी कोई न कोई ऐसा घटनाक्रम सामने आ जाता है, जो पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर ही सवाल खड़ा कर देता है। जानकार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक के इस्तीफे की पेशकश को इसी रूप में देख रहा है। दरअसल कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने शनिवार को यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को भेज दिया कि युवाओं को मौका दिया जाए। इसके उपरांत पटवारी ने उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया। लेकिन इस घटनाक्रम ने कई तरह की बातों को हवा दे दी। कांग्रेस की राजनीति पर नब्ज रखने वालों का कहना है कि पूर्व मंत्री मुकेश नायक का इस इस्तीफे के पीछे टैलेंट हंट के लिए की गई नियुक्तियां है। बताया गया है कि प्रदेश में प्रवक्ताओं की नियुक्तियां टैलेंट हंट के जरिए करने के लिए 9 दिसंबर को कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने 11 सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस सूची में मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक का नाम



ही नहीं था और कम्युनिकेशन और मीडिया विभाग के प्रभारी अभय तिवारी इस लिस्ट में अध्यक्ष बनाया दिया गया। इसके बाद 23 दिसंबर मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने भी दूसरी सूची जारी की। इसमें अभय तिवारी को संयोजक और विधायक आरिफ मसूद को सह संयोजक बनाया था। नायक ने टैलेंट हंट के लिए नेताओं को क्लस्टर वार जिम्मेदारियां दी थीं।बताया गया है कि मुकेश नायक की इस लिस्ट पर 26 दिसंबर को अभय तिवारी ने पत्र जारी कर आपत्ति जताई। इसके एक दिन बाद ही 27 दिसंबर को मुकेश नायक ने इस्तीफा दे दिया। नायक ने इस्तीफे में लिखा नए लोगों के लिए जगह खाली करना चाहिए, दो वर्ष एक बेहद मेहनती ईमानदार, सक्षम अध्यक्ष के साथ काम करने का अनुभव अच्छा रहा। मेरी अनन्य शुभकामनाएं। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नायक के इस्तीफे को सिरे से खारिज कर दिया। बताया गया है कि दोनों नेताओं के बीच चर्चा भी हुई है,जिसमें नायक ने अपने मन की बात से पटवारी को अवगत कराते हुए साफ कहा है कि उनकी वरिष्ठता का ध्यान नहीं दिया जाएगा,तो उनके पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर पटवारी नायक को संतुष्ट करते हुए उनसे अपना दायित्व निभाते रहने को कहा है। जानकारों का कहना है कि कम्युनिकेशन प्रभारी अभय तिवारी ने मुकेश नायक के आदेश को निरस्त कर दिया था। इसके पीछे उनका तर्क था कि टैलेंट हंट कार्यक्रम किसी विभाग के अंतर्गत नहीं है। ऐसे में मुकेश नायक को नियुक्ति करने का हक नहीं है। अगर दोनों नेताओं पर नजर डाले तो राजनीति में अभय तिवारी मुकेश नायक से बहुत जूनियर हैं। नायक मंत्री रहे हैं, जबकि तिवारी आईटी जानकार है, उन्होंने अब तक कोई चुनाव भी नहीं लड़ा है। लेकिन तिवारी ने नायक द्वारा की गई नियुक्तियों पर एतराज जता दिया। सूत्रों की मानें तो यही बात नायक को खटक गई और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।





### यह पहला मामला नहीं

दरअसल प्रदेश कांग्रेस में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की थी, जिस पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने एतराज जताया था और उन सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था। हालांकि बाद में पटवारी ने अपनी साख बचाने के लिए संगठन मंत्री बनाए गए कार्यकर्ताओं को जिलों का कार्यालय प्रभारी बना दिया गया था। इस घटनाक्रम पर भी जमकर चर्चा हुई थी और इसे नेताओं में पॉवर दिखाने के तरीके से जोड़ा गया था। जानकारों का कहना है कि मुकेश नायक और अभय तिवारी के मामले में भी कुछ ऐसा ही है। दरअसल अभय तिवारी पीसीसी चीफ पटवारी के करीबी माने जाते है,ऐसे में उन्होंने एक संदेश देकर यह जता दिया कि उनके बिना मर्जी के किसी भी तरह की नियुक्तियां नहीं की जाएगी,तो प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने अपना इस्तीफा देकर यह संदेश दे दिया कि पार्टी में किसी भी जूनियर की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

**एसआईआर : 22 जनवरी तक मतदाता दाखिल कर सकेंगे आपत्ति**

# ड्राफ्ट प्रकाशित, पर नो मैपिंग वाले मतदाताओं तक नहीं पहुंचे नोटिस

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस भेजने का काम शुरू किया जाना था, लेकिन 6 दिन बीतने के बाद नोटिस तामील कराने का काम शुरू नहीं हो सका है। जबकि नोटिस तामील होने के सात दिन बाद तक मतदाता एईआरओ के समक्ष दावे आपत्ति दाखिल कर सकेंगे। जबकि इन दावे-आपत्तियों पर सुनवाई 14 फरवरी तक ही होगी। दावा-आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तारीख भी 22 जनवरी तय की गई है, लेकिन समय निकलने के बाद भी नोटिस की तामीली में ढिलाई बरती जा रही है। इस मामले में जिला निर्वाचन कार्यालय का कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नोटिस का प्रोफार्मा तय न होने से नोटिस तैयार नहीं हो सके हैं। नोटिस तैयार होने के बाद ही इनकी तामीली हो सकेगी। ऐसे में माना जा रहा है कि सोमवार से नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस मिलना शुरू हो जाएंगे। इधर बीएलओ केवल 22 जनवरी तक ही पोलिंग बूथ पर बैठेंगे। ऐसे में नई मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, नाम, मोबाइल नंबर सहित अन्य संशोधन के लिए फार्म 8 और नाम कटवाने के लिए फार्म 7 भरने का काम 22 जनवरी तक ही किया जा सकेगा। नो मैपिंग वाले मतदाता भी 22 जनवरी तक ही अपने दावे-आपत्ति दाखिल कर सकेंगे। जबकि इन पर सुनवाई 14 फरवरी तक चलेगी।



### इन तीन श्रेणियों में जारी होंगे नोटिस

- **यदि नागरिक का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ हो :** ऐसे मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा बताए दस्तावेजों के अनुसार जन्मतिथि व जन्मस्थान की जानकारी की पुष्टि करवानी होगी।
- **यदि नागरिक का जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 फरवरी 2004 के बीच हुआ हो :** ऐसे मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा बताए दस्तावेजों के अनुसार जन्मतिथि व जन्मस्थान की जानकारी की पुष्टि करवानी होगी। साथ ही माता या पिता में से किसी एक की की जन्मतिथि और जन्मस्थान को प्रमाणित करने के दस्तावेज देने होंगे।
- **यदि नागरिक का जन्म 2 फरवरी 2004 के बाद हुआ हो:** ऐसे मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा बताए दस्तावेजों के अनुसार जन्मतिथि व जन्मस्थान की जानकारी की पुष्टि करवानी होगी। साथ ही माता और पिता दोनों की जन्मतिथि और जन्मस्थान को प्रमाणित करने के दस्तावेज देने होंगे। माता पिता में से यदि कोई भी भारतीय नहीं हो तो जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट और वीजा की एक प्रति देना होगी।

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने ये दस्तावेज जरूरी

1. केंद्र सरकार, राज्य सरकार या किसी सार्वजनिक उपक्रम के नियमित कर्मचारी या पेंशनर को जारी किया गया पहचान पत्र
2. पेंशन भुगतान आदेश
3. भारत में किसी सरकारी संस्था, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 1 जुलाई 1987 से पूर्व जारी पहचान पत्र या प्रमाण-पत्र या दस्तावेज
4. जन्म प्रमाण-पत्र
5. पासपोर्ट
6. मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक या शैक्षणिक प्रमाण-पत्र
7. स्थायी निवास प्रमाण-पत्र
8. वन अधिकार प्रमाण-पत्र
9. ओबीसी / एससी / एसटी या अन्य जाति प्रमाण-पत्र।
11. सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण-पत्र

### एसआईआर कार्यक्रम का आगे का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| दावे आपत्ति दाखिल करने की अवधि | 23.12.2025 से 22.01.2026 |
| सुनवाई और सत्यापन | 23.12.2025 से 14.02.2026 |
| मतदाता सूची की जाच, अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना | 17.02.2026 |
| मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 21.02.2026 |

### वार्ड कार्यालयों में दो घंटे होगी सुनवाई

निगम के 89 इंजीनियरों व नायब तहसीलदार को एईआरओ की जिम्मेदारी दी गई है। यह अफसर रोजाना दो घंटे तक वार्ड कार्यालयों और तहसील दफ्तरों में सुनवाई करेंगे। रोजाना 50 मतदाताओं की दावों पर सुनवाई की जाएगी। दस्तावेजों की जांच के बाद इनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे।

| विधानसभा | तामील होने वाले नोटिस |
|---|---|
| बैरसिया | 2134 |
| उत्तर | 10080 |
| नरेला | 23790 |
| दक्षिण पश्चिम | 16596 |
| मध्य | 10088 |
| गोविंदपुरा | 30188 |
| हुजूर | 24049 |

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर लगेगी रासुका


**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राच्य शासन ने पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका), के तहत जिला दंडाधिकारियों (कलेक्टर्स) को विशेष शक्तियां सौंपी हैं। गृह विभाग द्वारा जारी अदिसूचना के अनुसार राच्य सरकार को ऐसी रिपोर्ट मिली है कि कुछ ऐसे असामाजिक तत्व सक्रिय हैं जो सांप्रदायिक एकता के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। इसे देखते हुए सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए जिला कलेक्टरों को 1 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक इन शक्तियों के उपयोग का अधिकार दिया है। नोटिफिकेशन के अनुसार संबंधित कलेक्टर अपने जिले की सीमा के भीतर किसी भी संदिग्ध या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्ति के खिलाफ रासुका के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर सकेंगे। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 3 की उपधारा (3) के तहत लिया गया है। आदेश जारी होने के बाद अब सभी जिलों के कलेक्टर्स असामाजिक तत्वों और सौहार्द बिगाड़ने वालों को तुरंत हिरासत में लेने के आदेश दे सकेंगे।

**कलेक्टरों को मिले अधिकार**

# अब जनगणना में जुटेगा सरकारी अमला रतलाम, सिवनी और ग्वालियर में प्री टेस्ट

## 31 दिसंबर को फ्रीज हो जाएगी प्रदेश की प्रशासनिक सीमा, आजादी के बाद पहली बार जातीय गिनती भी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मप्र के प्रशासनिक अमले को नए साल में एक नई जिम्मेदारी भी मिल जाएगी। जिला प्रशासन के साथ अधिकांश विभाग अब तक चुनाव आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जुटे थे। नए साल में जनगणना भी शुरू होगी। इसके लिए प्रदेश सरकार के गृह विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। गृह विभाग ने अब सभी जिलों के कलेक्टरों को देश के सबसे महत्वपूर्ण डाटा संकलन अभियान जनगणना के लिए तैयार रहने को कहा है। जनगणना दो चरणों में होगी। 2026 में अप्रैल से सितंबर तक घर, खेत, खलिहान, गौशाला, दुकान आदि की जानकारी जुटाई जाएगी। इसके बाद फरवरी 2027 में जनगणना का दूसरा चरण होगा जिसमें देश के नागरिकों की गिनती के साथ ही उनकी लिंग, आयु, शैक्षणिक योग्यता, मातृभाषा. वैवाहिक स्थिति, आर्थिक स्थिति, प्रवास और दिव्यांगता आदि की जानकारी ली जाएगी। जनगणना के संचालन के लिए गृह विभाग ने अधिकारियों की तैनाती के साथ-साथ इसमें बाधा डालने वालों के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। जनगणना के लिए संभागीय आयुक्त को संभागीय जनगणना अधिकारी और कलेक्टर को जिले का मुख्य जनगणना अधिकारी बनाया गया है। इसके बाद अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी जिला जनगणना अधिकारी होंगे। इसके साथ ही नगर निगम के कमिश्नर, अपर आयुक्त, उपायुक्त, नगर पालिका और नगर परिषद के सीएमओ, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ, कैंट बोर्ड के सीईओ भी जनगणना अधिकारी होंगे, जो अपने एरिया की जनगणना के लिए जिम्मेदार होंगे। जनगणना के दौरान अगर कोई बाधा बनता है तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।



### नए जिले, तहसील का नहीं होगा गठन, सीमाओं में भी बदलाव नहीं

अधिसूचना के अनुसार प्रदेश की प्रशासनिक सीमा फ्रीज होने के बाद अप्रैल 2027 में जनगणना पूरी होने तक न तो कोई नया जिला बन सकेगा और न ही तहसील, थाने आदि की सीमाओं में बदलाव हो सकेगा। सीमा फ्रीज होने के बाद इसकी आधिकारिक जानकारी जनगणना निदेशालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। एमपी में जनगणना के पहले तीन जिलों रतलाम, ग्वालियर और सिवनी में प्री टेस्ट किया जा चुका है। यह 10 नवंबर से शुरू हुआ था। जनगणना की शुचिता बनाए रखने के लिए 31 दिसंबर से प्रदेश की प्रशासनिक सीमाओं को फ्रीज कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि आजादी के बाद पहली बार होने जा रही इस जातीय जनगणना के लिए खास तैयारी की गई है।

## आखिर मांसाहारी स्नैक्स की सप्लाई क्यों: भूपेन्द्र

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांसाहारी स्नैक्स सप्लाई करने पर आपत्ती उठाई है। गुप्ता ने कहा कि इसी सरकार ने फैसला लिया था कि शासकीय आयोजन में मांसाहार प्रदाय नहीं किया जाएगा । विदेशी मेहमानों को ही मांग के आधार पर सामिष भोज शासकीय कार्यक्रमों में शामिल किया जा सकता है। लेकिन 2 वर्ष की उपलब्धियां गिनाने के लिए सबसे कम बजट वाले विभाग के इस आयोजन में सबसे महंगा नाश्ता खिलाकर विभाग ने स्वयं ही नियमों की धज्जियां उड़ा दी है।कई महिला पत्रकारों ने कीमा वडा पाव और फिश कटलेट को खाने के बाद हंगामा किया । कई अपने धरम भ्रष्ट होने की दुहाई देते रहे। गुप्ता ने कहा कि इससे सरकार की किरकिरी हुई है और मांग की कि सरकार स्पष्ट करे कि मांसाहारी भोज के संबंध में सरकार की नीति क्या है? तथा इस लापरवाही के लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षकों को नहीं मिलेगी छुट्टी, सरकार ने लगाया एस्मा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े शिक्षक और मंडल कर्मचारी अब परीक्षा कार्य से इंकार नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित सेवाओं को आवश्यक सेवा घोषित कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर एस्मा लागू किया है। आदेश के मुताबिक मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवाएं संधारण तथा विवाद निवारण अधिनियम (एस्मा) के तहत यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े सभी कार्य परीक्षा संचालन, पर्यवेक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं का प्रबंधन, मूल्यांकन सहित अन्य जिम्मेदारियां अनिवार्य होंगी। निर्धारित अवधि में इन कार्यों से इंकार नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने यह व्यवस्था एक फरवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक लागू की है। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध शिक्षक व कर्मचारी परीक्षा ड्यूटी से बच नहीं सकेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अत्यावश्यक सेवा घोषित होने के बाद कार्य में बाधा डालना या ड्यूटी से मना करना कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा। दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिक्षकों को छुट्टी नहीं मिलेगी। यहां तक धरना-प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को कार्रवाई तक से गुजरना होगा। एमपी सरकार ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान एस्मा एक्ट लागू कर दिया है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं आगामी सात फरवरी से पांच मार्च तक चलेंगी। दोनों परीक्षाओं में 18 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शासन ने एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लगाने का आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में शिक्षक सामान्य के साथ संतान पालन अवकाश (सीसीएलई) के लिए अवकाश नहीं ले पाएंगे। परीक्षा के दौरान शिक्षकों को किसी भी तरह के आंदोलन या धरना-प्रदर्शन की भी अनुमति नहीं होगी। मप्र बोर्ड की परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है।

## बांधवगढ़ से रेस्क्यू बाघिन टाइगर रिजर्व में ट्रांसलोकेट

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** माधव टाइगर रिजर्व में चल रहे बाघ पुनर्वास कार्यक्रम के तहत एक बाघिन को शनिवार को बांधवबढ़ से रेस्क्यू कर माधव टाइगर रिजर्व के खुले जंगलों में छोड़ गया। इस बाघिन को 26 दिसंबर को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू किया गया था, जिसे बाद में माधव टाइगर रिजर्व में छोड़ने का फैसला किया गया। इसके पहले भी सीएम डॉ. मोहन यादव ने माधव टाइगर रिजर्व के उद्घाटन के दौरान एक बाघिन को टाइगर रिजर्व में छोड़ा था। प्रदेश में लगातार बाघों की बढ़ती संख्या के बीच इन्हें विभिन्न टाइगर रिजर्व में ट्रांसलोकेट करने का काम किया जा रहा है। इसी सिलसिले में माधव टाइगर रिजर्व में भी बाघों की आबादी बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को मिली बच्चे को जन्म देने की अनुमति

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की इच्छा का सम्मान करते हुए बच्चे को जन्म देने की अनुमति प्रदान कर दी। कोर्ट ने साफ किया कि पीड़िता की मर्जी के बिना गर्भ समाप्त करने का निर्देश जारी नहीं किया जा सकता। पीड़िता की डिलेवरी का खर्च राच्य शासन द्वारा उठाया जाएगा। डिलीवरी की प्रक्रिया हमीदिया हास्पिटल, भोपाल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी में किया जाएगा। दरअसल, पीड़िता नाबालिग के गर्भपात के संबंध में संबंधित जिला न्यायालय ने हाईकोर्ट को एक पत्र भेजा था। जिसकी सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए कोर्ट ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। मेडिकल बोर्ड की ओर से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़ित की उम्र 16 साल सात माह है और गर्भावधि 29 सप्ताह एक दिन है। गर्भावधि प्रसव की सीमा के अंतर्गत आती है। पीड़िता को गर्भापात कराने व न करवाने की जानकारी दी गई। पीड़िता ने अपने बयान में साफ किया कि गर्भपात नहीं कराना चाहती। उसने अपनी मर्जी से शादी की है। इसलिए बच्चे को जन्म देना चाहती है। माता-पिता साथ नहीं रखना चाहते। उनका कहना है कि अपनी मर्जी से शादी की है, इसलिए हमसे कोई संबंध नहीं रह गया।

**एमपीपीएससी : पद भरने वालों के ही पद खाली, कार्यालयों में नहीं बचा कैडर**

# खाली पदों से बिगड़े सभी विभागों के हालत

**विकास कुमार जैन, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी और अधिकारियों की कुर्सियां सूनी पड़ी हुई हैं। इसके दो मुख्य कारण हैं। पहला पदों पर पदोन्नति नहीं होना और दूसरा प्रदेश में मंडराता आर्थिक संकट। पदोन्नति नहीं होने से नियुक्ति स्तर के पदों पर पदस्थ अधिकारी ऊपर नहीं बढ़ रहे हैं। इससे निचले स्तर के पद खाली ही नहीं हो रहे हैं। वहीं ऊपरी पदों पर तेजी से अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मध्यक्रम की स्थिति बिगड़ने से प्रशासनिक ढांचा भी लड़खड़ा रहा है। इसलिए शासन को पदोन्नति का रास्ता खोलते हुए नियुक्ति स्तर के पदों रिक्त कर भर्ती करना होगी। यही कारण है कि नियुक्ति स्तर पर अधिकारियों को पदोन्नति नहीं मिलने से विभाग नियुक्ति के लिए मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के लिए नियुक्ति करने के लिए डिमांड तक नही भेज पा रहा है। प्रदेश के 21 विभागों में करीब 40 तरह के पदों पर 100 से 250 भर्ती कराने के लिए एमपीपीएससी को डिमांड भेजी जा रही है। पूर्व में कम पदों पर भर्ती होने पर युवाओं द्वारा शासन और एमपीपीएससी में विरोध प्रदर्शन तक हो चुके हैं।

| विभाग का नाम | पदनाम |
|---|---|
| सामान्य प्रशासन विभाग | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष |
| गृह (पुलिस) विभाग | राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जीडी), जिला |
| सेनानी, नगर सेना | |
| वित्त विभाग | राज्य वित्त सेवा (कनिष्ठ वेतनमान कोषालय अधिकारी/लेखाधिकारी/सहायक संचालक) सहायक संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्य प्रदेश अधीनस्थ |
| लेखा सेवा | |
| वाणिज्यिक कर विभाग | वाणिज्यिक कर अधिकारी, वाणिज्यिक कर निरीक्षक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उप निरीक्षक जिला पंजीयक, उप पंजीयक |
| सहकारिता विभाग | सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी सोसायटी, सहकारिता निरीक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी |
| श्रम विभाग | श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) सहायक श्रम अधिकारी |
| नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ख, सहायक संचालक मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ग |
| पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त, विकास खण्ड अधिकारी |
| जनसम्पर्क विभाग | सहायक संचालक |
| जनजातीय कार्य विभाग | जिला संयोजक, क्षेत्र संयोजक |
| खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण वि. | सहायक संचालक खाद्य/जिला, सिविल आपूर्ति अधिकारी |
| पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | सहायक संचालक (प्रशासन) |
| राजस्व विभाग | नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख |
| स्कूल शिक्षा विभाग | सहायक संचालक |
| लोक सेवा आयोग | कनिष्ट लेखा अधिकारी |
| सूक्ष्म लघु और माध्यम उघम विभाग | सहायक उद्यम उद्योग/प्रबंधक |
| जेल विभाग | अधीक्षक जिला जेल |
| परिवहन विभाग | परिवहन उप निरीक्षक सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी |
| वन विभाग | सहायक वन संरक्षक, वन क्षेत्रपाल |

### उच्च शिक्षा विभाग का प्रयोग अजमाए शासन

प्रदेश में एक दर्जन विश्वविद्यालय हैं। उक्त विवि में एक भी कुलसचिव पदस्थ नहीं हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने वरिष्ठ उप कुलसचिव को कुलसचिव का प्रभार दे रखा है। इससे विभाग पर कोई वित्त भार भी नहीं आया और कुलसचिव का कार्यालय भी संचालित हो रहा है। इसी प्रकार कालेजों में भी सीनियर प्रोफेसर को प्राचार्य का प्रभार दिया गया है। अन्य विभाग भी कैबिनेट में प्रस्ताव भेज अधिकारियों को विभागीय प्रभारी नियुक्त कर सकते हैं। इससे शासन पर कोई अतिरिक्त भार भी नहीं आएगा और नियुक्ति स्तर के पद रिक्त हो जाएंगे। हाईकोर्ट में लंबित पदोन्नति के प्रकरण के निर्णय के बाद शासन प्रभारियों को उनके पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर वेतन की व्यवस्था कर सकते हैं। विभाग प्रावधिक पदोन्नति देते हैं, तो प्रदेश में ढाई से तीन हजार रिक्त पद भर्ती करने के लिए सामने आ जाएंगे।

### ऐसे बिगड़ी व्यवस्था

एमपीपीएससी में लगातार अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। परीक्षाओं का कार्यक्रम बिगड़ रहे हैं। यहां तक नये इंटरव्यू बोर्ड का गठन नहीं होने से उम्मीदवारों के इंटरव्यू नहीं हो रहे हैं। इससे परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी गड़बड़ाया है। एमपीपीएससी ने महज दस परीक्षाओं का कार्यक्रम ही जारी कर सकता है। एमपीपीएससी में सालाना चार से पांच अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन नई भर्ती नहीं हो पा रही है। वर्तमान में एमपीपीएससी में मुख्य दों में परीक्षा कंट्रोलर के दो में से एक पद रिक्त है। इसके अलावा अवर सचिव और कार्यालय अधीक्षक के तीन-तीन पद सूने बने हुए हैं।

### बोर्ड की मौजूदा स्थिति

एमपीपीएससी में पांच बोर्ड होते हैं। इसमें सचिव, सामान्य, ओबीसी एससी और एसटी शामिल हैं। मौजूदा स्थिति में ओबीसी और एससी का बोर्ड रिक्त बना हुआ है। सचिव पर आईएएस, सामान्य बोर्ड में डॉ. कृष्णकांत शर्मा और एसटी में नरेंद्र कुमार कोष्ठी बने हुए हैं। डॉ शर्मा का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक हैं, लेकिन वे मार्च में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इससे सामान्य वर्ग का बोर्ड भी समाप्त हो जाएगा। हालांकि गत दिनों हुई कैबिनेट में ओबीसी बोर्ड मंजूरी दे दी गई है। अगले माह तक एससी बोर्ड में भी नियुक्ति हो जाएगी। मार्च में बोर्ड रिक्त होने के पूर्व में शासन चयन प्रक्रिया शुरु कर देगा।

“ विभागों से रिक्त पदों की डिमांड मांगी गई है। डिमांड के तहत एमपीपीएससी भर्ती करा रहा है। बोर्ड में एक सदस्य के लिए कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। शेष बोर्ड की नियुक्ति भी जल्द कर ली जाएगी।

■ **संजय शुक्ला,** एसीएस, जीएडी

“ प्रावधिक पदोन्नति देकर रिक्त हुए पदों पर नियुक्ति प्रदान करना चहिए। जिसके कारण विभागों का कार्य प्रभावित नहीं होगा और शासन पर वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

■ **डॉ. बी भारती** प्रांतीय अध्यक्ष विवि पेंशनर्स अधिकारी संघ

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी बोले- ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ...

मजबूत छाप छोड़ी।’ प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां के ऊंचे टीले प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव-निर्मित हैं। फ्रांस के एक संग्रहालय में मिले धुंधले चित्र में बारामूला के तीन बौद्ध स्तूप दिखाई देते हैं, जो कश्मीर के लगभग दो हजार साल पुराने गौरवशाली इतिहास की ओर इशारा करते हैं। जेहनपोरा का बौद्ध परिसर कश्मीर की विरासत की याद दिलाता है।

**मणिपुर में सोलर पहल की सराहना:** पीएम ने मणिपुर के युवा मोइरांगथेम की तारीफ की, जिन्होंने सोलर पैनल लगाने का अभियान चलाकर सैकड़ों घरों तक बिजली पहुंचाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय समाधान अपनाकर ऊर्जा संकट से निपटा जा सकता है और सोलर पावर इस दिशा में प्रभावी विकल्प है।

**दुनिया में भारतीय भाषाओं की गूंज:** प्रधानमंत्री ने बताया कि दुबई में कन्नड़ परिवारों ने कन्नड़ पाठशाला शुरू की है, जिससे हजार से अधिक बच्चे जुड़े हैं। वहीं फिजी में पहली बार ‘तमिल दिवस’ मनाया गया, जहां बच्चों ने अपनी भाषा पर गर्व व्यक्त किया। पीएम ने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी भाषाओं से जोड़ने के ऐसे प्रयास प्रेरणादायी हैं।

**स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का आह्वान:** पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि का उल्लेख करते हुए कहा कि 16 साल की उम्र में ‘भारत छोड़ो आंदोलन’ में शामिल होकर उन्होंने आजादी के बाद समाज सेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के नायकों-नायिकाओं की गाथा अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।

**2026 के लिए संदेश:** प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में प्राकृतिक आपदाओं जैसी चुनौतियां भी आईं, लेकिन देश ने एकजुट होकर उनका सामना किया। उन्होंने कहा, ‘अब भारत 2026 में नई उम्मीदों, नए संकल्पों और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने को तैयार है।’

## दो वर्ष में गोवंश नहीं दिखेगा सड़कों पर: पटेल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग संभाल रहे स्वतंत्र प्रभार के राज्यमंत्री लखन पटेल ने दावा किया है कि अगले दो वर्ष में प्रदेश में एक भी गोवंश सड़कों पर दिखाई नहीं देगा। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी गौ शालाएं स्थापित की जा रही है।पत्रकारों से अपने विभाग की दो साल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए पटेल ने स्वीकार किया कि सड़कों पर घूमते गोवंश व दूसरे मवेशी एक चुनौती है,जिसे जनभागीदारी ौर बड़ी गौशालाओं के माध्यम से हल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कड़कनाथ की मांग को पूरा करने की दिशा में विभाग कार्ययोजना बना रहा है। इस संबंध में सवाल आने पर मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने कहा कि हम वेजिटेरियन हैं और कड़कनाथ नहीं खाते,लेकिन इनकी डिमांड के आधार पर आने वाले समय में योजना बनाकर उसे लागू कराने की दिशा में काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गोवंश को लेकर यह प्रचलन सा हो गया कि उनका दूध निकाल उन्हें छोड़ दिया जाता है। इस दिशा में आम जन को भी जागरुक होना पड़ेगा। हालांकि पिछले मौजूदा साल में कम गायों को सड़कों पर पाया गया है। पटेल ने बताया कि हमारी सरकार ने गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में निराश्रित पशुओं के लिए नवीन गौशाला नीति बनाई है। गौवंश की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। शासन द्वारा निराश्रित गौवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 2500 से अधिक गौशालाओं में 4 लाख 75 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को आश्रय दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

चीन का नया विश्व रिकॉर्ड

### 2 सेकंड में 700 किमी की रफ्तार तक पहुंची ट्रेन

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन ने अल्ट्रा-हाई-स्पीड परिवहन तकनीक में एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नॉलॉजी (एनयूडीटी) के वैज्ञानिकों ने एक टन वजनी सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव वाहन को महज दो सेकंड में 0 से 700 किमी/घंटा की रफ्तार तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है। चीनी सरकारी मीडिया के अनुसार, यह दुनिया की अब तक की सबसे तेज सुपरकंडक्टिव इलेक्ट्रिक मैग्लेव ट्रेन है। यह परीक्षण 400 मीटर लंबी मैग्नेटिक लेविटेशन टेस्ट ट्रैक पर किया गया, जहां ट्रेन ने रिकॉर्ड स्पीड हासिल करने के बाद सुरक्षित रूप से रुकने का परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा किया।

### टेक्सास में चोरों ने कार से बांधकर एटीएम उखाड़ा

**टेक्सास, जेएनएन।** टेक्सास में क्रिसमस ईव की सुबह दो नकाबपोश चोरों ने एक कन्विनियंस स्टोर से एटीएम मशीन चुराने की कोशिश की। सुबह करीब साढ़े तीन बजे, दोनों संदिग्ध एक चोरी की हुई काली एसयूवी गाड़ी में 7-इलेवन स्टोर पहुंचे। एक संदिग्ध स्टोर का शीशा तोड़कर अंदर घुसा। उसने अंदर जाकर एटीएम पर मेटल केबल बांधा, जबकि दूसरा बाहर गाड़ी में बैठा रहा। पहला चोर मेटल केबल बांधकर बाहर आता है और गाड़ी में बैठे अपने साथी से कार स्टार्ट करने को कहता है। जैसे ही गाड़ी तेजी से आगे बढ़ती है, एटीएम मशीन पूरी दुकान को चीरती हुई बाहर निकल आती है। इससे स्टोर के सामने के दरवाजे, शीशे और अंदर की अलमारियां पूरी तरह तहस-नहस हो गईं, सामान इधर-उधर बिखर गया और काफी नुकसान हुआ।

### जापान में भीषण हादसा 67 वाहनों की भिड़ंत

**टोक्यो, जेएनएन।** जापान में साल के अंत की छुट्टियों के बीच बड़ा सड़क हादसा हुआ। गुनमा प्रांत के कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर बर्फबारी के कारण दो ट्रकों की टक्कर के बाद 67 से ज्यादा वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 लोग बताए जा रहे हैं। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ।

पड़ोस में हिंदू अल्पसंख्यकों पर थम नहीं रहे हमले, डर के साये में गुजर रहे दिन

# हिंदुओं ने ढाका से भेजा एसओएस, बांग्लादेश में अशांति; कृपया हमें बचाएं, सीमाएं खोलें

**नागपुर, जेएनएन।** दीपूचंद्र दास, अमृत मंडल की भयानक लिंचिंग से टूटे हुए बांग्लादेश में फंसे और सताए हिंदू भारत को एसओएस (हमारी जान बचाओ) भेज रहे हैं, ताकि इस्लामी भीड़ के गुस्से से बचने के लिए सीमाएं खोली जाएं। गुरुवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता तारिक रहमान के समर्थन में उमड़ी भीड़ से ये डर और बढ़ गया, जिन्हें कट्टरपंथी माना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार रंगपुर, चटगांव, ढाका व मैमनसिंह में रहने वाले हिंदुओं के बड़े समूह से संपर्क कर निर्वासित बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के नेता निहार हलदर की मदद से व्हाट्सएप कॉल पर उनसे बात की गई, जिन पर पूर्व इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास के साथ देशद्रोह का आरोप है। रंगपुर के 52 वर्षीय निवासी ने बताया, हमें धर्म के लिए अपमान का सामना करना पड़ता है, लेकिन हम बार-बार होने वाले अपमान पर प्रतिक्रिया नहीं कर सकते। सड़क पर चलते समय हमें जो मामूली ताने मिलते हैं, वे जल्द ही भीड़ द्वारा हत्या में बदल सकते हैं। हम फंसे हुए हैं और कोई जगह नहीं है। अपमान सहते हैं, क्योंकि हमें डर है कि हमारा भी वही हाल हो सकता है जो दीपू या अमृत का हुआ। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक चुनाव के बाद बीएनपी का सत्ता में आना है, क्योंकि इस पार्टी को अल्पसंख्यकों के लिए दुश्मन माना जाता है। हम बेबस हैं। हम सिर्फ भारत भाग सकते हैं, लेकिन सीमाओं पर निगरानी है। ढाका के एक अन्य हिंदू ने कहा, अगर दीपू दास की लिंचिंग से डर पैदा हुआ है, तो पूर्व राष्ट्रपति खालिदा जिया के बेटे तारिक की बांग्लादेश वापसी से वे और भी चिंतित हैं।



बांग्लादेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन।

### लंदन में बांग्लादेश उच्च आयोग के बाहर प्रदर्शन

**लंदन।** बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं, अत्याचारों के खिलाफ लंदन में हिंदुओं ने विरोध दर्ज कराया। लोगों ने सरकार से हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, हिंसा के दोषियों को सजा देने और धार्मिक स्थलों की रक्षा करने की मांग की है।

बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकी स्कूली छात्र समेत 20 घायल



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर रॉक सिंगर जेम्स (नागर बाउल) का कॉन्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9.30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे। आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कॉन्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे।

**ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी स्कूल की स्थापना**

कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा, अचानक हमले से सभी हैरान हैं। नहीं पता यह हमला किसने, क्यों किया। जिला स्कूल की स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी।

## शांति समझौते पर जेलेंस्की नहीं, मैं लूंगा निर्णय: ट्रंप

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से होने वाली मुलाकात से पहले यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौते पर शर्तें रखी हैं। ट्रंप ने कहा, यूक्रेन और रूस के बीच किसी भी संभावित शांति समझौते को उनकी मंजूरी की आवश्यकता होगी, क्योंकि जेलेंस्की एक नई 20 सूत्री शांति योजना पर काम कर रहे हैं। बता दें, ट्रंप ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब तक मैं इसे मंजूरी नहीं देता तब तक उनके पास कुछ नहीं है, इसलिए हम देखेंगे कि उसके पास क्या है। उन्होंने कहा, जेलेंस्की के साथ इस मुलाकात में शांति योजना के बारे में अधिक जानकारी दी जाएगी जो लगभग चार साल से चल रहे यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने का लक्ष्य रखती है। ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को समाप्त करने की उम्मीद जताई है और कहा कि वह जल्द ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भी बात करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि उनके साथ सब ठीक रहेगा।



## नितिन बन सकते हैं भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उनकी नियुक्ति का ऐलान 20 जनवरी को किया जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी के बीच पूरी होने की संभावना है। नितिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा होंगे। उनका कार्यकाल जनवरी 2029 तक रहेगा। 2029 में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित होने के कारण उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। पार्टी देशभर के प्रदेश अध्यक्षों को 15 जनवरी के बाद दिल्ली बुलाने की तैयारी में है। इससे पहले 2020 में जेपी नड्डा को भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। बाद में उन्हें ही स्थायी अध्यक्ष बनाया था। नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। भाजपा संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पार्टी शासित आधे से ज्यादा राज्यों में पूरी हो चुकी है। 37 में से 29 राज्यों में आंतरिक चुनावों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन राज्यों के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा करेंगे।

## खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम से फिर मारपीट

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा-कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल लॉ जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं।

महंगाई, आतंक और अस्थिरता से देश छोड़ रहे लोग

# 2 साल में 14 लाख पढ़े-लिखे पाकिस्तानियों ने छोड़ा देश

| | | | |
|---|---|---|---|
| **7.27** | **6.87** | **70** | **15000** |
| लाख ने 2024 में विदेश में काम करने रजिस्ट्रेशन | लाख लोग 2025 तक देश छोड़ चुके | फीसदी तक कम हो गए काम के मौके | करोड़ का नुकसान 2024 में इंटरनेट बंद रहने से |

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान में पिछले 2 साल में 14 लाख पढ़े-लिखे लोगों ने देश छोड़ दिया है। लोग महंगाई, आतंकवाद, कमजोर अर्थव्यवस्था और राजनीतिक अस्थिरता की वजह से देश छोड़ने पर मजबूर हैं। आंकड़ों के मुताबिक इस साल करीब 5,000 डॉक्टर, 11,000 इंजीनियर और 13,000 अकाउंटेंट देश से बाहर चले गए। सबसे ज्यादा असर नर्सिंग सेक्टर पर पड़ा है। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट के मुताबिक, सिर्फ 2024 में ही लगभग 7.27 लाख पाकिस्तानियों ने विदेश में काम करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं नवंबर 2025 तक करीब 6.87 लाख लोग देश छोड़ चुके थे। बीते 2 सालों में कुल मिलाकर 14 लाख से ज्यादा पाकिस्तानी विदेश जा चुके हैं। इस बीच पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर का सोशल मीडिया पर मजाक बन रहा है। कुछ महीने पहले आसिम मुनीर ने अमेरिका दौरे पर प्रवासी पाकिस्तानियों को देश की शान बताया था और कहा था कि इसे 'ब्रेन ड्रेन' नहीं बल्कि 'ब्रेन गेन' कहा जाना चाहिए। उनका कहना था कि विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी देश के लिए गर्व हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, नौकरियां कम हैं और जो नौकरियां हैं, उनमें सैलरी बहुत कम। इसके साथ ही राजनीतिक उथल-पुथल और कमजोर प्रशासन ने भी लोगों का भरोसा तोड़ा है। तकनीक के क्षेत्र में करियर के मौके सीमित हैं और रिसर्च के लिए जरूरी पैसा नहीं है। ऐसे में युवा और कुशल लोग विदेश जाना ही बेहतर समझ रहे हैं।



**2025 में देश छोड़कर गए**

| | |
|---|---|
| 13000 | अकाउंटेंट |
| 11000 | इंजीनियर |
| 5000 | डॉक्टर |

### इंटरनेट बंद रहने से 15 हजार करोड़ का नुकसान

डिजिटल समस्याएं भी इस संकट को और गहरा बना रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में इंटरनेट बंद रहने से होने वाले आर्थिक नुकसान के मामले में पाकिस्तान दुनिया में सबसे ऊपर रहा। इससे देश को करीब 1.62 अरब डॉलर (15 हजार करोड़) का नुकसान हुआ। इंटरनेट बार-बार बंद रहने और धीमी सर्विस के कारण फ्रीलांसरों और ऑनलाइन काम करने वालों को भारी दिक्कत हुई। कई लोगों ने बताया कि उनके काम के मौके करीब 70 फीसदी तक कम हो गए। इससे आईटी और डिजिटल सेक्टर में काम करने वाले युवाओं का भी देश से मोहभंग हो गया।

### मीडिया ने देश को ब्रेन ड्रेन इकोनॉमी बताया

पाकिस्तान के बड़े अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने देश को 'ब्रेन ड्रेन इकोनॉमी' बताया है, यानी ऐसा देश जो अपने भविष्य बनाने वाले लोगों को ही बाहर भेजकर किसी तरह चल रहा है। विदेशों में बसे पाकिस्तानी अपने परिवार को पैसा भेजते हैं, जिससे देश को कुछ विदेशी करेंगी तो मिलती है, लेकिन इससे लंबे समय में देश को भारी नुकसान होगा, क्योंकि हुनरमंद लोग ही नहीं बचेंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता साजिद सिकंदर अली ने कहा कि जब देश में न इंडस्ट्री होंगी, न रिसर्च के लिए पैसा और न ही ढंग की नौकरियां तो हुनरमंद लोगों को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, लोग अपमान या रोक-टोक से नहीं रुकेंगे, बल्कि तभी रुकेंगे जब उन्हें अपने ही देश में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे।

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

**साल 2025 दुनिया, देश और समाज के लिए घटनाओं से भरा एक निर्णायक वर्ष रहा। राजनीति, कूटनीति, अर्थव्यवस्था, खेल और सुरक्षा क्षेत्र में ऐसे मोड़ आए जिन्होंने न सिर्फ सुर्खियां बनाईं, बल्कि आने वाले समय की दिशा भी तय की। वैश्विक मंच पर महाशक्तियों की मुलाकातों से लेकर देश के भीतर बड़े राजनीतिक फैसलों, ऐतिहासिक चुनावों और नीतिगत बदलावों तक, 2025 ने कई अहम संदेश दिए। खेल के मैदानों पर ऐतिहासिक जीत ने देश को गर्व से भर दिया। युवा आंदोलनों, तकनीक और जनभावनाओं की ताकत भी इस साल खुलकर सामने आई। यह ईयर एंडर 2025 उन तमाम बड़ी खबरों और घटनाक्रमों की एक झलक है, जिन्होंने बीते साल को यादगार, चुनौतीपूर्ण और बेहद महत्वपूर्ण बना दिया।**

# देश और समाज के लिए कई महत्वपूर्ण और निर्णायक घटनाओं का साक्षी रहा यह वर्ष



### प्रयागराज में महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में साल की शुरुआत में आयोजित किया गया महाकुंभ मेला आस्था और परंपरा का अद्भुत उदाहरण साबित हुआ। 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) से शुरू होकर 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक चले 45 दिनों का इस भव्य आयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जिसमें आधुनिक तकनीक और प्राचीन परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे यह इतिहास के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक बन गया। सबसे विशेष मौनी अमावस्या के मौके पर एक ही दिन में 8 करोड़ से ज्यादा लोगों ने एक शहर में इकट्ठा होकर कुंभ में पवित्र स्नान किया, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड बन गया। कुंभ मेला हर 12 साल में होता है, लेकिन इस बार 144 वर्षों के बाद विशेष नक्षत्रों के संयोग के कारण इसे 'महाकुंभ' कहा गया, एक महीने के भीतर ही 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पहुँच गए, जो रिकॉर्ड था।

### एआई में प्रगति

2025 की मानव विकास रिपोर्ट में भारत को एक उभरती हुई एआई शक्ति के रूप में मान्यता दी गई है। भारत वैश्विक एआई सूचकांक में शीर्ष 10 में स्थान पाने वाला एकमात्र निम्न-मध्यम आय वाला देश है, जो मजबूत बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में निवेश को दर्शाता है।




### ऑपरेशन सिंदूर




अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के प्रत्युत्तर में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, जिसमें पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह ऑपरेशन 7 मई, 2025 को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा लॉन्च किया गया एक समन्वित स्ट्राइक ऑपरेशन था। इसे भारतीय भू-भाग से सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित प्रयासों द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस अभियान का नाम पीड़ितों, विशेषकर पहलगाम हमले की विधवाओं, के प्रति व्यक्तिगत श्रद्धांजलि स्वरूप चुना गया था। भारत सरकार की ओर से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन के बारे प्रेस को विस्तृत जानकारी प्रदान की। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से संबद्ध आतंकी ठिकानों को लक्षित किया।

## अंतरिक्ष की सफलताएं




### जीएसएलवी -एफ 15 से श्रीहरिकोटा का 100वां लॉन्च

यह मिशन भारत की नेविगेशन प्रणाली को और मजबूत करने के लिए बेहद अहम था।

### पीएसएलवी- सी 61 का प्रयास

यह लॉन्च भारत के स्पेस प्रोग्राम के 101 वें प्रयास के रूप में दर्ज हुआ।

"भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2025 में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। इस साल लॉन्च किए गए पांच बड़े मिशन ने न सिर्फ भारत की अंतरिक्ष तकनीक को नई ऊंचाई दी, बल्कि दुनिया में हमारी ताकत को भी साबित किया। इन मिशनों ने भारत को वैश्विक स्पेस इंडस्ट्री में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया।



### निसार मिशन, सीएमएस-03 कम्युनिकेशन सैटेलाइट

जुलाई में लॉन्च हुआ यह मिशन अपनी तरह का पहला था। जो धरती और बर्फ से ढकी सतहों की हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग करता है। यह मिशन हर 12 दिन में पूरी दुनिया की सतह का डेटा जुटाता है और पर्यावरण, कृषि, ग्लेशियर और भूकंप जैसी गतिविधियों पर नजर रखने में मदद करता है। यह मिशन वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के लिए बेहद अहम है।

### एलवीएम-एम से ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 का सफल

प्रक्षेपण भारत को वैश्विक स्पेस इंडस्ट्री में मजबूत बना रहा है। यह कम्युनिकेशन सैटेलाइट भारतीय जमीन और समुद्री क्षेत्रों में हाई-स्पीड कम्युनिकेशन सेवाएं प्रदान करेगा। इसका वजन लगभग 4400 किलोग्राम है, जो भारत का सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट है। यह मिशन भारत की कम्युनिकेशन क्षमता को नई ऊंचाई देता है।

### स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट

इस साल जनवरी में भारत ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक जोड़ा। 16 जनवरी 2025 को इसरो ने स्पैडेक्स के दो उपग्रह एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को डॉक किया। इसके साथ ही भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। यह सफलता भविष्य में चंद्रमा पर मानव भेजने और अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

### ब्लॉक-2- सैटेलाइट मिशन

खास इसलिए है क्योंकि यह दुनिया भर में स्मार्टफोन को सीधे हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सुविधा देने में मदद करेगा। ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 इसरो द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है। यह मिशन भारत की वाणिज्यिक लॉन्च क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करता है।

### अंतरिक्ष स्टेशन पर भारतीय

साल 2025 की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह रही कि पहली बार कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचा। इसी के साथ वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इसरो के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस गए। उन्होंने करीब 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जिससे पूरे देश को बहुत गर्व महसूस हुआ।

## खेल उपलब्धियां

क्रिकेट से शतरंज तक, इस साल भारत की कई ऐतिहासिक खेल उपलब्धियां रहीं। कई रिकॉर्ड भी टूटे और गोल्ड भी बरसे। 2025 भारत के लिए खेलों के लिहाज से इतिहास रचने वाला वर्ष रहा। कई उपलब्धियों ने भारतीय खेल को वैश्विक पहचान दिलाई। देश ने एक साथ कई खेलों में वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का एहसास कराया। क्रिकेट में जहां भारतीय पुरुष टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, वहीं नवी मुंबई में महिला टीम की पहली वर्ल्ड कप जीत ने इतिहास रच दिया। ये उपलब्धियां न सिर्फ आज बल्कि आने वाले वर्षों में भारत को खेल की दुनिया में ऊंचा स्थान देती रहेंगी। पैरा-स्पोर्ट्स और एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि 2025 सिर्फ उपलब्धियों का साल नहीं, बल्कि भारत के खेल महाशक्ति बनने की कहानी का अहम पड़ाव रहा।




### 2025 एशियन यूथ गेम्स में रिकॉर्ड प्रदर्शन

भारत ने 2025 एशियाई यूथ गेम्स में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज की, जहां 48 कुल पदक। इनमें 13 गोल्ड, 18 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज शामिल हैं। यह सबसे बड़ी एशियाई युवा खेल उपलब्धि थी और इससे भविष्य के युवा खेल सितारों को 2026 यूथ ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाइंग स्लॉट भी मिले। भारतीय युवा एथलीट्स ने कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन दिखाया।

### तीरंदाजी में इतिहास रचा

विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में पहला कंपाउंड तीरंदाजी गोल्ड था। टीम में ऋषभ यादव, प्रभात सलुनखे और पृथमेश फुगे जैसे युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे इस खेल में भारत की बढ़ती क्षमता स्पष्ट हुई।

### शूटिंग में पहला गोल्ड

20 साल के सम्राट राणा ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में विश्व चैम्पियनशिप गोल्ड जीता। यह भारत के लिए शूटिंग वर्ल्ड में एक ऐतिहासिक पल था।

### एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

भारत ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दूसरा स्थान हासिल किया और कुल 24 पदक जीते, जिसमें कई गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड शामिल थे। गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में गोल्ड जीता, जबकि अविनाश साबले और ज्योति याराजी सहित कई युवा एथलीटों ने शीर्ष स्तर पर भारत का नाम रौशन किया।

### खो-खो विश्व कप 2025

भारतीय महिला खो-खो टीम ने 2025 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपनी झोली में डाला। ढाका में हुए फाइनल में चीनी ताइपे को मात देकर यह उपलब्धि भारतीय पारंपरिक खेल की वैश्विक वृद्धि को दर्शाती है।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूज़ीलैंड को हराकर तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में यह ऐतिहासिक जीत वनडे क्रिकेट में देश की मजबूत पहुंच को दर्शाती है।

### भारतीय महिला टीम पहली बार बनी चैंपियन

2025 का साल भारतीय महिला क्रिकेट के लिए स्वर्णिम अध्याय बनकर आया, जब टीम इंडिया ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम ने बेखौफ प्रदर्शन कर यह साबित किया कि भारतीय महिला क्रिकेट अब नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह खिताबी जीत न सिर्फ एक ट्रॉफी थी, बल्कि महिला क्रिकेट को बराबरी, पहचान और सम्मान दिलाने वाला पल भी साबित हुई।

## जनोत्सव में बदला पूर्व विधायकका 50वां जन्मदिन, संतों उपहार में दिया आशीर्वाद



**टीकमगढ़।** विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश गिरी का 50वां जन्मदिन रविवार को नगर के एक भव्य मैरिज गार्डन में ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाया गया। यह आयोजन केवल जन्मदिन समारोह नहीं बल्कि जनआस्था, सेवा और स्नेह का विराट उत्सव बन गया, जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और क्षेत्रवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आध्यात्मिक वातावरण के साथ हुआ। बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज एवं संत बबलू महाराज ने पूर्व विधायक को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। संतों के आशीर्वचनों से पंडाल श्रद्धा और ऊर्जा से भर उठा।इसके पश्चात प्रसिद्ध भजन गायक अशोक निर्मोही की भजन प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। उनके सुमधुर भजनों से पूरा आयोजन स्थल भक्तिरस में सराबोर हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। जन्मदिन को सेवा कार्य से जोड़ते हुए एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 51 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस पहल की सभी वर्गों ने सराहना की।वहीं बोरी के हनुमान मंदिर व कुंडेश्वर मंदिर के बाहर लगभग 200 लोगो को कंबल वितरित किए गए। जरिया के हनुमान मंदिर पर सुन्दरकाण्ड का आयोजन हुआ। रविवार दोपहर 12 बजे से ही टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न अंचलों से हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे और पूर्व विधायक राकेश गिरी को शुभकामनाएं दीं। नगर के अलग-अलग स्थानों पर केक काटे गए तथा पूरे शहर को बधाई पोस्टरों और होर्डिंग्स से सजा दिया गया, जिससे हर ओर उत्सव का माहौल बना रहा। लगभग 20 हज़ार लोगो ने पहुंचकर कार्यक्रम को और भी भाव बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं से मिला यह अपार स्नेह उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, मैं जनता से मिले इस प्रेम और सम्मान का जीवन भर ऋणी रहूंगा। मेरी सबसे बड़ी ताकत मेरे कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता जनार्दन हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरा आयोजन सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक एकता का जीवंत उदाहरण बना।

## कुंडेश्वर धाम में ग्रंथालय और वाचनालय खोलने विहिप ने अध्यक्ष को सौंपा पत्र



**टीकमगढ़ ।** श्री कुंडेश्वर धाम टीकमगढ़ का प्रथम तीर्थ होने के साथ-साथ आसपास के कई जिलों और सैकड़ो गांव के लिए आस्था का बहुत बड़ा केंद्र है। वर्तमान में हिंदू सनातन एकता, राष्ट्र जागरण और सनातन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्री कुंडेश्वर धाम परिसर में सत्य सनातन धर्म से संबंधित एक ग्रंथालय और वाचनालय की अत्यंत आवश्यकता अनुभव की जा रही है। जिसमें सनातन धर्म की सभी शाखाओं हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के ग्रंथ सम्मिलित हों, जिससे कोई भी श्रद्धालु, भक्तजन, विद्यार्थी और शोधकर्ता इन ग्रंथों का दर्शन, अध्ययन और शंका समाधान कर सके। उदाहरण के लिए वेद, पुराण, वाल्मीकि रामायण, उपनिषद, संहिता, महाभारत, दर्शन, आगम ग्रंथ, प्रकीर्णन, मूलसूत्र, कल्पसूत्र, आदि पुराण, त्रिपिटिक, महायान सूत्र, जातक कथाएं, श्री गुरु ग्रंथ साहिब आदि। और ऐसे अन्य ग्रंथ जो सामन्यतः दुर्लभ हों शामिल किए जा सकते हैं। इस कार्य के लिए टीकमगढ़ के धर्म के क्षेत्र में जिनकी विशेषता है उनकी एक समिति बनाकर ग्रंथालय, वाचनालय की स्थापना की जा सकती है। इस कार्य के लिए श्री कुंडेश्वर धाम ट्रस्ट से ही सबसे पहले अपेक्षा की जा सकती है। आज इसी संबंध में औपचारिक रूप से कुंडेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव को ज्ञापन सोंपा। और यह कार्य कैसे किया जा सकता है इस पर चर्चा की।

## 129वां संस्करण सुनकर कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**टीकमगढ़।** आज जिले में सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के नेतृत्व में जिले के सभी 808 बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम का 129 वां संस्करण सुना, कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सरोज राजपूत द्वारा श्रद्धांजलि दी गई, उनके सिद्धांतों को याद किया गया। भाजपा नगर मंडल के बूथ 33 के वर्धमान मॉल पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के मुख्य आतिथ्य में मन की बात कार्यक्रम सुना गया, जिसमें मनोज देवलिया, प्रफुल्ल द्विवेदी, राजीव जैन वर्धमान, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, पुष्पा यादव, संध्या सोनी, मीरा खरे, पुष्पेंद्र सिंह, शुभम व्यास, हिमांशु जैन, पंकज प्रजापति, शिवचरण उटमालिया, आकाश विश्वकर्मा, नितिन टाडैया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 129 वें संस्करण में कहा कि हम सभी अपनी मनमर्जी से दवाईयों का इस्तेमाल करने से बचें, खासकर एंटी बायोटिक मेडिसिन में डॉक्टर की सलाह जरूर लें। कुछ ही दिनों में 2026 दस्तक देने वाला है इस साल 2025 में हमें ऐसे कई पल मिले जहां हम भारतीयों ने गर्व महसूस किया, देश की सुरक्षा से लेकर खेल एवं विज्ञान तक भारत ने अपनी दुनिया में गहरी छाप छोड़ी। अगर पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विजन के साथ आगे बढ़ाएं तो यह आर्थिक प्रगति का बड़ा माध्यम बन जाता है। आज मणिपुर में कुछ लोग लकड़ी हैंडीक्राफ्ट का कार्य कर आत्मनिर्भर बनकर बड़े शहरों तक अपना मार्केट डेवलप कर रहे हैं।

## निधि आपके निकट कार्यक्रम आज

**पन्ना।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा सोमवार, 29 दिसम्बर को निधि आपके निकट कार्यक्रम के तहत ईपीएफ अभिदाताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाया जाएगा। जिला पंचायत में आयोजित इस कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। इसमें केवल वही कर्मचारी अथवा आश्रित शामिल हो सकेंगे, जिनकी वेतन, मानदेय अथवा मजदूरी से ईपीएफ राशि की कटौती की गई है या कटौती की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा इस संबंध में समस्त कार्यालय प्रमुखों को अधीनस्थ कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त ईपीएफ अभिदाताओं को निर्धारित तिथि एवं समय पर वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अधिकारियों द्वारा जिले के ईपीएफ अभिदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# उड़ीसा से लाए जा रहे गाँजा तस्करों पर पन्ना पुलिस ने कसा शिकंजा

### बिक्री हेतु गाँजा लेकर जा रहे 03 आरोपियों को पवई पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गये जेल आरोपियों के कब्जे से 01 लाख 30 हजार रूपये का करीब 6 किलो 620 ग्राम गाँजा जप्त




**गिरफ्तार आरोपी**

हरप्रसाद पटेल पिता खिल्लू पटेल उम्र 34 साल निवासी ग्राम जटा पहाडी थाना बमीठा जिला छतरपुर। चिरौंजी लाल उर्फ लल्लू पटेल पिता श्री मिजाजी पटेल उम्र 31 साल निवासी ग्राम टपरियन पोस्ट लखेरी थाना खजुराहो जिला छतरपुर। परमलाल उर्फ पम्मू पटेल पिता श्री कलिया पटेल उम्र 22 साल निवासी ग्राम रमपुरा थाना बमीठा जिला छतरपुर

**जप्त सामग्रीः** पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल वजनी करीब 6 किलो 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 01 लाख 30 हजार रूपये का जप्त किया गया है ।

*सराहनीय योगदान* ङ्क उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरी. त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, सउनि रामसजीवन प्र.आर. गणेश सिंह, अनिल गर्ग, आर. प्रेम, रविन्द्र, भागीरथ, सुशील कोल एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

**जागरण, पन्ना**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 03 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तीन संदिग्ध व्यक्ति जूही मोड पवई कटनी मार्ग पर अपने पीठ पर बैग टांगे हुए है जिसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये कही जाने के इंतजार मे खड़े है। थाना प्रभारी पवई द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन पर तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान जूही मोड़ पवई कटनी मार्ग रवाना किया गया। जो जूही मोड पहुंचकर देखा तो तीन व्यक्ति अपने पीठ पर बैग टांगे हुए कही जाने के इंतजार मे खडे थे जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूँछताछ पर संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो के पिट्ठू बैग की तलाशी लिये जाने पर तीनो बैग मे पॉलीथीन से लपटे अलग-अलग 02-02 पैकेटो में कुल वजनी करीब 6 किलो 620 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) पाया गया । पुलिस टीम द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में अपराध क्रमांक 530/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा से सस्ते दामों में विक्रय हेतु लाया गया था।

# कार्यशाला में मिलेट मिशन योजना की दी जानकारी



**जागरण, पन्ना ।** राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत गत दिवस कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिलेट्स (श्रीअन्न) से संबंधित विभिन्न फसलों की जानकारी प्रदान करने एवं कृषकों को इनके उत्पादन, उपयोग एवं लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए इनके पोषण महत्व, दैनिक जीवन में उपयोग तथा स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषकों को मिलेट्स आधारित खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में कुल 75 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों में मिलेट्स उत्पादन एवं उपभोग के प्रति सकारात्मक जागरूकता विकसित हुई। मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत मिलेट उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु रागी, कोदो, कुटकी आदि मिलेट्स के उपयोग की सलाह दी गई तथा किसानों के बीच उनका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ. आर.पी. सिंह, रितेश बागोरा एवं उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी, सहायक संचालक एन.पी. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयचंद्र लोधी एवं प्रभारी मृदा परीक्षण अभय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## 20 मतदान केन्द्रों में होगा जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच के लिए मतदान

**जागरण, पन्ना ।** पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 29 दिसम्बर को शाहनगर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 एवं शाहनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी सहित पन्ना ब्लॉक की ग्राम पंचायत बृजपुर में सरपंच पद के मतदान होगा। इसके लिए कुल 20 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जपं सदस्य के लिए ग्राम पंचायत परासी, रैगुवॉ, बुधरौड़ एवं रगौली के 6 हजार 114 मतदाता 12 मतदान केन्द्र पर वोट डालेंगे। जपं सदस्य के लिए शासकीय माध्यमिक शाला परासी, शासकीय प्राथमिक शाला खर्रा, शासकीय माध्यमिक शाला सुनपुरा, शासकीय माध्यमिक शाला रैगुंवा, शासकीय माध्यमिक शाला (अतिरिक्त कक्ष) रैगुंवा, शासकीय हाईस्कूल बुधरौड़, शासकीय माध्यमिक शाला (उत्तरी भाग) इमलिया, शासकीय माध्यमिक शाला (दक्षिणी भाग) इमलिया, शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया रघुनाथ, शासकीय माध्यमिक शाला रगौली, शासकीय पंचायत भवन रगौली तथा शासकीय प्राथमिक शाला भडरा में मतदान केन्द्र बनाया गया है।

इसी तरह हरदुआ मैमारी सरपंच पद के मतदान के लिए एक हजार 415 मतदाता तीन मतदान केन्द्रों क्रमशः शासकीय माध्यमिक शाला हरदुआ मैमारी, शासकीय माध्यमिक शाला (अतिरिक्त कक्ष) हरदुआ मैमारी एवं शासकीय हाईस्कूल नवीन भवन पगरी में मतदान करेंगे। ग्राम पंचायत बृजपुर के 2 हजार 436 मतदाता सरपंच के चुनाव के लिए पांच मतदान केन्द्रों क्रमशः शासकीय उ.मा. विद्यालय बृजपुर के पश्चिमी एवं उत्तरी भाग, शासकीय हाईस्कूल (विज्ञान कक्ष) बृजपुर, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बृजपुर तथा शासकीय प्राथमिक शाला (अतिरिक्त कक्ष) धनौजा में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जपं सदस्य एवं सरपंच का मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक ईव्हीएम से होगा। विकासखण्ड मुख्यालय पर 2 जनवरी को मतगणना सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन निर्वाचन परिणाम की घोषणा भी की जाएगी। निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम एवं नियम निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मतदान दिवस पर सोमवार को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य एवं सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है।

## मवेशियों का टीकाकरण 5 जनवरी से

**जागरण, पन्ना ।** टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना योजना अंतर्गत बाघों की सुरक्षा की दृष्टि से पार्क परिधि से लगे हुए ग्रामों के मवेशियों में विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए आगामी 5 जनवरी से 4 मार्च तक टीकाकरण कार्य संचालित किया जाएगा। पन्ना कोर परिक्षेत्र के ग्राम अकोला में 5 जनवरी, बड़ौर में 6 जनवरी, जनधोवा में 7 एवं 8 जनवरी, रमपुरा में 9 जनवरी तथा कण्डवाहा में 10 जनवरी को टीकाकरण किया जाएगा। इसी तरह पन्ना बफर परिक्षेत्र के तहत 12 जनवरी को सलैया, 13 जनवरी को बगलहा, 14 एवं 15 जनवरी को सब्दुआ, 16 जनवरी को बनहरी, 17 एवं 19 जनवरी को बड़ी बनहरी, 20 जनवरी को टौरिया, 21 जनवरी को छोटी बनहरी, 22 जनवरी को नाहरपुर, 23 जनवरी को पाठा, 24 जनवरी को रजपुरा, 25 जनवरी को फूटे, 27 जनवरी को कुरथे, 28 जनवरी को माधेगंज एवं तरौनी, 29 जनवरी को सरकोहा, 30 जनवरी को मनौर, 31 जनवरी को जरूआपुर, 2 फरवरी को कटरिया, 3 फरवरी को अमझिरिया, 4 फरवरी को झलाई, 5 फरवरी को धनगढ़, 6 फरवरी को खड़कुरई एवं 7 फरवरी को रजपुर में टीकाकरण होगा। हिनौता परिक्षेत्र के ग्राम कटारी में 9 फरवरी, बिलहटा में 10 फरवरी, मझगवां में 11 फरवरी, हिनौता में 12 एवं 13 फरवरी और केमासन में 14 फरवरी को टीकाकरण किया जाएगा। इस क्रम में गहरी घाट परिक्षेत्र के खमरी में 16 फरवरी को, मड़ला परिक्षेत्र के ग्राम बांधी में 17 फरवरी, मड़ैयन में 18 फरवरी, दरेरा में 19 फरवरी, बड़ौर में 20 एवं 21 फरवरी, मड़ला में 23, 24 एवं 25 फरवरी तथा ललार में 26 फरवरी, पन्ना (गंगऊ) अभ्यारण्य परिक्षेत्र के नहरी में 27 फरवरी, बगौहा में 28 फरवरी एवं हरसा में 2 मार्च और परिक्षेत्र अमानगंज बफर के ग्राम विक्रमपुर में 3 मार्च एवं मझगवां में 4 मार्च को मवेशियों का टीकाकरण किया जाएगा।

## स्वच्छता अभियानः युवाओं ने चलाया विशेष सफाई अभियान




**पन्ना ।** 108 श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, पन्ना के तत्वावधान में श्री 108 प्राणनाथ चौपड़ा मंदिर स्थित 151 साप्ताहिक पारायण महोत्सव महायज्ञ के उपलक्ष्य में धामी युवा सुन्दरसाथ द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर, कौआ सेहा एवं आसपास के प्राकृतिक क्षेत्र में फैले कचरे को एकत्र कर साफ-सफाई की गई। प्रतिभागियों ने हाथों में दस्ताने पहनकर प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को अलग-अलग एकत्रित किया और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दैनिक जिम्मेदारी है। ऐसे अभियानों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ भारत का संदेश मिलता है। अभियान में शामिल सभी युवाओं और स्वयंसेवकों की स्थानीय लोगों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की अपील की।

## शाहनगर रेंज की ग्राम वन समिति लुधगवां में किया गया कंबल वितरण



**जागरण, पन्ना ।** ग्राम वन समिति लुधगवां में आज दिनांक 28 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त वनपाल काशीराम शर्मा के करकमलों से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके कार्यकाल के दौरान वन सुरक्षा एवं संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले, उनके द्वारा चयनित ग्राम वन समिति सुंगरहा, लुधगवां, पुरैना एवं परसवारा के कुल 50 सदस्यों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में कंबल प्राप्त करने वाले सदस्यों के अतिरिक्त अन्य ग्रामीणजन, वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर तथा वन अमले के सदस्य भी उपस्थित रहे। कंबल वितरण के उपरांत काशीराम शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों से वन सुरक्षा एवं संरक्षण में निरंतर सहयोग की अपील की। इस अवसर पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे द्वारा वन विभाग द्वारा ग्राम विकास हेतु संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई तथा आवश्यक ग्राम विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। साथ ही ग्राम वन समितियों की भूमिका, दायित्व एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों एवं समिति सदस्यों ने वन विभाग द्वारा आयोजित इस कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विभाग और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई ने मनाया स्थापना दिवस



**पवई ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई के द्वारा आज स्थानीय कलेहन प्रांगण में पार्टी का 140 वा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण, कुमकुम और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेसी हेतराम शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ. सरफराज फारूकी, नवनियुक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र नामदेव, महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष संतोष देवी मिश्रा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र जैन, एस सी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष शंभू लाल चौधरी, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बागरी ने संबोधित कर कांग्रेस की रीती नीतियों ओर स्थापना दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में समस्त कांग्रेस जनों का सम्मान ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र नामदेव द्वारा माल्यार्पण ओर कुमकुम लगाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में बडी संख्या मे कार्यकर्ता मोजूद रहे ।

## जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना में धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस स्थापना दिवस



**जागरण, पन्ना ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं ॐमध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी% के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना कार्यालय में कांग्रेस का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेननी के परिजनों का सम्मान किया गया। जिनमें राम किशोर मिश्रा, परशुराम गर्ग, श्रीकांत दुबे, पुष्पेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम जड़िया, इंद्रमणि गर्ग, राजेश तिवारी, रामलाल आदिवासी, जन्मेजय अरजरिया, मनीष मिश्रा, राकेश शर्मा, सेवालाल पटेल, जीवनलाल सिद्धार्थ,संजय,चंदन यादव, जालम सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी, सरदार सिंह यादव, शशीकांत दीक्षित, शिव प्रकाश दीक्षित, रामदास जाटव, जगदेव सिंह, जनका बाई, तुलसीदास उरमालिया, पुष्पेंद्र शर्मा, रेनू शर्मा, सुनील अवस्थी, जगतपाल सिंह, वृंदावन प्रजापति, पप्पू सिंह, रसीद सौदागर, दीपक तिवारी, जितेंद्र जाटव, देबू आदिवासी, कदीर खान, रेहान मोहम्मद, अक्षय तिवारी, अंकित शर्मा, वैभव थापक, भूपेंद्र सिंह, हसीब खान, रियासत खान, महबूद बेग, बृजेंद्र यादव, जयराम यादव, आस्था तिवारी, राजीव तिवारी, अमित शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राजा बाबू पटेल, नरेंद्र विश्वकर्मा, फोई लाल चौधरी, राजेश द्विवेदी, राकेश कुमार सोनकर, इरफान खान, रामनारायण सिंगरौल, वेदांत मिश्रा, अनुज श्रीवास, चंद्रभान लोधी, सुरेंद्र सेन, आकिल बेग, अनीश पिंकू सिद्दीकी, विमला सिंगरौल, रहीमा खातून, आरती प्रजाति, सुनीता प्रजापति,जावेद खान, संदीप शुक्ला, दीपेंद्र यादव, सहित कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राज बहादुर पटेल द्वारा किया गया।

## टाईगर रिजर्व रिजर्व का आनंद लिया



**पन्ना ।** आज टाइगर रिजर्व में मडला गेट से जंगल सफारी का लुफ्त उठाया, वे श्वङ्क द्यद्बद्बद्बह्लद्गस्त्र कंपनी के अध्यक्ष व ष्टश्वह्र राजीव मेनानी क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व नरेश सिंह यादव द्वारा मेमानी जी का स्वागत किया व पार्क प्रबन्धन से जुड़े विषयों के बारे में उनको अवगत कराया उल्लेखनीय यह भी है कि राजीव मेमानी जी कॉन्फ्रेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के प्रेसीडेंट भी है।

## सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट ग्राम सिलदरा सीजन 2 का शुभारम्भ



**पन्ना ।** सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट ग्राम सिलधरा में किया गया किया गया जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ पन्ना के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह विशिष्ट अतिथि ,धर्मेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष पन्ना, अरविन्द यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पन्ना ,प्रभा गौड जिला पंचायत सदस्य, राम शिरोमणि मिश्रा सरपंच पहाड़ी खेरा,राम शिरोमणि लोधी सरपंच दिया,लच्छू गौड सरपंच लुहरहाई ,सरपंच ज्योति, राजेश यादव सरपंच सिलधरा अनिल यादव टीम में जो खेलने आई हैं उनके नाम पहला मैच उमरी से पहउवा के बीच हुआ जिसमें उमरी की टीम विजेता हुई दूसरी टीम पुतरियन पार्टी से डीसी धमाका के बीच खेला गया जिसमें विजेता पुतरियन पाटी जिसमें उपस्थित लोग हुए राजकुमार यादव, कमलेश यादव, मुन्ना अहिरवार ,लक्ष्मी नारायण सोनी, संतोष यादव ,राजा देवी सिंह ,भीम यादव ,नीरज यादव, अवधेश यादव, जुगल यादव, दिग्विजय सिंह एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## 108 पारायण महायज्ञ के दर्शन करने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु, तपोभूमि चोपड़ा मंदिर में बह रही धर्म की गंगा





**जागरण, पन्ना ।** रमणीय स्थली तपोभूमि श्री 108 प्राणनाथ चौपड़ा मंदिर जहां 26 दिसंबर से निरंतर 151 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ चल रहा है। पाठ पारायण का वचन ब्रह्मा मुनियों द्वारा किया जा रहा है एवं विद्वानों एवं विदुषी द्वारा प्रतिदिन महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी का वर्णन विस्तार रूप से उपस्थित श्रद्धालुओं को समझाया जा रहा है। इसके साथ भजन कीर्तन भी चल रहे हैं। स्थानीय एवं देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं।

**40 वर्षों से निरंतर हो रहा है पाठ पारायण का आयोजन :** विगत 40 वर्षों से श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। समिति के सदस्य तिलक राज शर्मा ने बताया कि बीते 40 वर्षों से मंदिर प्रांगण में उक्त धार्मिक आयोजन किया जा रहा है यह 41मा वर्ष है। इसलिए कार्यक्रम को विस्तार रूप देते हुए 151 पाठ पारायण का आयोजन किया जा रहा है। और पूरा कार्यक्रम श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण में हो रहा है।

**महाराजा छत्रसाल ने महामति की प्रथम आरती इसी स्थल पर की थी :** जानकारी देते हुए श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व सचिव राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शहर से दूर पहाड़ियों के बीच स्थित श्री प्राणनाथ चोपड़ा मंदिर वह पवित्र स्थल है, जहां बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल अपने सतगुरु श्री प्राणनाथ जी को पूर्ण ब्रह्म स्वरूप की पहचान कर किलकिला नदी के अमराई घाट से पालकी में बिठाकर और अपने कंधों का सहारा देकर विक्रम संवत 1740 में इसी पवित्र स्थल तक लेकर आए थे एवं उनके सम्मान में प्रथम द्वार से अपनी पाग व रानी ने अपनी साड़ी का पावड़ा बिछाकर प्रथम आरती की थी। तब से तपोभूमि मैं कई ब्रह्म मुनियों ने तपस्या कर पूर्ण ब्रह्म परमात्मा के साक्षात दर्शन किए हैं। चोपड़ा मंदिर के पास ही गंगा जमुना नाम के दो चोपड़ा हैं जिनका जल पवित्र एवं स्वास्थ्यवर्धक है। यह रमणीय स्थली आज भी शांति प्रदान करने वाली है।

# कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि भारत की आत्मा और विचारधारा : जिला कांग्रेस अध्यक्ष

## जिला कांग्रेस ने सादगी से मनाया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस

जागरण, वैढ़न



जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस इंटक कार्यालय विंध्यनगर प्रांगण वार्ड क्र. 35 में सादगी अनुशासन और आदर्श आचार संहिता के पूर्ण पालन के साथ मनाया गया। निकटवर्ती वार्ड क्र. 34 में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के कारण इस अवसर पर ध्वजरोहण नहीं किया गया तथा किसी भी प्रकार की भव्यता से परहेज करते हुए कार्यक्रम को सरल व सहज रूप में संपन्न किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस संगठन की दशकों तक निस्वार्थ सेवा करने वाले वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान किया गया। मध्यप्रदेश लघु व्यापार एवं व्यवसायी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष रुपेश चंद्र पाण्डेय पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रामशिरोमणि शाहवाल वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह चंदेल एवं सुरेश दुबे को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से सभी सम्मानित साथियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि भारत की आत्मा और विचारधारा है। आज़ादी के आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण सामाजिक न्याय लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता और गरीबों वंचितों के अधिकारों की रक्षा तक कांग्रेस का योगदान ऐतिहासिक और अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सत्य अहिंसा समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। आज जब देश में महंगाई बेरोज़गारी सामाजिक विभाजन और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा हैए ऐसे समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। हमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना हैए जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं की आवाज़ बनना है और कांग्रेस की विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाना है। श्री चौहान ने आगे कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा और संघर्ष की भावना से राजनीति करता है। हमारे वरिष्ठ नेताओं का जीवन स्वयं में प्रेरणा है जिन्होंने बिना किसी अपेक्षा के संगठन को सींचा है। आज उनका सम्मान कर हम आने वाली पीढ़ी को त्यागए निष्ठा और समर्पण का संदेश दे रहे हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में भास्कर मिश्रा विद्यासागर वैश्य राघवेंद्र श्रीवास्तव पंकज पाण्डेय अनिल वैश्य रामगोपाल पाल प्रेम प्रकाश सिंह मकसूद रज़ा रमेश कुशवाहा विपिन सिंह अनिल वैश राघवेंद्र सिंह भोले शाहिद खान पप्पू राय विवेक सिंह बघेल रामनिवास तिवारी मनोज सिंह मनोज शाह संदीप शाह विद्यापति शाह सौरभ सिंह उसेद सिद्दीकी दुष्यंत सिंह अशोक सिंह रवि सिंह हर्ष मिश्रा सर्वजीत सिंह आकिब अहमद राणा सिंह मोनू सिंह जगजीवन शाह विद्या वैस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## नवांकुर संस्था एवं परामर्शदाताओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक संपन्न


**जागरण, वैढ़न।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिंगरौली द्वारा नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद् शासी निकाय सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी की उपस्थित रही। विशेष अतिथियों में जन अभियान परिषद् संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. आर.डी. पाण्डेय जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा विकास खंड समन्वयक देवसर प्रभुदयाल दाहिया शामिल रहे। बैठक की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला समन्वयक द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं का परिचय कराते हुए बैठक की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। संभाग समन्वयक श्री पाठक ने नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की तथा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवांकुर संस्थाओं को जनवरी से मार्च तक निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अपने-अपने सेक्टर में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के माध्यम से प्रत्येक विकासखण्ड में एक छात्र की नियुक्ति की जाएगी जो शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाएगा। इसके साथ ही परिषद के नेटवर्क से जुड़ी प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में सर्पदंश नियंत्रण के लिए प्रारंभिक रूप से 3-3 होमगार्ड युवा अथवा सर्प संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय इच्छुक व्यक्तियों का चिन्हांकन किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बैठक में नवांकुर संस्थाओं से रामसुरत विश्वकर्मा गजमोचन सिंह शिवप्रसाद साहू रजनीश धर द्विवेदी शिवेन्द्रधर द्विवेदी रजनीश साहू उमाशंकर बैस जगप्रसाद विश्वकर्मा द्वारिका प्रसाद कुशवाहा विवेकानंद द्विवेदी सतीष गर्ग अमृता शर्मा तथा परामर्शदाताओं में अमरीश पाठक रिनू शर्मा सियाराम जयसवाल राधेश्याम कुशवाहा सुरेखा गुप्ता सविता शाह वंदना शाह नीलू साकेत राधा यादव आदि उपस्थित रहे।



## रविकांत सोनी फिर बने सर्राफा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष

**जागरण, वैढ़न।** आज सद कृपा लाज वैढ़न में सर्राफा व्यापार मण्डल की बैठक बुलाई गयी। जिसमें सभी संरक्षक गण सेठ जय प्रकाश सर्राफ रामदुलारे वर्मा एडवोकेट सेठ विनोद कुमार सर्राफ की मौजूदगी में एवम् सभी सर्राफा व्यापारियों को मौजूदगी में सर्व सम्मत से निर्णय लिया गया कि रविकांत सोनी पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद सोनी को पुनः अध्यक्ष घोषित किया गया सभी उपस्थित व्यापारियों ने हर्ष के साथ अपना है हस्ताक्षर करके सहमति दिया इस मौके पर बाल कृष्ण बालेश्वर प्रसाद सोनी सचिन सोनी डब्बू सोनी रामचंद्र सोनी प्रभू जी एडवोकेट ऋषिसोनी राम सोती लालजी सोनी राम सेवक वर्मा जगदीश सोनी कामता सोनी ओमकार सोनी पप्पू सोनी ननकू सोनी जुगनू सोनी वीरेंद्र सोनी दीपू सोनी सूरज आर्मामेंट भरत सोनी स्वास्थ सोनी गोलू सोनी दीपक सोनी विमलचंद्र सोनी अनिल सोनी गुरुदवाल मुन्जू सोनी वीरेंद्र सोनी सुखदेव नेरकरी संतोष पाटिल एवम् अन्य सभी दुकानदार लोग उपस्थित रहे।

## प्रभु के शरणागत होकर संस्कार युक्त समाज और परिवार निर्माण ही भागवत कथा का सार



### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान पंचम दिवस पर श्री कृष्णा के बाल लीलाओं का सजीव वर्णन



**जागरण, विंध्यनगर।** प्रभु के शरणागत होकर संस्कार युक्त जीवन शैली संयुक्त परिवार उद्देश्य ही भागवत कथा का महत्व है हम सभी को अपने आराध्य के प्रति समर्पित होते हुए संस्कार युक्त जीवन शैली अपनाना चाहिए श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर कथा व्यास महामंडलेश्वर गुरु मां ध्यान मूर्ति किशोरी जू ने धर्म युक्त आचरण करने एवं अपने मर्यादा को बनाए रखने की बात कही गई। श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्णा बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया भक्तों से खचाखच भरे हुए कथा पंडाल में मटकी फोड़ लीला का सजीव वर्णन किया गया। पंचम दिवस के मुख्य यजमान हेमंत मिश्रा एवं प्रेम सिंह रघुवंशी रहे। आयोजन समिति के सर्वव्यवस्था प्रमुख सत्यनारायण बंसल द्वारा कथा पंडाल में पुरुष एवं महिलाओं को बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। समिति के सत्येंद्र कुमार पांडे राजीव तायल राम जी शर्मा संजय पांडे संजय श्रीवास्तव अजीत तिवारी अमितेश सिंह अमर सिंह रामदुलार सिंह एवं अन्य सदस्य व्यवस्था में लग रहे।

## युग बीतेंगे पर रफी को ना भूलेंगे: डॉ. केके परौहा

**रीवा।** रिदम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा अमर गायक मो. रफी के जन्म दिवस पर आयोजित 'स्वर महोत्सव' रिदम परिवार के फनकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से यादगार बना दिया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी स्व. उमा परौहा चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केके परौहा ने कहा, युग बीतेंगे पर रफी तुमको ना भूलेगा जमाना, जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से सबने स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने अपने अनोखे अंदाज में गाया पुकारता चला गीत को भरपूर वाह-वाही मिली। इसके साथ उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर अटलजी के अंदाज में अटलजी की कविताओं को आकर्षक अंदाज में पेश करके उनको भी दिल से याद किया। विशिष्ट अतिथि आचार्य कृष्टणकांत शास्त्री, अवधेश श्रीवास्तव, डॉ. आरती तिवारी,उमेश कुशवाहा संगीतज्ञ याकूब खान, गायिका रीति सरगम पांडे एवं समाज सेवी डॉ. सरोज सोनी सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। सुर महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक एवं रिदम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी ने बताया कि इस वर्ष फिल्मी गीतों के सफर के 95 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पहला फिल्मी गाना 1931 में आलम आरा फिल्म के लिये रिकॉर्ड किया गया था जिसमें दिनोंदिन निखार आया है। संचालन उपाध्यक्ष अवनीश शर्मा ने किया। व्यवस्था में सहयोग प्रचार सचिव श्याम गंगवानी, डीके सत्यार्थी, दिलीप ठारवानी एवं इंजी. राजेश श्रीवास्तव ने किया।

## सुरक्षा प्रभाग के अधिकारियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह

**रीवा।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा प्रभाग के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एआईजी (सहायक पुलिस महानिरीक्षक) राम खेलावन शुक्ल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह कुशवाह (बालाघाट), राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित सेवानिवृत्त निरीक्षक सतीश कुमार मिश्रा, राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित राष्ट्रीय स्काउट गाइड पंकज उपाध्याय, कृपा सागर बाजपेई (डीएसपी, नवीं बटालियन, रीवा) , (सेनि) एसडीओपी डॉ. कृपा शंकर मिश्रा और आदित्य प्रताप सिंह से नि पुलिस अधिकारी की विशिष्ट उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि राम खेलावन शुक्ल ने कहा कि सुरक्षा प्रभाग के अधिकारी समाज की रीढ़ हैं और उनके भीतर नैतिक मूल्यों एवं आत्मिक शक्ति का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा किए जा रहे आध्यात्मिक एवं नैतिक उत्थान के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित अधिकारियों सहित अन्य विशिष्ट अधिकारियों का सम्मान किया गया, जिससे पूरे वातावरण में गौरव, आत्मीयता और प्रेरणा का भाव व्याप्त हो गया।



## लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी की सामान्य बैठक सम्पन्न

**जागरण, वैढ़न।** जिला मुख्यालय स्थित होटल सत्या इंटरनेशनल बैढ़न के सभागार में लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी ने की। बैठक में अध्यक्ष द्वारा क्लब के आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई जिसमें शीत ऋतु को देखते हुए कंबल वितरण पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान तथा सदस्यों के लिए पारिवारिक पिकनिक आयोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। बैठक में क्लब सचिव विनम्र सिंह कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित एस.डी. सिंह सजन अग्रवाल कामतानाथ केसरवानी डॉ. डी.के. मिश्रा सुरेन्द्र कुमार गुप्ता जे.एन. श्रीवास्तव मोहन जायसवाल संजय ताम्रकार इम्तियाज अहमद पंकज शुक्ला जम्मू बेग प्रदीप अग्रवाल अजय गुप्ता ऋषभ अग्रवाल अजय सिंह नारायण दास गुप्ता बृजेश डब्बू सोनी एवं विवेक कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## भारत नाम के प्रचलन हेतु कुलगुरु डॉ.राजेंद्र कुड़रिया सम्मानित

### गुजरात विवि में किया गया सम्मान, देश भर की कई हस्तियां पहुंची



**जागरण, रीवा।** शिक्षा जगत में भारतीय चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और स्व.भाषा के गौरव को पुनर्स्थापित करने की दिशा में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.राजेंद्र कुड़रिया ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उनके इस अनुकरणीय योगदान के लिए उन्हें शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा सूरत में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला के अंतर्गत 'एक राष्ट्र, एक नाम भारत' सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तित्व की गरिमा का प्रतीक है, बल्कि भारतीयता-आधारित शिक्षा की दिशा में एक निर्णायक मील का पत्थर भी है। समारोह में देशभर के शीर्ष शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, प्रशासकों एवं चिंतकों की उपस्थिति में कुलगुरु डॉ.कुड़रिया को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर गुजरात के शिक्षा मंत्री डॉ.प्रद्युम्न वाजा, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ.अतुल कोठारी, प्रबंधन शिक्षा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.जयेन्द्र सिंह जाधव तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र संयोजक डॉ. अतुल सराफ के उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया। कुलगुरु डॉ. राजेंद्र कुड़रिया को यह सम्मान उनके उस प्रशासनिक एवं वैचारिक निर्णय के लिए प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत उन्होंने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक आदेशों, अधिसूचनाओं, कार्यालयीन पत्राचार, शासकीय अभिलेखों तथा दैनिक अकादमिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द के प्रयोग को औपचारिक रूप से लागू किया। यह राष्ट्रीय सम्मान रीवा और संपूर्ण मध्य प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह सिद्ध करता है कि यदि नेतृत्व में राष्ट्रबोध, प्रशासनिक संकल्प और वैचारिक स्पष्टता हो तो शिक्षा संस्थान सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सशक्त केंद्र बन सकते हैं। कुलगुरु डॉ.राजेंद्र कुड़रिया का यह योगदान आने वाले समय में देश के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए पथप्रदर्शक सिद्ध होगा और भारतीयता-आधारित शिक्षा के स्वप्न को साकार करने में मील का पत्थर बनेगा।

## बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सम्पन्न कराने के बाद चुनाव प्रचार में उतरे भाजपाई दिग्गज



**जागरण, वैढ़न।** वर्ष 25 के अंतिम रविवार को नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वें भाग का प्रसारण सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने हर बार की तरह इस बार भी जिले के समस्त बूथों पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिले के हर जन प्रतिनिधियों समेत बड़े नेता एवं सभी कार्यकर्ता निर्धारित बूथों पर उपस्थित रहे तथा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया एवं सीधा प्रसारण देखा। प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह विंध्यनगर मंडल के बूथ क्र. 176 पर उपस्थित रह मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया जहां मुख्य रूप से विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम सुमिरन गुप्ता वीरेंद्र गोयल प्रेमवती खैरवार निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह विंध्य नगर मंडल के के बूथ क्र.166 मे उपस्थित रह कर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा तथा विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह ने बैढ़न मंडल के बूथ क्र. 123 मे उपस्थित रह मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात समस्त नेताओं द्वारा वार्ड क्र.34 मे होने वाले उप चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन मे गहन जन सम्पर्क किया तथा घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मतदाताओं से आग्रह किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष समेत समस्त नेताओं ने मतदाताओं के बीच जाकर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे एवं भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का आग्रह किया।

## आरकेएस कंस्ट्रक्शन के चेयरमैन रामकृपाल सिंह के निधन पर शोक

**जागरण, सिंगरौली।** आरकेएस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन रामकृपाल सिंह का पटना के पारस हास्पिटल में रविवार की सुबह 6 बजे निधन हो गया। वे करीब 90 वर्ष के थे। स्वास्थ्य खराब होने पर पटना के एक हास्पिटल में उनका 18 दिन से इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेगूसराय जिले के रामदीरी में किया गया। वे अपने पीछे वे दो पुत्र सुधीर कुमार सिंह एवं रंजन सिंह व पुत्री मुन्नी देवी के साथ भरा पुरा परिवार छोड़ गये है। कंपनी के चेयरमैन राम कृपाल सिंह के निधन पर एनसीएल दुधीचुआ ओबी कैंप में शोक सभा आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजली दी गयी। दिवंगत आत्मा की शांति व इस दुःख की घड़ी परिवार जनो को सबल प्रदान करने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में बिनय कुमार सिंह राजेश कुमार साही रंजीत सिंह विजय भान सिंह जीतेन्द्र शर्मा उदयबीर सिंह राहुल सिंह श्याम मध बप्पी सहित कंपनी के सैकड़ो कर्मचारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी।



**नहीं रहे रामदीरी के पुत्र :** आरकेएस कंस्ट्रक्शन के संस्थापक एवं मालिक बेगूसराय जिले के रामदीरी राम नगर टोला जैसे साधारण ग्रामीण परिवेश में जन्मे राम कृपाल सिंह का जीवन इस धारणा को पूरी तरह तोड़ देता है कि बिना शिक्षा और पूंजी के बड़ा सपना नहीं देखा जा सकता। उनके पास कोई औपचारिक शिक्षा नहीं न कोई विरासत में मिला धन न कोई बड़ा संरक्षण। फिर भी उन्होंने अपने छोटे भाई वेदा सिंह और पार्टनर शर्मा के साथ मिलकर त्रै कंस्ट्रक्शन की नींव रखी। शुरुआत हुई स्थानीय कार्यों से फिर बरौनी रिफाइनरी जैसे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स और जिले के प्रमुख सिविल कांट्रेक्टर के रूप में पहचान बनी। राम कृपाल सिंह की विरासत को आगे बढ़ाया उनके छोटे पुत्र रंजन सिंह शिक्षा इंटर तक ने। अपने बड़े भाई सुधीर सिंह के साथ मिलकर उन्होंने फर्म को नई सोच नई कार्यशैली और नए भूगोल तक पहुँचाया। बिहार से बाहर निकलकर झारखंड में सफलता के झंडे गाड़े आज देश के कई हिस्सों में कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट्स सक्रिय हैं। परिणामस्वरूप एक साधारण ठेकेदारी फर्म आज हजारों करोड़ के कारोबार वाली कंपनी बन चुकी है और परिवार का नाम देश के अमीरों की सूची में 759 वें स्थान तक पहुँच चुका है।


**युवाओं के लिए सबसे बड़ा संदेश :** राम कृपाल सिंह और उनके परिवार की यात्रा उन युवाओं के लिए सीधा संदेश है जो कहते हैं कि मेरे पास डिग्री नहीं है मेरे पास पूंजी नहीं है मेरे पास अवसर नहीं है यह कहानी बताती है कि शिक्षा सहायक हो सकती है पर अनिवार्य नहीं पूंजी साधन है पर संकल्प से बड़ी नहीं और अवसर उन्हें मिलता है जो जोखिम उठाने का साहस रखते हैं। राम कृपाल सिंह केवल एक सफल उद्योगपति नहीं बल्कि श्रमए धैर्य और पीढ़ीगत दृष्टि की जीवित मिसाल हैं। उनका जीवन कहता है कि रोने से नहीं काम करने से इतिहास बनता है।

# अटैंचमेंट का खेल: वेतन रामनगर से कार्य कर रहे अमरपाटन में

## पीसीओ को लम्बे समय से किया गया है अटैच

जागरण सतना

एक तरफ शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी कर्मचारी को अटैच नही किया जायेगा। मगर जनपद पंचायत अमरपाटन में एक पीसीओ को लम्बे समय से अटैच किया गया है जिसके चलते उनके पदस्थापना वाले जनपद में कार्य प्रभावित हो रहे है। उक्त पीसीओ को अमरपाटन से मुक्त करने जहां पीसीओ संघ द्वारा जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखा गया है वही अजाक्स ने भी पत्र लिखकर पीसीओ को मुक्त करने की बात कही है। अब सवाल यह उठता है कि सन 2022 में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ द्वारा रामनगर जनपद में पदस्थ पीसीओ को अमरपाटन अटैच किया गया था उन्हें क्या अब मौजूदा जिला पंचायत सीईओ अमरपाटन से मुक्त करेगें।


कार्यालय जनपद पंचायत अमरपाटन जिला–सतना (म0प्र0)

आदेश

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपाटन जिला–सतना (म0प्र0)

### ये है मामला

बताया जाता है कि जनपद पंचायत रामनगर में पदस्थ पीसीओ उमेश कुमार गौतम को प्रभारी बीपीओ अमरपाटन बनाया गया था। लेकिन शासन के स्पष्ट निर्देशो के बाद भी उन्हें अभी तक अमरपाटन से मुक्त क्यों नहीं किया गया। यह बात अब जोर पकड़ने लगी है। इस अटैच मेंट के बाद सन 2022 में पदस्थ रहे जनपद सीईओ द्वारा एक आदेश जारी कर पंचायत समन्वय अधिकारी रामानंद सूर्यवंशी के अतिरिक्त प्रभार खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत अमरपाटन का सम्पूर्ण प्रभार पीसीओ उमेश कुमार गौतम को सौंप दिया गया था।

### जिला पंचायत सीईओ ने कहा था कि रामनगर से मिलेगा वेतन

तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने उमेश कुमार गौतम को रामनगर से अमरपाटन जनपद अटैच करने के आदेश जारी किये थे जिसमें उन्होने कहा था उमेश कुमार गौतम का वेतन एवं भत्तो का भुगतान पूर्ववत जनपद पंचायत रामनगर से ही होगा।

# नवीन मान्यता नवीनीकरण के आवेदन 31 तक

**जागरण सतना।** जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026–27 के लिए प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता, नवीनीकरण मान्यता आवेदन 4 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ हो गई है। ऐसे समस्त प्राइवेट स्कूल जिनकी मान्यता अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है। वे आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल संचालन के लिए मान्यता नवीनीकरण का आवेदन कर सकेंगे। यदि कोई रजिस्ट्रीकृत संस्था आगामी शैक्षणिक सत्र में नवीन अशासकीय स्कूल संचालन करना चाहती है वे सभी निर्धारित प्रक्रिया अनुसार मान्यता आवेदन कर सकते हैं। ऐसी अशासकीय शालाएं जो सत्र 2025–26 में मान्यता का नवीनीकरण किन्हीं कारणों से मान्यता का नवीन/नवीनीकरण आवेदन नहीं कर पाये थे। अब वे मान्यता का नवीन/नवीनीकरण आवेदन विलंब शुल्क के साथ मान्यता नवीनीकरण का आवेदन कर सकते हैं। मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। इस तिथि के पश्चात कोई भी अशासकीय स्कूल बिना मान्यता के संचालित नहीं होगा।

# आखिर सेंट्रल किचन पर क्यों नहीं होती कार्यवाही

## आये दिन गुणवत्ता विहीन भोजन देने का सामने आता है मामला



**जागरण सतना।** लम्बे अर्से से सतना और मैहर जिले के शहरी क्षेत्रों में मध्यान भोजन का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह के सेंट्रल किचन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती इस बात को लेकर लोगों में चर्चा बनी रहती है। क्योंकि आये दिन किसी न किसी क्षेत्र में बच्चों को गुणवत्ता विहीन भोजन देने की शिकायत सामने आ जाती है लेकिन इसके बाद भी कार्यवाही नहीं की जाती। इसके पीछे की क्या वजह है यह तो विभागीय अधिकारी ही जाने।

### जैतवारा स्कूल में बच्चो को मिले थे कीड़े

जानकारी के मुताबिक विगत दिनों जैतवारा नगर परिषद के अंतर्गत संचालित एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को घटिया स्तर का कीड़े युक्त मध्यान भोजन उपलब्ध कराया गया जिसे बच्चों ने फेंक दिया था। इस मामले को लेकर डीपीसी द्वारा जांच भी कराई गई जिसमें मामला सही पाया गया। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेज दिया गया है कार्यवाही अब जिला पंचायत को करनी है।

### कहां होती है मॉनिटरिंग

मध्यान भोजन की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए जिला पंचायत में विशेष तौर पर एमडीएम की टीम बैठी हुई है जिसमें क्वालिटी मॉनिटर सहित कई लोग पदस्थ है। मगर जिस तरह की शिकायतें आती हैं। उसको देखते हुये मॉनिटरिंग पर सवाल जरूर उठ रहे हैं। मध्यान भोजन प्रभारी द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है। जैतवारा मामले में एमडीएम प्रभारी ने कहा कि उन्हें डीपीसी से अभी तक कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ। अब हैरानी इस बात की है कि डीपीसी कह रहे हैं कि उन्होंने प्रतिवेदन जिला पंचायत भेज दिया है मगर जिला पंचायत की एमडीएम प्रभारी को अभी तक प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ।



मध्यान भोजन का संचालन सही तरीके से नहीं किया जा रहा। आये दिन शिकायतें आती है मगर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होती। सेंट्रल किचन की लगातार शिकायते आती रही है। फिर भी कार्यवाही नहीं हुई। आखिर एक ही समूह को वर्षो से सेंट्रल किचन संचालन का कार्य क्यों दिया जा रहा है। उसे बदला जाना चाहिए। यही हाल ग्रामीण समूहो का भी है। लम्बे समय से काम कर रहे समूहो को बदलकर नये लोगो को मौका देना चाहिए।

**संजय सिंह कछवाह**
**सदस्य जिला पंचायत**

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की हुई मौत



**उचेहरा।** रामपथ गवन मार्ग के पथरहटा मोड़ में हार्दिक ढाबा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से करहीकला निवासी 32 वर्षीय ज्ञान सिंह पिता लालबहादुर सिंह पटेल घायल हो गये हासिल जानकारी अनुसार बीती दरमियानी रात्रि मैंहर से घर आ रहे थे तभी अनियंत्रित अज्ञात वाहन की हार्दिक ढाबा के पास ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल युवक को पहले जिला अस्पताल फिर रीवा और हालत बिगड़ने पर रीवा से जबलपुर रेफर किया गया इसी दरमियान रास्ते मे मौत हो गई। उचेहरा पुलिस घटना के कारणों की विवेचना कर रही है। इस ह्रदय विदारक हुई घटना की जसनकारी लगते ही समूचे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# गरिमा कॉन्वेंट स्कूल में तरंग का भव्य आयोजन

**जागरण, सतना।** शहर के गरिमा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह तरंग 2025 का भव्य और आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्सव उमंग और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर नजर आया। समारोह में विद्यार्थियों ने संगीत नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कियाए जिसे उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना संसदीय क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह रहे।

**शिक्षा ही पूर्ण जीवन की आधारशिला: गणेश सिंह :** समारोह को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जिसका जितना भी विस्तार किया जाए वह कम है। किसी भी नागरिक के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। जो व्यक्ति पढ़.लिख नहीं पाताए उसका जीवन अधूरा रह जाता है। आज जब दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही हैए ऐसे समय में वही बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि चाहे सरकारी विद्यालय हों या निजी स्कूलए सभी का लक्ष्य एक ही है कि समाज के हर वर्ग तक अच्छी शिक्षा पहुंचे। उन्होंने भारत के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को प्राचीन काल में विश्वगुरु कहा जाता था। हमारे महर्षियों संतों और विद्वानों ने संस्कारयुक्त शिक्षा की परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने



यह भी कहा कि लंबे समय तक देश में गुलामी के दौर की शिक्षा नीति चली लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति की आवश्यकता को समझा गया। वर्ष 2020 में कोविड जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद देश के विद्वानों ने नई शिक्षा नीति देकर भविष्य की दिशा तय कीए यह गर्व की बात है।

**ये रहे मौजूद :** वार्षिक समारोह के दौरान विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और आत्मविश्वास का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह, संजय तीर्थवानी, उमेश प्रताप सिंह लाला, गेंदलाल पटेल, सुनील यादव, एचएल पटेल, कृष्णावती पटेल, रीतू तिवारी, अनीता सिंह, बृजभान सिंह,विकास संगतानी, कल्याण सिंह, आरके दीक्षित, गौरव पटेल, सौरभ पटेल, शाही कुमार शुक्ला, रतन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का समापन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में हुआ।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस



**जागरण सतना।** कांग्रेस के 141 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक तोषण सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपाल सिंह वयोवृद्ध कांग्रेसी लल्ला प्रसाद द्विवेदी शिवपूर्वा शत्रुंजय प्रताप सिंह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रमेश शर्मा, उर्मिला सिंह, पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ पांडेय का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। कांग्रेस नेता रोहित कांत सिंह ने इस अवसर पर संघठन की मजबूती पर ध्यान देने एवं आगामी चुनाव में पार्टी को जीतने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार रोहित कांत सिंह मंजुल त्रिपाठी के के कुशवाहा रमेश सिंह परिहार अरुणेश सिंह कैलाश द्विवेदी नागेंद्र द्विवेदी रवि द्विवेदी केदार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# किसान जन आंदोलन यात्रा 6 से, कोठी से होगी शुरूआत

## जिलाध्यक्ष ने बैठक लेकर बनाई रणनीति



**जागरण, सतना।** किसान कांग्रेस कमेंटी के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने जिला कमेंटी एवं ब्लॉक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेंटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार व मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आव्हान पर आगामी 5 जनवरी से मध्यप्रदेश के समस्त जिलों मे किसान जन आन्दोलन यात्रा निकाली जानी है यात्रा को लेकर रविवार को सर्किट हाउस मे किसान कांग्रेस संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे प्रमुख रूप से यात्रा का रोडमैप बनाया गया साथ ही निर्णय लिया गया कि किसान जन आन्दोलन यात्रा की शुरुआत रैगांव विधानसभा के कोठी ब्लाक से 6 जनवरी से की जायेगी बैठक में विधानसभा बार यात्रा प्रभारी बनाए गए रैगांव विधान सभा प्रभारी उमेश सिंह बघेल अशोक शर्मा नागौद विधान सभा प्रभारी विजय सिंह परिहार, विज्ञान सिंह रामपुर बाघेलान विधान सभा प्रभारी सतेद्र सिंह परिहार डब्बू हनुमान सिंह तिवारी चित्रकूट बिधान सभा प्रभारी रामनरेश तिवारी रामस्वरूप पाल सतना बिधानसभा प्रभारी कृष्णेद्र सिंह रामकुमार बिस्वकर्मा किसान कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने यात्रा का प्रमुख उद्देश्य बताया।

### नकली खाद बीज बेचने वालो पर हो कठोर कार्यवाही: संतोष पाण्डेय

किसानों को गेहूं की एमएसपी 4000 प्रति क्विंटल धान की एमएसपी 4000 रु प्रति क्विंटल, सोयाबीन की एमएसपी 6000 रु प्रति क्विंटल मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी प्याज. आलू. टमाटर–लहसुन का न्यूनतम समर्थन दाम तय हो नकली बीज व खाद बेचने वालो पर कठोर और सख्त कानून बने खाद पर्याप्त मात्रा मे और समय पर उपलब्ध हो भूमि अधिग्रहण कानून मे बाजार मूल्य का 4 गुना मुवाजा मिले लैड पूलिंग एक्ट समाप्त किया जाए बैठक मे आज कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के सचिव राजभान सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की काग्रेस पार्टी एक पार्टी ही नही एक बिचार धारा है जो 140 साल पहले शुरू हुई और यही से आजादी की चेतना जगी यही से सत्य अहिंसा और बलिदान की राजनीत ने आकार लिया महात्मा गांधी का नेतृत्व नेहरू पटेल आजाद बोस जैसे असंख्य सेनानियों का त्याग और लाखो गुमनाम कार्यकर्ताओ का संघर्ष इसी कांग्रेस ने आजादी की नीव रखी हमारी जिम्मेदारी है लोकतंत्र और संविधान बचाने की।

### ये रहे मौजूद

बैठक मे प्रमुख रूप से सतेद्र सिंह परिहार बिजय सिंह परिहार रामस्वरूप पाल अदित्य सिंह उमेश सिंह बघेल अशोक शर्मा हनुमान सिंह तिवारी साबिर खान रामकुमार बिस्वकर्म आर बी पाण्डेय कृष्णेद्र सिंह बृजेश गर्ग सोनू अजय सिंह संजू मुरलीधर लोधी मृगेद्र सिंह मंटू रूपेश बागरी अजय सिंह बंटू बिजय यादव उजियार सिंह गोंड़ महेंद्र सिंह सिगरौल प्रदीप गौतम नीलेन्द्र दुबेदी धर्मेंद्र सिंह परिहार चोरहटा पुष्पेद्र सिंह सद्धधू बिज्ञान सिंह तरूनेद्र सिंह राजू राकेश शुकला अदित्य नारायण पाण्डेय सूर्यबली त्रिपाठी स्वतंत्र मिश्रा सतेद्र गर्ग अस्सू नरेंद्र रैकवार सोनू धर्मेंद्र सिंह मल्लू उमाशंकर पाण्डेय सोमेश मिश्रा रामकृष्ण शर्मा संजू जागेद्र प्रताप सिंह बाबूलाल बिस्वकर्मा अरुण सिंह गहरवार दिनेश बिस्वकर्मा रामनाथ बर्मा आदि शैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण

## कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगा मतदान

**जागरण सतना।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप निर्वाचन के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगा। सचिन राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जायेगी।

# ग्रामोदय में भारतीय भाषा व्याख्यान 30 को

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ए भारतीय भाषा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय भाषा परिवार विषयक व्याख्यान 30 दिसंबर 2025 को आयोजित होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रो ललित कुमार सिंहएविभागाध्यक्ष हिंदी ने बताया कि कुलगुरु प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज के प्रो योगेंद्र प्रताप सिंह मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर भारतीय भाषा परिवार शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन एवं इन पुस्तकों की विषय सामग्री पर व्याख्यान . परिचर्चा आयोजित होगी। कि भारत सरकार द्वारा अपनी मातृभाषा के साथ.साथ एक और भारतीय भाषा को पढ़ने एवं पढ़ाने के निर्णय के क्रियान्वयन में भारतीय भाषा परिवार की यह पुस्तक हैं।

# उत्साह के साथ बूथ स्तर पर सब ने सुना मन की बात



**जागरण सतना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस क्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक ने बूथ क्रमांक 238 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय एवं सांसद गणेश सिंह ने रविवार को बूथ क्रमांक 228 में स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। नेताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ष्मन की बातष् देशवासियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ.साथ राष्ट्र निर्माणए सामाजिक दायित्वों और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम नागरिकों को देश के विकास से जोडने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। बूथ स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को गंभीरता से सुना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पश्चात सांसद गणेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर.घर तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि आमजन को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के माध्यम से भाजपा समाज के हर वर्ग से जुडक़र राष्ट्र सेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद्र दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:– मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com